वर्ष-31, अंक- 297, पृष्ठ-12 | भाद्रपद कृष्णा पक्ष 04, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
13 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12



## एक नजर

### ईडी ने सहारा समूह के नौ ठिकानों पर की छापेमारी

**कोलकाता (आईएएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल कार्यालय ने 11 अगस्त को सहारा समूह के खिलाफ मनी लांड्रिंग मामले में कार्रवाई की। ईडी ने गाजियाबाद, लखनऊ, श्रीगंगानगर और मुंबई में कुल 9 ठिकानों पर छापेमारी की। ये ठिकाने सहारा समूह से जुड़ी विभिन्न जमीन और शेयर लेन-देन से संबंधित संस्थाओं के थे। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू की। इसकी शुरुआत ओडिशा, बिहार और राजस्थान पुलिस की ओर से दर्ज तीन एफआईआर के आधार पर हुई थी। ये एफआईआर हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एचआईसीसीएसएल) और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 120बी के तहत दर्ज की गई थीं।

### जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लोस में स्वीकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** देश के न्यायिक इतिहास में दुर्लभ और संवैधानिक रूप से महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत, मंगलवार को लोकसभा ने औपचारिक रूप से इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पढ़कर सुनाया। इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद 124(4), 217 और 218 के तहत उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही का रास्ता साफ हो गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में बताया कि उन्हें 31 जुलाई 2025 को यह प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, जिस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता सहित कुल 146 लोकसभा सदस्यों और 63 राज्यसभा सदस्यों के हस्ताक्षर हैं।

## एसएलबीसी की 92वीं बैठक में गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना को सशक्त बनाने के निर्देश

- झारखंड का ऋण–जमा अनुपात 51.32% पर, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 92वीं बैठक में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड का ऋण–जमा अनुपात लगातार बेहतर हो रहा है और जून 2025 तिमाही में यह 51.32% तक पहुँच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.54% अधिक है। उन्होंने इसे राज्य की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक संकेत बताया और वार्षिक ऋण योजना 2024-25 की उपलब्धियों की सराहना की। मंत्री ने बैंकों को केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के तहत वित्तपोषण बढ़ाने तथा समाज के कमजोर व वंचित वर्गों तक ऋण और वित्तीय सेवाएं पहुँचाने पर जोर दिया। उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि आवश्यकता होने पर सरकार हर संभव सहयोग करेगी। बैठक में सीएसआर फंड के सही उपयोग पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि यह राशि केवल महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, ग्रामीण विकास, जल संग्रहण, आपदा राहत, पुनर्वास और कला-संरक्षण जैसे केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्रों में ही खर्च होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ बैंकों ने फंड का उपयोग इन उद्देश्यों से हटकर किया है, जो उचित नहीं है। बैठक में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक **शेष पेज 11 पर...**

## केंद्रीय रेल मंत्री से मिले पलामू सांसद वीडी राम

- गया-डालटनगंज नई रेलवे लाइन परियोजना पर जल्द काम हो

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में रेल मंत्री भारत सरकार, अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो लंबित महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं क्रमशः बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर एवं गया-रफीगंज इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन से संबंधित विस्तृत चर्चा कर ज्ञापन सौंपा।

संसद ने कहा कि वर्ष 2014 से ही दोनों महत्वपूर्ण लंबित रेल परियोजनाओं को पूर्ण कराने हेतु प्रयासरत हूं। पलामू संसदीय क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर नई रेलवे लाइन का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय। यह महत्वपूर्ण परियोजना झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी। गया-रफीगंज इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन परियोजना का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय। यह परियोजना स्वीकृत है लेकिन कम प्राथमिकता के कारण रुकी हुई है। इन दोनों रेल परियोजनाओं को पूर्ण होने से न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि झारखंड छत्तीसगढ़ एवं बिहार राज्यों के संबंधित **शेष पेज 11 पर...**

### बड़कागांव में कोल ब्लॉक के लिए जनसुनवाई के दौरान हिंसा

# एनटीपीसी बादम के जीएम समेत कई लोग हुए घायल

- प्रदर्शनकारियों ने एनटीपीसी के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों पर बोल दिया हमला
- करीब 15 सरकारी और पुलिस वाहनों में की गई तोड़फोड़, ग्रामीण भी हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

- जनसुनवाई का स्थल बदलने से ग्रामीण करने लगे प्रदर्शन, नोकझोंक झड़प में बदल गई



**हजारीबाग।** हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड में मंगलवार को नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) को आवंटित बादाम कोल ब्लॉक को चालू करने के पहले आयोजित जनसुनवाई के दौरान हिंसा भड़क गई। इसमें एनटीपीसी बादम के जीएम एके सक्सेना समेत कई अधिकारी और पुलिसकर्मी घायल हो गए। बताया गया कि करीब 15 से 20 लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव है। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। पुलिस ने हिंसा में शामिल लोगों की पहचान शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बादम कोल ब्लॉक को चालू करने के पहले बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में एनटीपीसी, आउटसोर्सिंग के आधार पर काम करने वाली बीजीआर कंपनी और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जनसुनवाई का कार्यक्रम तय किया गया था। इसमें रैयतों से भाग लेने की अपील की गई थी। अचानक जनसुनवाई का स्थल महुगांई कला स्थानांतरित कर दिया गया। इस फैसले से नाराज ग्रामीणों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद वे बड़ी संख्या में महुंगाई कला पहुंचे। यहां पुलिस और प्रशासन के साथ उनकी तीखी नोकझोंक हुई, जो देखते-देखते झड़प में बदल गई। प्रदर्शनकारियों ने एनटीपीसी बादम के जीएम एके सक्सेना समेत कई अधिकारियों और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। कम से कम 10 ग्रामीण भी घायल हुए। हिंसा के दौरान करीब 15 सरकारी और पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की गई। भीड़ को काबू करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में बदल दिया गया है। ज्ञात हो कि इस इलाके में कई अवैध कोयला खदानें, चिमनी भट्टी आदि संचालित हैं। इस कारण भी ग्रामीण परियोजनाओं का विरोध करते हैं। अवैध बालू खनन के लिए भी यह इलाका चर्चित रहा है।

### अधिकारियों को बंधक बनाया, मारपीट भी की

प्रदर्शनकारियों ने काफी देर तक अधिकारियों को बंधक बनाए रखा और मारपीट की। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद प्रशासन ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## अखिलेश यादव पहुंचे नेमरा, दिशोम गुरु को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



- उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने सीएम सोरेन की मां रूपी सोरेन से की आत्मीय भेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद अखिलेश यादव मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन, विधायक बसंत सोरेन सहित अन्य परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की तथा उनका ढांढ़स बंधाया।

अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की माता रूपी सोरेन से आत्मीय भेंट की। वे रूपी सोरेन से बात करते हुए भावुक हो गए। मौके पर अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री की माता रूपी सोरेन से कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरे झारखंड के लोग आपके साथ हैं। आपका संबल ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शक्ति प्रदान करेगा।

दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अपना जीवन के एक-एक पल को आदिवासी, दलित, शोषित, पीड़ित एवं वंचित समुदायों के कल्याण में लगा दिया। 'गुरुजी' के जीवन से हम सभी को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। दिशोम गुरु शिबू सोरेन भले ही आज हम सभी के बीच नहीं हैं, लेकिन उनके संघर्ष, आदर्श एवं व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। 'गुरुजी' एक प्रभावशाली जननेता के रूप में युग-युग तक याद किए जाएंगे, जिन्होंने समाज को एक नई दिशा दी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




## लापुंग थाना प्रभारी व बेड़ो थाना पर हमला मामले में पांच गिरफ्तार

- शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**





**बेड़ो।** पुलिस ने लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव पर ग्राम कोयनारा में हुए हमले के मामले में मंगलवार को पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। कांड के शेष बचे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मामला बेड़ो थाना पथराव कांड और लापुंग थाना कांड संख्या 16/25 से जुड़ा हुआ है। यह कार्रवाई रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के आदेश पर बेड़ो के पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम के नेतृत्व में बेड़ो, लापुंग, नरकोपी एवं इटकी थाने के पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बलों ने संयुक्त रूप से की है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उनलोगों को जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ में बेड़ो के डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि बेड़ो थाना पर हुए पथराव एवं तोड़फोड़ सहित सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा लापुंग थाना क्षेत्र के **शेष पेज 11 पर...**

## भारत रिसर्च के क्षेत्र में कर रहा अरबों डॉलर का निवेश : पीएम

- प्रधानमंत्री मोदी ने खगोल विज्ञान पर 18वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड को किया संबोधित



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने परंपरा और इनोवेशन के संगम को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत रिसर्च के क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश कर रहा है। उन्होंने भारत के ऐतिहासिक योगदान को याद किया। 18वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 64 देशों के 300 से ज्यादा सितारों से जुड़ना मेरे लिए खुशी की बात है। भारत एक ऐसा देश है, जहां परंपरा और नवाचार साथ चलते हैं, जहां आध्यात्म और विज्ञान मिलते हैं और जहां जिज्ञासा रचनात्मकता से मिलती है। भारत सदियों से आकाश का अध्ययन करता रहा है और बड़े सवालों के जवाब तलाशता रहा है। पीएम मोदी ने 5वीं शताब्दी के गणितज्ञ और खगोलशास्त्री आर्यभट्ट के काम का उल्लेख करते हुए कहा, उदाहरण के लिए, 5वीं शताब्दी में आर्यभट्ट ने 'शून्य' की खोज की थी।

**शेष पेज 11 पर...**

## इंडिया | टैरिफ युद्ध से सीख लेकर विकसित भारत की ओर बढ़ने का समय


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

एक साल भी नहीं पूरा हुआ और ट्रंप सोशल मीडिया पर तिरस्कार और मीम्स का विषय बन गए हैं। सिर्फ भारतीय ही नहीं, प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा 24 देशों में किए गए सर्वेक्षण में 19 देशों के आधे से अधिक वयस्कों को वैश्विक मामलों में ट्रंप के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ थोपने को विदेश मंत्रालय ने 'अनुचित, अकारण और तर्कहीन कार्रवाई' बताया है। ट्रंप ने भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताया, जिस पर राहुल गांधी ने भी सहमति जताई। वह सरकार और राष्ट्र की आलोचना के बीच अंतर करने में विफल रहे। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इसका भविष्य भारतीयों द्वारा तय किया जाएगा। भारत के बारे में ट्रंप की टिप्पणी को उनकी हताशा मानना चाहिए।ट्रंप ने भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद को और अधिक दंड का कारण बताया। ऊर्जा सूचना एजेंसी ने खुलासा किया है कि अमेरिका हाल तक रूस से यूरेनियम आयात करता था, और उसकी कंपनियां 2028 तक छूट मांग सकती हैं। यूरोपीय संघ की संसद की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि रूस से गैस आयात 2027 के अंत तक जारी रहेगा। हाल ही में नाटो प्रमुख मार्क रूट ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी। विडंबना यह है कि उनके देश, नीदरलैंड ने रूसी यूरेनियम का आयात किया है। बताया गया है कि रूसी कंपनी रोसाटॉम नीदरलैंड के जरिये यूरेनियम से होने वाले मुनाफे का प्रबंधन करती है। अमेरिका चाहता है कि भारत अमेरिकी शर्तों को ज्यों का त्यों स्वीकार कर ले वह सोया और मक्का के साथ-साथ अन्य आनुवंशिक रूप से संशोधित उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, जो भारत के लिए आत्मघाती हो सकता है। आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों से संबंधित मामले सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत अमेरिकी डेयरी उत्पादों को मंजूरी दे जो भारतीय किसानों के लिए एक खतरा है और अमेरिकी डेयरी उद्योग द्वारा पशु आहार के रूप में मांस, मुर्गी और मछली के अर्क सहित पशु प्रोटीन का उपयोग सामाजिक-सांस्कृतिक विवाद को जन्म दे सकता है। कुछ लोग कहते हैं कि यह 'मात्र एक छोटी-सी चूक' है, जिससे




जीडीपी में मुश्किल से 0.2 प्रतिशत की कमी आएगी; और कुछ लोग इसे संभावित संकट मानते हैं। सच्चाई इन दोनों के बीच है। इसका आकलन करते समय लोग जो आम गलती करते हैं, वह यह है कि वे तत्काल प्रभाव को ज्यादा और दीर्घकालिक प्रभावों को कम आंकते हैं। आपूर्ति शृंखला में छोटे उद्यमों और आभूषण एवं परिधान जैसे श्रम-प्रधान निर्यात क्षेत्रों पर टैरिफ के प्रभाव को कम करके नहीं आंका जा सकता। विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारत का मुख्य उद्देश्य चीन+1 सिद्धांत था। यह मूलतः चीन से आपूर्ति प्राप्त करने वाली वैश्विक कंपनियों के भारत आने की आशा है। टैरिफ का यह झटका कुछ सबक भी सिखाता है। भारत में आखिरी बड़ा सुधार 1991 में व्यापार उदारीकरण और लाइसेंस राज का खात्मा था। तब से, भारत का राजनीतिक वर्ग कृषि, श्रम कानूनों और नियमों जैसे सुधारों के लिए मजबूत आम सहमति की तलाश कर रहा है पर राजनीति बाधा बन रही है । घरेलू बाजार में खरीदारी करने के लिए प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की आवश्यकता है। चीन इसलिए टैरिफ के झटके को पीछे धकेलने में कामयाब रहा है, क्योंकि उसने कृषि, शिक्षा, ऊर्जा और निवेश में सुधारों के जरिये विकास को गति दी है। इससे उसे बैटरियों से लेकर दुर्लभ खनिजों और वस्तुओं तथा अन्य कई उत्पादों तक अमेरिकी अर्थव्यवस्था की निर्भरता का फायदा उठाने में मदद मिलती है। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को इस तरह पुनर्गठित करने की जरूरत है कि ऐसी निर्भरताएं पैदा हों, जिनका लाभ उच्च भू-राजनीतिक मंच पर उठाया जा सके।

## पालकोट में भीषण सड़क हादसा, 3 युवकों की मौत

- नाथपुर पंचायत के बनटोली गांव के समीप डिवाइडर से टकरा गई थी बाइक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट में मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में नाथपुर पंचायत के लौवकेरा गांव निवासी विजय सिंह के 25 वर्षीय पुत्र संदीप सिंह और नाथपुर खासटोला के लखन उरांव के पुत्र बिरसा उरांव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लाउकेरा गांव निवासी रामजतन सिंह के पुत्र बंटी सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक पालकोट प्रखंड मुख्यालय के साप्ताहिक बाजार से एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान नाथपुर पंचायत के बनटोली गांव के समीप उनकी मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में तीनों घायल हो गए। बताया जाता है कि दो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, जबकि एक युवक की मौत अस्पताल में हुई।

घटना की सूचना मिलते ही पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

### हैदरनगर में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन

# किसानों को उन्नत खेती की जानकारी रखना जरुरी : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों को उपयुक्त और उन्नत खरीफ फसल बेहतर उपज कर उत्पादन के लिए तकनीक प्रयोग को सुनिश्चित करने का कई तरीका बताया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकार राजेंद्र सिंह ने उपस्थित किसान मित्रों से कहा कि खरीफ फसल, जैसे उन्नत बीज, मिट्टी की उर्वरता, कीट प्रबंधन और फसल रोगों से बचाव के बारे मे विस्तृत जानकारी रखने की जरूरत है। इससे उन्हें खेती कार्य में सुविधा और व्यर्थ पैसों के व्यय की क्षति से बचा जा सकेगा। समस्याओं को लेकर उन्होंने कई तरह की जानकारी किसानों और किसान मित्रों से साझा की है। प्रखंड आपूर्ति पदाधकारी अमरेश कुमार ने कहा कि यह खरीफ कर्मशाला किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। बशर्तें कि उन्हें प्राप्त जानकारी का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। इससे किसान विभिन्न फसलों की उपज बढ़ाने में भी सक्षम होंगे। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक परवीन जहां, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि शमीम खान, किसान मित्र सह पैक्स अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार सिंह, राम सुंदर मेहता, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेमतोष कुमार सिंह के अलावा अन्य कई पंचायत के प्रतिनिधि शामिल थे।

### हुसैनाबाद में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन



**हुसैनाबाद।** मंगलवार को हुसैनाबाद एग्री क्लिनिक सेंटर में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। कर्मशाला का आयोजन कृषि विभाग के बीटीएम जयगोविंद यादव के द्वारा आयोजित की गई। जिसमें किसान मित्र,पैक्स अध्यक्ष, पंचायत प्रतिनिधि एवं किसानों ने भाग लिया। कर्मशाला में बीटीएम जयगोविंद यादव के द्वारा कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही सभी तरह की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जैसे टपक प्रणाली सिंचाई योजना, पीएम कुसुम योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, स्वास्थ्य हेल्थ कार्ड योजना, केसीसी ऋण माफी योजना आदि शामिल है। वहीं हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह किसान मित्र संघ के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि खरीफ फसल कर्मशाला के आयोजन होने से किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी एवं नई तकनीक की जानकारी मिलती है। जिससे किसानों को फसल का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलती है। मौके पर एचडीएफसी बीमा कंपनी के प्रखंड कॉर्डिनेटर गौतम कुमार ने कहा कि सभी किसान अपने फसल का बीमा करा लें। कंपनी के द्वारा किसानों को भरपूर सहयोग मिलेगा। पौधा संरक्षण विभाग के प्रखंड स्तर के वैज्ञानिक वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि किसानों के फसल या पेड़ पौधा में जो बीमारी हो हमे बताएं, हम निरीक्षण कर समाधान करने का प्रयास करेंगे। क्रमशाला में मुख्य रूप से एग्री क्लिनिक सेंटर में कार्यरत चौबे, विकास कुमार सिंह, अभिषेक कुमार,पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, सुजीत मेहता, किसान मित्र सुदर्शन सिंह, सुनील पाठक, राजकुमार यादव, नागेंद्र सिंह, कन्हाई राम, अजय सिंह, संतोष चौहान, सुनील सिंह, अविनाश कुमार, मदन गुप्ता, धनंजय कुमार, सुदामा यादव, जितेंद्र यादव, किसान लालू यादव, बिमला देवी, गुडु रजक, रमेश कुमार, प्रमोद राम सहित कई किसान मौजूद थे।

### पंचायत उन्नति सूचकांक को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला, बीडीओ ने कहा-

# पंचायत को बेहतर बनाने में मुखिया की अग्रिम भूमिका



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पंचायती राज विभाग की पहल पर एकदिनी पंचायत उन्नति सूचकांक (पाई) विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा व पंचायत प्रतिनिधियों समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मास्टर ट्रेनर अनूप कुमार ने पंचायत स्तर पर गरीबी मुक्त व बेहतर आजीविका, स्वस्थ्य पंचायत, बाल अनुकूल पंचायत, जल प्राप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत समेत अन्य विषयों पर सरकार के सभी विकास कार्य व योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। इस मौके पर पंचायतवार आंकड़े भी दिये। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत के मुखिया व उनके कर्मियों को सम्मानित किया गया। बीडीओ श्री वर्मा ने कहा कि पंचायत स्तर पर सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने व उनकी निगरानी की जिम्मेवारी मुखिया पर होती है। पंचायत को बेहतर बनाने में सबसे अग्रिम भूमिका पंचायत के मुखिया व उनकी टीम की होती है। यहीं से बदलाव शुरू होता है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि गांव का विकास पंचायत स्तर के बेहतर कार्यों से ही संभव है। मौके पर एमओ मनोज कुमार, मुखिया विनोद सिंह उर्फ लाल सिंह, अमरेंद्र ठाकुर, अशोक चौधरी, सरिता कुमारी, ममता कुमारी, श्रवण राम, नरेश पासवान, आत्मेश सिंह, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन समेत कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि व प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

# कुलाधिपति ने फलेरिया दवा खाकर बच्चों को किया प्रेरित



● **आरसीआईटी कैंपस में लगा फलेरिया कैंप**

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर सीएचसी द्वारा नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी परिसर में मंगलवार को फलेरिया का कैंप लगाया गया। कैंप का उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने खुद भी आईडीए का दवा खाकर छात्र छात्राओं को दवा खाने के लिये प्रेरित किया। डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि फलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी से बचने के लिए हर हाल में नियमित दवा का सेवन करना होगा। कैंप में आरसीयू के लगभग सभी छात्र-छात्राओं ने दवा का सेवन किया। मौके पर इदरीस हवाई, इसरार हवारी, बबन राम, सुनील कुमार चौधरी, विजय कुमार रवि, दामोदर यादव, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### रेलवे के 3 टनल पर्यटकीय आकर्षण का केंद्र बना

# भीम नामकरण करने की मांग उठी



**शंभू चौरसिया**

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के समीप के 3 रेलवे टनल को पर्यटकीय आकर्षण के केंद्र के रूप में देखा जाने लगा है। यूं कहा जाए कि तीनों झारखंड राज्य के आगमन और प्रस्थान के द्वार बन गए हैं,तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। पर्यटक स्थल के गाइड सह पूजारी पंडित गंगा तिवारी का कहना कि भीमचूल्हा आए सैलानियों के लिए आकर्षण के अतिरिक्त केंद्र के रूप में इनकी पहचान बन गई है। इनके आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य और ट्रेनों की आवाजाही को दक्षिण दिशा में कादल गांव के पास टर्न लेते हुए देखना अद्भुत लगता है। खासकर, यात्री ट्रेन पर सवार होकर खिड़कियों से दृश्यावलोकन अलग ही अनुभूति प्रदान करती है। अव्वल, तो थर्ड लाइन के टनल को पर्यटकीय आकर्षण के केंद्र के रूप में उसकी दीवारों पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और बाघ की तस्वीर हुनर की कूंची से उकेर दिए गए हैं। जो बरबस ही किसी का ध्यान आकर्षित करते हैं। इससे झारखंडी संस्कृति व रंग-रूप जीवंत हो उठी है। इसी वजह से इन टनल को पर्यटकीय आकर्षण केंद्र के साथ ही झारखंड आगमन व प्रस्थान के द्वार के रूप में जाना जाने लगा है। इसे देखते हुए दिसंबर माह में आकांक्षी जिला के रूप में चिन्हित होने के कारण इस क्षेत्र में रेलवे के विकास कार्यों का निरीक्षण करने आए केंद्रीय सूचना, प्रसारण संसदीय कार्य राज्य मंत्री डा. एल मुरुगन को ज्ञापन सौंपकर भीम टनल नामकरण करने की मांग की गई थी। जिसके पूरी हो जाने से पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत मोहम्मदगंज-सतबहिनी स्टेशनों के बीच निर्मित तीन सुरंगों की विशेष पहचान बन जाएगी।

# हैदरनगर में हर घर मनेगा स्वच्छता के स्वतंत्रता उत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर के विभिन्न पंचायतों में जलसहिया की सक्रियता और तत्परता के साथ स्वच्छता के साथ ही पूरे उमंग से स्वतंत्रता दिवस मनाने का संकल्प लिया गया है। प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने बताया कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ इस प्रखंड में भी हर घर स्वच्छता के संग स्वतंत्रता उत्सव अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत जल सहिया, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की सक्रिय भागीदारी से प्रत्येक घर में स्वच्छता संदेश पहुंचाने के कार्य में जुटे हैं। इस अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्रामीणों में साफ सफाई के प्रति जागरुकता बढ़ाना और खुले में शौच मुक्त वातावरण को बनाये रखना है। इस दौरान हर गांव में स्वच्छता रैलियां, सफाई अभियान और लोगों को शुद्ध पेयजल व स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी भी देने का कार्य होगा। अधिकारियों ने बताया कि जल सहिया इस अभियान की रीढ़ होंगी, जो घर-घर जाकर स्वच्छता का संदेश देंगी और ग्रामीणों को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी।

# अतिवृष्टि से नुकसान की भेंट चढ गई भदई फसलें



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कभी अनावृष्टि, कभी छायावृष्टि और इस बार अतिवृष्टि के कारण भदई फसलों के उत्पादन की किसानों की आश टूट गई है। किसानों का कहना है कि इस क्षेत्र के 70 फीसदी भू-भाग पर भदई फसलों की खेती नहीं हो पाई है। जबकि 30 फीसदी भू-भाग पर मेहनत से किसी तरह मकई,बादाम और अरहर की खेती की गई। लेकिन लगातार बारिश के कारण फसल उत्पादन योग्य पौधे ही नहीं लग पाए। वहीं जो पौधे उग आए हैं, उनमें कीड़ा लगने के कारण उनकी वृद्धि नहीं हो पाई है। इस वजह से इन फसलों के उत्पादन को लेकर मायूसी छा गई है। भदई बोदी, बराई और खीरा जैसी फसलों की तो पहचान ही मिट गई है। किसानों की मानें, तो बादाम की फसल को अब तक कोड़ा जाना चाहिए था। लेकिन लगातार बारिश और खेतों में नमी के कारण मिट्टी के गीली रहने से ऐसा संभव नहीं हुआ। इससे बादाम के बेहतर उत्पादन से वंचित रहने की स्थिति बन गई है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में मक्का उत्पादन से सुस्वादु निवाला मिल जाता था। इससे 4 माह तक मक्के की रोटी, मट्ठा और बराई के दाल के साथ घाठा जैसे परंपरागत आहार मिल जाता था।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद इकाई ने पूर्व सैनिक कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह ने की,जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने की। इस बैठक में आगामी 15 अगस्त को सुबह 9 बजे हुसैनाबद में स्थित पूर्व सैनिक कार्यालय के प्रांगण में अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता के द्वारा झंडोतोलन किया जाएगा। इसके लिए कैप्टन दुखन सिंह ने सभी को जिम्मेवारी देते हुए झंडोतोलन के समय को ध्यान में रखने की हिदायत दी एवं साफ सफाई की व्यवस्था करने की जिम्मेवारी सौंपी। उन्होंने ने कहा कि झंडोतोलन समारोह में क्षेत्र के गन मान्य व्यक्ति, समाजसेवी लोग एवं क्षेत्र के स्कूली बच्चों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से कैप्टन दुखन सिंह, लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, अक्षय सिंह, कपिलदेव पासवान, राम टहल मेहता,पूर्व शिक्षक लक्ष्मन राम, लल्लू पासवान, गौरी शंकर ठाकुर, असर्फी पाल, प्रसाद सिंह मौजूद रहे।

# कर्नल संजय सिंह ने किसान ब्रिगेड कार्यकर्ता के निधन पर जताया शोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत रामबीघा निवासी व किसान ब्रिगेड के सक्रिय सदस्य गणेश प्रजापति (72 वर्ष) का रांची रिम्स में इलाज कराकर लौटने के क्रम में मंगलवार की शाम को निधन हो गया। मृतक के पुत्र ने बताया कि वे पिछले पांच महीनों से किडनी की समस्या से जूझ रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने मृतक व उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि गणेश जी मृदुभाषी एवं समाजिक व्यक्ति थे। वे किसान ब्रिगेड के एक मजबूत स्तंभ थे और संगठन के हर व्यक्ति के दिल में उनके प्रति विशेष सम्मान था। उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि चार दिन पहले ही रांची रिम्स में उनसे मिला था और उनके स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह आश्वस्त थे। उन्होंने इस कठिन समय में उनके परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिया है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने मृतक गणेश प्रजापति के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को हरही नदी स्थित शमशान घाट पर किया गया। मौके पर बद्रीनारायण सिंह, मनोज सिंह, बीरू सिंह, सुभाष कुमार, राजेन्द्र पाल, विंध्याचल सिंह, सुदेश प्रजापति, उमेश मेहता, विजय प्रजापति, सुदामा सिंह, दुद्धेश्वर सिंह, प्रल्हाद ठाकुर सहित कई लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### हैदरनगर के देवी मंदिर में विहिप की बैठक

# 14 सितंबर को वर्ग प्रशिक्षण कराने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिला विश्व हिंदू परिषद की हरीनगर प्रखंड इकाई (हरिनगर) का प्रखंड स्तरीय बैठक मंगलवार को प्रसिद्ध देवी मंदिर के प्रशाल में संपन्न हुआ। जिसमें हरिनगर में एक दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण कार्यकताओं को 14 सितंबर को कराने का निर्णय लिया गया है। साथ ही अखंड भारत संकल्प दिवस और परिषद स्थापना दिवस प्रखंड के सभी समिति ने पंचायत और गांवों में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में पलामू जिला के जिला कार्यकारणी उपाध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, जिला मिलन केन्द्र प्रमुख अविराज गुप्ता, आरएसएस विभाग के सेवा प्रमुख देवदत्त जी, प्रखंड मंत्री धनंजय जी, धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख जयप्रकाश जी, संपर्क प्रमुख अर्चित जी, सत्संग प्रमुख पिंटू जी, प्रखंड संयोजक विवेक दूबे, सह संयोजक रंजन जी, मिलन केन्द्र प्रमुख हरी ओम जी, सह मिलन केन्द्र प्रमुख राजू जी, विद्यार्थी प्रमुख पीयूष जी, सह विद्यार्थी प्रमुख अंशु जी, गौ रक्षा प्रमुख चंदन जी, सह गौ रक्षा प्रमुख महादेव जी, सुरक्षा प्रमुख गौतम जी आदि ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर अपने विचार को भी रखा।

### झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न सरकारी-गैरसरकारी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित कर दिया गया है। इस संबंध में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने 8 अगस्त की बैठक में तय समय के आलोक में आधिकारिक रूप से सूचना जारी कर दी है। जिसके अनुसार प्रखंड कार्यालय में सुबह 9.30,पशुपालन विभाग 9.35, थाना 9.45, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 9.55 के बाद सिंचाई, वन, बीआरसी, स्तरोन्नत व उको परियोजना उच्च और झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय, जेआरजीबी, एसबीआई एवं केनरा बैंक में 10 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। वहीं, सभी पंचायत सचिवालय में 10.15 जबकि जगदेव चौक और अंबेडकर चौक पर 10.30 व 11 बजे का समय निर्धारित किया गया है। इसकी सूचना सभी संबंधित कार्यालय व संस्थान को प्रेषित कर दी गई है।

**कार्यक्रम**

### एके सिंह कॉलेज में एनएसएस ने किया 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम आयोजित

# प्राचार्य ने स्वयंसेवकों व छात्राओं को दिया समर्पण भाव का संदेश




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, एके सिंह कॉलेज जपला इकाई के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत स्वयंसेवकों और अन्य छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे के साथ महाविद्यालय परिसर से चलकर कुसुवा गांव होते हुए जपला देवरी मेन रोड तक हर घर पर भारत की शान तिरंगा को फहराने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. आनंद कुमार ने स्वयंसेवकों और अन्य छात्राओं को अपने देश और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव - इदं न मम इदं राष्ट्राय स्वाहा का संदेश दिया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम में प्रो. सुनील कुमार सिंह, प्रो. डॉ. .शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. डॉ. आलोक रंजन कुमार, प्रो. अयुब, प्रो. जयशंकर प्रसाद, प्रो.अभिषेक कुमार, प्रो. राहुल कुमार सिंह, प्रो. डॉ . रविरंजन मिश्रा, प्रो. अशोक कुमार देव, नरेंद्र कुमार सिंह, अनिकराज पाल, अरविंद कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, मनीष प्रताप सिंह, नितेश कुमार सिंह, विवेक कुमार, स्वयंसेवकों में गौरव कुमार, पुष्पा कुमारी, अमन कुमारी, अंकु कुमारी, उज्जवल कुमार, काजल कुमारी, बबिता कुमारी, सलोनी कुमारी सहित अनेक स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ज्ञात हो कि इस वर्ष 79वां स्वतंत्रता दिवस एके सिंह कॉलेज में ध्वजारोहण के साथ मनाया जा रहा है। ध्वजारोहण का समय प्रातः 10:45 बजे और उसके तुरंत बाद तिरंगे को सलामी एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा दी जाएगी। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभी स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों का इस अवसर पर उपस्थिति अनिवार्य है। इस आशय की जानकारी स्वतंत्रता दिवस समारोह के अध्यक्ष हिन्दी विभागाध्यक्ष-सह-मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. आलोक रंजन कुमार ने दी।

### 'हर घर तिरंगा' हर घर स्वच्छता अभियान को लेकर बैठक

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के सभागार में मंगलवार को 'हर घर तिरंगा', 'हर घर स्वच्छता' अभियान को लेकर एसएचजी महिला स्वयं सहायता समूह व अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में 13 से 15 अगस्त के बीच प्रत्येक घर पर कॉटन, खादी का तिरंगा फहराने, प्लास्टिक तिरंगे का उपयोग न करने और तिरंगे का सम्मान बनाए रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही क्षेत्र के सभी मोहल्लों में सफाई व्यवस्था बनाए रखने व जागरूकता रैलियां आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में कनिष्ठ अभियंता अभिजीत दुबे, सुधांशु तिवारी, अजीत गुप्ता, विक्रम सिंह, रंजीत सिंह, शिवशंकर, आशीष सिंह, अन्य कर्मचारी और एसएजजी महिलाएं उपस्थित रहीं।

# 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर ।** रेहला संत तुलसीदास महाविद्यालय की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत महाविद्यालय के प्रांगण से आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की ओर से पास के गांवों में पहुंच अभियान को चलाया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य कृष्ण कुमार चौबे व संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश शुक्ला ने की। मौके पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने हर घर तिरंगा अभियान की महत्व बताते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों के बीच गांव तक पहुंच अभियान को चलाने का आह्वान किया। साथ ही अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए सभी स्वयंसेवकों व महाविद्यालय के मौजूद छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। साथ हीं युवाओं को आगे आने को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के दर्जनों स्वयंसेवकों के साथ-साथ शिक्षकगण व कर्मचारीगण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की

# सड़कों पर बने गड्ढे को दुरुस्त करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव से जुलाई महीने में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली, बताया गया कि जुलाई में 18 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें 14 लोगों की मृत्यु व 29 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि 28 सामान्य रूप से घायल है। डीटीओ ने बताया कि जुलाई माह में अधिकांश सड़क दुर्घटना में बाइक वाले शामिल थे। उन्होंने कहा कि जिन 14 लोगों की मृत्यु हुई है उनमें 8 बाइक सवार शामिल हैं और सभी बगैर हेलमेट के थे। समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण सड़क जागरूकता कार्यक्रम पर समीक्षा करते हुए विभिन्न अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन की भी समीक्षा की गयी।



### गुड सेमेरिटन योजना में लाभुकों को किया जायेगा सम्मानित

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि इन दिनों बारिश के कारण विभिन्न सड़कों पर कई गड्डें हो गये हैं। उन्होंने आरसीडी के प्रतिनिधि को पांकी, हुसैनाबाद स्टेशन रोड, पड़वा सहित अन्य सड़कों पर बने गड्ढे को दुरुस्त करने की बात कही। इसी तरह डीसी ने गुड सेमेरिटन योजना अंतर्गत कुछ लाभुकों को 15 अगस्त के दिन सम्मानित करने की बात कही। इसी क्रम उन्होंने निजी हॉस्पिटल्स द्वारा आईआरएडी के तहत एंट्री सुनिश्चित करवाने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने हिट एंड रन के मामलों, ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान, स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना आदि की समीक्षा की। मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, तीनों एसडीएओ, जिला परिवहन पदाधिकारी समेत सड़क सुरक्षा समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में डीसी ने डीएमओ से पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों केअनुपालन की जानकारी ली। डीएमओ सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जुलाई महीने में खनन विभाग स्तर से अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 35 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 20 लाख 59 हजार रुपये बतौर जुमार्ना भी वसूला गया। वहीं कुल 7 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। इसी तरह वन प्रमंडल पदाधिकारी स्तर से अवैध खनन से जुड़े एक वाद दायर किया गया है। वहीं जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 19 वाहनों को जब्त कर 5 लाख 29 हजार रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया है। इसके अलावे अलग-अलग अंचलों के द्वारा की गयी कार्रवाई में 28 वाहन जब्त किये गये है, जिसमें सबसे अधिक हरिहरगंज में 6 वाहन जब्त किये गये हैं। इस दौरान सतबरवा, चैनपुर, मनातू, लेस्लीगंज, पाटन, मोहम्मदगंज, हैदरनगर एवं तरहसी में शून्य वाहन की जब्ती की गयी है। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, तीनों एसडीओ, सहायक समाहर्ता, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी समेत प्रदूषण से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गुरुजी के गांव नेमरा बना आस्था का तीर्थ : अविनाश देव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य, युवा झामुमो नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय सुदामा पंडित 90 के दशक से अंतिम सांस तक झामुमो के साथ जुड़े रहे। उस समय वे छोटे थे और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकतार्ओं का घर पर लगातार आना-जाना रहता था। रात तक मां लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाती थीं, क्योंकि तब गैस प्रचलन में नहीं था, और सुबह-सवेरे पिता क्षेत्र में निकल जाते थे।

अविनाश देव ने बताया कि उस समय वे दिशोम गुरुजी शिबू सोरेन के संघर्ष को पूरी तरह नहीं समझते थे, पर उनके पिता हमेशा बड़े आदर से गुरुजी का उल्लेख करते थे। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद ही गुरुजी के व्यक्तित्व और संघर्ष का असली अर्थ समझ आया। झामुमो में शामिल होने के बाद गुरुजी से मिलने और आशीर्वाद लेने का अवसर मिला। गुरुजी ने उनके माथे पर हाथ रखकर कहा, तुम बहुत आगे बढ़ोगे, जिससे उनके भीतर सिहरन दौड़ गई।




उन्होंने कहा कि गुरुजी के अस्वस्थ होने की खबर से वे बेहद दुखी हुए और 28 जून को हवाई मार्ग से दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उनसे मुलाकात की। परंतु 4 अगस्त को वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। 5 अगस्त को विधानसभा में श्रद्धांजलि और अंतिम यात्रा का दृश्य अद्वितीय था, बरसात के बीच पहाड़ों से घिरे नेमरा गांव में हजारों लोग मौजूद थे। अविनाश देव ने बताया कि 11 अगस्त को भी नेमरा में अनुपम भीड़ रही। जगह-जगह बैरिकेड, चार हेलीपैड, चपरासी से लेकर आला अधिकारी तक, संथाल, कोल्हान, पलामू, छोटानागपुर से महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांग और नौजवान, सभी गुरुजी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पार्किंग दूर थी, लोग ई-रिक्शा से आ रहे थे, मानो नेमरा में कुंभ का मेला लग गया हो। उन्होंने कहा कि गुरुजी को पेड़ा बेहद पसंद था और वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह कर चुके हैं कि एक दिन इसे गुरुजी के नाम समर्पित किया जाए। भीड़ देखकर लगता है कि गरीब-मजलूमों के मसीहा गुरुजी विचारों में सदैव जीवित रहेंगे। नेमरा अब गंगासागर, मक्का-मदीना, ननकाना साहिब और रोम की तरह तीर्थ बन चुका है, जहां गुरुजी के अनुयायी वर्ष में एक बार अवश्य आएंगे।

## कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी बीजेपी सरकार की कायराना हरकत : विमला कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बीजेपी सरकार द्वारा विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ,प्रियंका गांधी समेत अन्य की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सह पलामू की 20 सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तार करने की कार्रवाई बीजेपी सरकार की कायराना हरकत है। वर्तमान भाजपा सरकार डरी हुई है और लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रही है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपने प्रेस वार्ता में चुनाव आयोग की चोरी के आंकड़ों को और तथ्यों के साथ-साथ जनता के समक्ष रखा परंतु चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर बहुत ही चरणबद्ध



तरीके से वोटर लिस्ट में नकली मतदाताओं को जोड़ने का काम कर रहा है जो बीजेपी के समर्थन में वोट करते हैं। फेक आईडी को जोड़कर फर्जी वोटर बनाने के कारण पिछले चुनाव में चुनाव प्रक्रिया को काफी प्रभाव पड़ा है ऐसे में चुनाव आयोग संदेह के घेरे में है लोकतंत्र में आस्था रखने वाली जनता सच्चाई जानना चाहती है अगर चुनाव आयोग सही है तो फिर उन्हें डरने की क्या आवश्यकता है।

# जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड)की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में एनकोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को समय-समय पर खाद्य पदार्थों में मादक पदार्थों के मिलावट को लेकर औचक छापेमारी करने के निर्देश दिये। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी,अवैध बिक्री और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम को लेकर कई



महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि इन दिनों छोटे रेलवे स्टेशन के जरिये भी नशीले पदार्थों का परिवहन होने की सूचना है। उन्होंने आरपीएफ के प्रतिनिधि को छोटे रेलवे स्टेशनों पर भी सक्रियता के साथ चेकिंग पर बल दिया।बैठक में डीसी ने सीएस से डीएडिक्शन सेंटर के अद्यतन स्थिति पर भी जानकारी ली। इस मौके पर उपरोक्त के अलावे वन प्रमंडल पदाधिकारी, तीनों एसडीएओ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा एवं कृषि विभाग के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर परेड व झंडोत्तोलन की विस्तृत रूपरेखा तय

- मुख्य अतिथि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर करेंगे निरीक्षण, झंडोत्तोलन और सम्मान समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित मुख्य समारोह के लिए जिला प्रशासन ने मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी किया है। परेड और झंडोत्तोलन का आयोजन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार होगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 8:25 बजे सभी प्लाटून अपने-अपने स्थान पर पंक्तिबद्ध होंगे और प्लाटून कमांडर टुकड़ियों का निरीक्षण करेंगे। 8:30 बजे सहायक परेड समादेशक नागेन्द्र चौधरी (अनि, स), आईआरबी-10 पलामू, और 8:35 बजे मुख्य परेड समादेशक विमल कुमार चन्द्रवंशी, परिवहन परिचारी, पुलिस केंद्र, पलामू अपना स्थान ग्रहण करेंगे। 8:40 बजे पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन (भापुसे) का आगमन होगा और वे परेड की सलामी लेंगी। 8:45 बजे उपायुक्त समीरा एस (भाप्रसे) और 8:50 बजे पुलिस उप-महानिरीक्षक नौशाद आलम (भापुसे) का आगमन होगा, दोनों परेड की सलामी लेंगे। 8:55 बजे मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर का आगमन होगा, वे परेड की सलामी लेने के साथ-साथ निरीक्षण करेंगे। 9:00 बजे उनके द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा और राजकीय बालिका (+2) उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर की छात्राएं राष्ट्रीय गान प्रस्तुत करेंगी। इसके बाद वित्त मंत्री का संबोधन होगा। मुख्य अतिथि समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करेंगे। भाषण समाप्ति के बाद मुख्य परेड समादेशक परेड के समापन की घोषणा करेंगे।

### जांजों गांव में नीलांबर-पीतांबर फुटबॉल कप टूर्नामेंट

**मेदिनीनगर।** प्रखंड के जांजों गांव में नीलांबर-पीतांबर फुटबॉल कप टूनार्मेंट सोमवार से शुरू हुआ। जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन सचिव ओंकारनाथ जायसवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूनार्मेंट का उदघाटन किया। इस टूनार्मेंट में 40 टीमें भाग ले रही हैं। पहला मैच इचाक और डोडांग गांव के बीच खेला गया। इसमें डोडांग दो गोल से जीत गया। दूसरा मैच नवादा और मातुली के बीच खेला, जिसमें मतुली एक गोल से जीत गया। तीसरा मैच हेरसातू और हेरहंज के बीच खेला गया, जिसमें हेरहंज एक गोल से विजयी रहा। टूनार्मेंट का उदघाटन करते हुए ओंकारनाथ जायसवाल ने कहा कि फुटबॉल, युवाओं की शान है। फुटबॉल टूनार्मेंट होने से युवाओं में एक नई ऊर्जा पैदा होती है। इससे तन और मन मजबूत होता है। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह खरवार ने किया। कार्यक्रम में केकरगढ़ के मुखिया पति विनोद यादव, लालू यादव, संतु सिंह, देवनाथ यादव, गौतम गुप्ता, विकास खेरवार, नंदलाल खेरवार, संजय खरवार, रोहित खरवार, लक्ष्मण खरवार, पंकज खरवार, मोहर सिंह खरवार के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## 16 स्कूलों के 300 विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के धावाडीह गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने साइकिल वितरण किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडब्लूओ, जिला पार्षद सुधा कुमारी, उपप्रमुख कामाख्या नारायण यादव, मुखिया रिंकी यादव, विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। साइकिल वितरण कार्यक्रम का संचालन सीआरपी सुधीर मिश्रा ने किया। बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी ने कहा कि झारखंड राज्य के कल्याण विभाग की ओर से सरकारी स्कूली के बच्चों को निःशुल्क किताब कॉपी, स्टेशनरी, पोशाक, छात्रवृति के अलावा कक्षा आठ में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल दे रही है। इससे उन्हे विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी। 16 स्कूलों के बीच 301 साइकिल का वितरण किया गया।

लोहरा पोखरी, नौरंगा, धावाडीह, कर्मा, दरूआ, सेरेंगदाग, रबदा, सतबरवा आदि गांव के स्कूल में सत्र 2025-2026 में 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच साईकल का निःशुल्क वितरण किया गया। हेडमास्टर सलीमुद्दीन अंसारी, मालती देवी, अमरेश यादव, कुतबुद्दीन अंसारी, रामफल उरांव आदि मौके पर उपस्थित थे।

### पलामू जिले में कल मनाया जाएगा अखंड भारत संकल्प दिवस

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की पलामू यूनिट के तत्वावधान में 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस सह विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस जिले के सभी प्रखंडों और जिला मुख्यालय में मनाया जाएगा। सेवा टोली सदस्य सह जिला पालक दामोदर मिश्र, जिला मंत्री अमित तिवारी और जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विभाजन की विभीषिका को याद करना और अखंड भारत के संकल्प को पुनः दोहराना है। पलामू जिला मुख्यालय में शाम 4:30 बजे गीता भवन से तिरंगा और भगवा ध्वज के साथ एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहीद भगत सिंह चौक से होकर भारत माता चौक पहुंचेगी। भारत माता की पूजा-अर्चना और आरती कर संकल्प लिया जाएगा। इसके तत्पश्चात शोभायात्रा उसी मार्ग से गीता भवन लौटेगी। अखंड भारत संकल्प दिवस सह विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस की तैयारी करीब-करीब पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए सदस्यों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है।

### पूरन विचार मंच ने अर्पित की श्रद्धांजलि

मेदिनीनगर। पूरन चंद विचार मंच की पलामू यूनिट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबु सोरेन को श्रद्धांजलि दिया गया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन महासचिव सिटु गुप्ता के आवासीय परिसर में हुई। श्रद्धांजलि सभा में मंच के संयोजक दुर्गा प्रसाद, अध्यक्ष रंजन कुमार चंद्रवंशी, प्रवक्ता सतीश सुमन, उपाध्यक्ष शशि भूषण अधिवक्ता, गणेश रवि, सिहान संतोष कुमार, कुश कुमार आदि ने स्व. शिबू सोरेन के संघर्ष पर एवं झारखंड अलग राज्य के निर्माण में उनकी कुर्बानियों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

### स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद में ध्वजारोहण

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पलामू जिला आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित करेगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र और महासचिव दिनेश गुप्ता ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। ध्वजारोहण का आयोजन सुबह 11 बजे रेडमा ओवरब्रिज के पास स्थित वीर सैनिक शिव जी सिंह के आवासीय परिसर में होगा। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि समारोह में पूर्व सैनिकों के साथ-साथ उनके परिजनों और बच्चों की सहभागिता से देशभक्ति का माहौल और भी प्रगाढ़ होगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के पश्चात हाल ही में सम्पन्न कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम की समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा द्वारा कार्यक्रम के आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। परिषद ने पलामू जिले के सभी पूर्व सैनिकों से अपील की है कि वे अपने मित्रों और परिवारजनों के साथ अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इन दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाएं। परिषद के अनुसार, यह न केवल देश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, बल्कि आपसी मेल-जोल और संगठन की एकजुटता को भी मजबूत करने का मौका है।

## झारखंड में युवती से गैंगरेप, खुद को पुलिसकर्मी बता की वारदात, छोटी बहन की सूझ-बूझ से धराए आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले से गैंगरेप का एक मामला सामने आया है, जहां पर दो आरोपियों ने 22 साल की युवती के साथ इस वारदात को अंजाम दिया। इस अपराध को उन्होंने पीड़िता की छोटी बहन के सामने अंजाम दिया। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि आरोपियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए उनके साथ यह दरिंदगी की। हालांकि छोटी बहन की सूझबूझ की वजह से वारदात के कुछ देर बाद ही पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया।



मामले की जानकारी देते हुए पलामू की पुलिस अधीक्षक (एसपी) रीष्मा रमेशन ने बताया कि युवती ने सोमवार को अपने साथ हुए दुष्कर्म की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि वह और उसकी बहन आजीविका की तलाश में पंजाब जाने के लिए डाल्टनगंज स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही थीं, इसी दौरान दो व्यक्ति, जो खुद को पुलिसकर्मी बता रहे थे, उन्हें एक सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ बलात्कार किया।

एसपी ने कहा, 'दोनों बहनों को चैनपुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सुनसान जगह पर ले जाया गया, जहां दोनों व्यक्तियों ने बड़ी बहन के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया।'

रमेशन ने बताया, 'अपराध के बाद, जब दोनों व्यक्ति उन्हें मोटरसाइकिल पर डाल्टनगंज स्टेशन ले जा रहे थे, तो छोटी बहन दोपहिया वाहन से कूद गई और शोर मचाया। इसके बाद वहां एकत्र हुए स्थानीय लोगों ने आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।'

एसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# 16 को मनाई जाएगी जन्माष्टमी, भगवान कृष्ण को प्रिय दही, मक्खन व मिश्री का लगेगा प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। बताते चलें कि जन्माष्टमी को लेकर भक्तों में 15 या 16 अगस्त को जन्माष्टमी मनाने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि काशी पंचाग ने भी जन्माष्टमी 16 अगस्त को ही माना है। इस दिन अष्टमी उदय काल में मिल रही है, जो रात तक है। बताते चलें कि जन्माष्टमी को लेकर विशेष तैयारियां चल रही हैं। जन्माष्टमी को लेकर चियांकी स्थित राधा कृष्ण मंदिर, ठाकुरबाड़ी मंदिर, इस्कॉन भवन समेत अन्य मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा जा रहा है।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर कैसे करें पूजा

पंडित घनश्याम तिवारी शांडिल्य ने बताया कि जन्माष्टमी पर भगवान श्री कृष्ण को को पीले वस्त्र पहनाए,उनके आभूषण पहनाएं। सुंदर मंडप का निर्माण कर पालना लगाकर झुलाना चाहिए। दही,माखन व मिश्री का भोग लगाएं और बांसुरी उनके हाथ में रखें। इसके बाद उन्हें झूला झुलाएं। इससे आपके जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस साल जन्माष्टमी पर रोहिणी नक्षत्र का क्षय, 17 अगस्त को रोहिणी नक्षत्र लगेगा जन्माष्टमी व्रत में सुबह अष्टमी तिथि से शुरू हो जाता है। इस व्रत में सुबह स्नान करके भगवान कृष्ण की पूजा करें और हाथ में जल लेकर संकल्प करें कि आप आप आज जन्माष्टमी का व्रत रख रहे हैं।

### 16 को जन्माष्टमी मानना ही उत्तम: पं. घनश्याम तिवारी शांडिल्य



मां अष्टभुजी मंदिर के पुजारी पं. घनश्याम तिवारी शांडिल्य ने बताया कि पंचांग के अनुसार 16 अगस्त को ही कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। इस दिन अष्टमी उदय काल में मिल रही है, जो रात तक रह रही है। इसलिए 16 अगस्त को जन्माष्टमी मनाना उत्तम रहेगा। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म भाद्रपद मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में हुआ था, इसलिए अष्टमी तिथि की रात्रि में 16 अगस्त को ही मिल रही है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को रात्रि 12:58 से अष्टमी शुरू हो रहा है जो 16 तारीख को रात्रि 10:30 तक चलेगा। परंतु उदया तिथि होने के कारण जन्मोत्सव 16 अगस्त को मनाया जाएगा।

### पारण में साफ सफाई का विशेष महत्व

बताया कि जन्माष्टमी के दिन व्रत में अन्न का सेवन नहीं करना चाहिए। जन्माष्टमी के व्रत में पूरे दिन व्रत रखना है। इस दौरान फल, दूध ले सकते हैं। सिंघाड़े का आटा या आलू खा सकते हैं। इस दिन निर्जला रहने का नियम नहीं है। नवमी तिथि पर भगवान का जन्म कराने के बाद ही व्रत का पारण कर सकते हैं। इस साल रोहिणी नक्षत्र अगले दिन मिल रहा है, तो कुछ लोग इस दिन व्रत का पारण करेंगे। इस दिन व्रत का पारण करने के लिए फलाहारी या उपवास का खाना बनाएं तो साफ सफाई का ध्यान रखें। व्रत के लिए अलग भोजन बनाएं। इसमें सेंधा नमक का इस्तेमाल करें। मन को स्थिर रखकर गीता का पाठ करें। श्रीकृष्ण के मंत्रों का जप धीमी आवाज में करना चाहिए।

## आठ वारंटियों के घर चिपकाया गया इश्तेहार



**मेराल।** थाना के सोहबरिया गांव में पुलिस द्वारा विगत एक वर्ष से फरार चल रहे आठ आरोपियों के घर पर मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि थाना कांड संख्या 94/2024 के तहत सोहबरिया गांव निवासी महेंद्र चौधरी, पिता लखन चौधरी, देवेंद्र चौधरी पिता शंभू चौधरी, पप्पू चौधरी पिता कपिल देव चौधरी, संतोष गुप्ता पिता मुखलाल गुप्ता, अजीत कुमार चौधरी पिता लाल जी चौधरी, श्यामलाल चौधरी पिता केश्वर चौधरी, महेश चौधरी पिता बंगाला चौधरी और रमेश चौधरी पिता सरजू चौधरी के खिलाफ नामजद प्राथमिक की दर्ज था। कोर्ट के आदेश अनुसार इन लोगों की फरारी को देखते हुए मंगलवार को बजे बजे के साथ आसपास लोगों की उपस्थिति में सभी आठ लोगों के घर में इश्तहार चिपकाए गया।

## केतार में 35 छात्रों के बीच साईकिल वितरण




**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के मध्य विद्यालय ताली में मंगलवार को उन्नति के पहिया योजना के तहत साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुखिया मूंगा साह, प्रधानाध्यापक सुनील पांडेय ने आठवीं कक्षा में अध्ययनरत 35 छात्र - छात्राओं के बीच साईकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुनील पांडेय ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि दूर-दराज के विद्यार्थी भी आसानी से विद्यालय तक ससमय पहुंच सके और पूरी निष्ठा से शिक्षा प्राप्त करें। उन्होंने सरकार का यह सराहनीय पहल है। मुखिया मूंगा साह ने कहा कि यह सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत आठवीं कक्षा में अध्यनरत बच्चों साइकिल दी जा रही है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब विद्यालय आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़े यही झारखंड सरकार की सोच है। साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, शिक्षक मनोज दास, सतीश चौबे, दशरथ तिवारी, सुचून साह, भृगु नारायण सिंह, राजेन्द्र यादव, नितिश भारद्वाज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**गढ़वा।** झारखंड छात्र मोर्चा के गढ़वा जिला इकाई के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री जननायक शिबू सोरेन जी के स्मृति में मेराल प्रखंड के हासनदाग स्थित पंचायत भवन में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ जिला अध्यक्ष निशांत चतुर्वेदी, जिला सचिव विकास चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष किरण कुमारी, संगठन सचिव विक्की रोशन एवं स्थानीय मुखिया के द्वारा दिशोम गुरु के तस्वीर पर पुष्पांजलि कर एवं उनके आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर शिविर स्थल पर उपस्थित सैकड़ों लोगों का उपचार प्रारंभ किया गया। जिला अध्यक्ष निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर हमारे लिए श्रद्धांजलि सभा है। आदरणीय दिशोम गुरु ने अपना पूरा जीवन अभीवंचितों के लिए समर्पित कर दिया। इसलिए हम लोगों का प्रयास है कि वर्तमान समाज में अभीवंचित लोगों को इस मेगा शिविर के माध्यम से उनकी सेवा कर हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें, इस सेवा शिविर मे 140 से अधिक लोग का निःशुल्क जांच की गई। कार्यक्रम प्रियांशु चौबे, रवींद्र चौधरी, गोलू, रवी कुमार, गोपाल, सुनील चौधरी, अजय कुमार, सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## केतार प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

**केतार।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार के द्वारा पेंशन के 35 मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ ससमय पहुंचना है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर आमजनों की समस्या सुनी जायेगी। जनता दरबार में अधिक से अधिक लोगों को आने को कहा। जनता दरबार में बलिगढ़ पंचायत से सर्वाधिक 40 लोग पेंशन स्वीकृत कराने को लेकर जनता दरबार में पहुंचे थे। जहां बीडीओ के द्वारा जांच पड़ताल कर 35 लाभुकों का आवेदन स्वीकृत किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता ने उपायुक्त के निर्देश कि सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से आमजनों की समस्या का तुरंत निष्पादन हो रहा है। इससे लोगों की समय बचत एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लग रहा है। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता,रमेश राम, नंदू साह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## छात्रों को आग से बचने की दी गयी जानकारी

**मेराल।** अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी द्वारा मंगलवार को मेराल प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाना, प्लस टू उच्च विद्यालय मेराल और एसडी मेमोरियल एकेडमी मेराल में विद्यार्थियों को आग से बचाव के बारे में मॉक ड्रिल कर जानकारियां उपलब्ध कराई गई। अग्निशमन पदाधिकारी मंटू सिंह ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों एवं विभाग के निदेशानुर्सार अभियान के तौर पर यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक जगह पर जैसे विद्यालयों में, सरकारी दफ्तरों में, माल एवं पेट्रोल पंप जैसे भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जा जाकर लोगों को आपात स्थिति में आग से अपने आप को कैसे बचाना है इसके बारे में बताया जा रहा है। अपने कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले मंटू सिंह और प्रधान अग्नि चालक आलोक कुमार ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाना में विद्यार्थियों और शिक्षकों के समक्ष आग पर काबू पाने के बारे में मौखिक जानकारी देने के बाद डेमो कर लोगों को जागरूक किया। उसके बाद एसडी मेमोरियल एकेडमी में विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को आग किस स्थिति में लगती है, कौन-कौन सी विधि के द्वारा उसे पर काबू पाया जा सकता है। इसके बारे में पहले मौखिक जानकारी दी गई। उसके बाद एलपीजी गैस को जलाकर आग लगने की स्थिति में उसको हांथ कैसे बुझाए जाए, इसके बारे में बताया गय। मौके पर विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र, अरुण कुमार, अमरेंद्र कुमार मिश्रा, मृत्युंजय पांडे, गौतम कुमार, रंजीत शाहदेव, कीर्ति टोप्पो, अनिमा कुजूर, मीना केरकेट्टा, नसरीन, अंशु कुमारी पीयूष कुमार पांडे आदि उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने गांव के विकास के लिए डीसी से की मांग

**भवनाथपुर।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने बनसानी पंचायत के रोहिनियां गांव के विकास की मांग उठाई। उन्होंने उपायुक्त को पत्र सौंपते हुए स्वयं निरीक्षण कर गांव के वंचित परिवारों को सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिलाने की अपील की। रंजनी शर्मा ने कहा कि रोहिनियां गांव अब तक विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से वंचित है, जिससे ग्रामीणों को जीवन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों के प्रस्ताव और जनसमस्याओं का हवाला देते हुए आग्रह किया कि उपायुक्त स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन करें और सभी विभागों की योजनाएं यहां लागू कराएं। उपायुक्त ने इस मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए आश्वासन दिया कि वंचित गांवों में सरकार की सभी योजनाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधर सके और गांव का समग्र विकास हो।

# हर घर तिरंगा अभियान: सीआरपीएफ के जवानों ने निकाला तिरंगा यात्रा

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 172वीं बटालियन सीआरपीएफ गढ़वा (झारखंड) की ओर से मंगलवार को भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ बटालियन मुख्यालय से हुआ, जिसमें द्वितीय कमान अधिकारी अमरेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट अमित किशोर, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.आस्था कोहली, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी शैंकी चंडोक सहित अनेक अधिकारी एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली बटालियन मुख्यालय से शुरू होकर रंका मोड़ होते हुए घंटाघर चौक तक पहुंची। इस दौरान मार्ग में दुकानदारों, राहगीरों और बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर देशभक्ति की भावना जागृत की गई। अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, एकता और अखंडता का संदेश देते हुए तिरंगे के महत्व पर प्रकाश डाला।

172वां बटालियन सीआरपीएफ की इस पहल का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित करना है। रैली के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

# डोभा में डूबने से बच्चे की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**मेराल।** पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग के पास डोभा में नहाने गए बालक रितेश मुसहर पिता प्रमोद मुसहर का गहरे पानी में डूब जाने से मौत हो गया। रितेश का उम्र करीब 9 वर्ष बताया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार शाम करीब तीन बजे की है। लोगों के अनुसार रितेश डोभा में नहाने के लिए गया था लेकिन पानी गहरा था और रितेश को तैरने नहीं आता था जिसके कारण वह बाहर नहीं निकल सका और डूबकर मौत हो गई। जब तक वहां लोग पहुंच पाते रितेश का शव पानी के ऊपर आ गया था जिसको आसपास के लोगों ने बाहर निकाला। जानकारी मिलने के बाद मेराल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

## झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में प्रखंड कार्यालय में सुबह 8 बजे झंडोत्तोलन, अम्बेडकर चौक बाजार 8:30 बजे, मध्य विद्यालय केतार 8:35 बजे, ग्रामीण बैंक 8: 40 बजे, लोहिया समता उच्च विद्यालय में 8: 45 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र 8:50 बजे, कोल रोड़ बाबा साहेब अम्बेडकर चौक पर 9 बजे, स्वास्थ्य उपकेंद्र पर 9:10 बजे, बालिका आवासीय विद्यालय में 9:20 बजे , सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 9:30 बजे, आरके सिंह पब्लिक स्कूल 9: 40 बजे एवं केतार थाना परिसर में 10:05 बजे झंडोतोलन करने का निर्णय लिया गया। केतार पंचायत सचिवालय में 8:15, बलिगढ़, लोहरगाडा, मुकुन्दपुर, परती कुशवानी, परसोडीह पंचायत सचिवालय में 8: 45 बजे झंडोतोलन किया जायेगा। इस बैठक में प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ प्रशांत कुमार, थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, राम बिचार साहू, ज्वाहर दुबे, देवेन्द्र कुमार, पंचायत सचिव राम सुरेश राम, विनय कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नहीं पहुंचा हर घर पानी, पैसों की हो गयी निकासी

# मकरी के मुखिया सरिता ने उपायुक्त से की जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत में जलमीनार अधिष्ठापन कार्य के बाद घर घर पानी पहुंचाए बगैर संवेदक द्वारा बड़े पैमाने पर सरकारी राशि निकासी किए जाने की मामले को लेकर पंचायत के मुखिया सरिता देवी ने गढ़वा उपायुक्त को पत्र लिखकर मामले की जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है, कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग गढ़वा के देख रख में सरकार का महत्वाकांक्षी योजना के तहत मकरी पंचायत में 105 जलमीनार का अधिष्ठापन कार्य उपरांत हर घर को पीने का पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते संरक्षण प्राप्त संवेदक ने बगैर कार्य को पूर्ण कराए ही संबंधित कर्मी के मिलीभगत से सरकारी राशि की निकासी कर लिए जाने की सूचना मिली है। मुखिया सरिता देवी ने उपायुक्त से उक्त मामले की विस्तृत जांच कराकर इसमें संलिप्त दोषियों पर कार्रवाई करते हुए इस अधूरे अति महत्वाकांक्षी योजना को जनहित में पूर्ण कराने की मांग की है।

# अनराज डैम जलाशय में तैराकी व बोटिंग पर पूर्ण प्रतिबंध : एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** अनराज डैम जलाशय में आए दिन डूबने की घटनाओं से जनहानि एवं गंभीर दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से अनुमंडल दंडाधिकारी, गढ़वा सदर संजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत इस जलाशय को तत्काल प्रभाव से तैराकी वर्जित क्षेत्र घोषित किया है। इस आदेश के तहत जलाशय में तैरने, कूदने, नहाने एवं अन्य खतरनाक गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध केवल स्थानीय कुशल गोताखोर, मत्स्यजीवी समिति के सदस्य एवं आपदा राहत कार्य से जुड़े विशेष दलों पर लागू नहीं होगा। जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंधित क्षेत्र में चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अगले आदेश तक पर्यटकों के लिए बोटिंग, स्टीमर सेवा भी बंद रहेगी। इस आदेश के अनुपालन एवं क्रियान्वयन हेतु जिला मत्स्य पदाधिकारी, लघु सिंचाई विभाग, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया गया है। साथ ही, पुलिस प्रशासन एवं अन्य इकाइयों को आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है, ताकि आमजन को इसकी पूरी जानकारी समय पर प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन गढ़वा सभी नागरिकों एवं पर्यटकों से अपील करता है कि वे अपनी सुरक्षा एवं जनहित में इस आदेश का पालन करें। आदेश का उल्लंघन करने पर दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### श्री राधा वंशीधर मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दूसरा दिन

# श्रीमद्भागवत ग्रंथ नहीं, बल्कि आत्मा की मुक्ति का सेतु : मुक्तिनाथ

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** प्रयागराज से पधारे कथावाचक जगदगुरू रामानुजाचार्य श्री मुक्तिनाथ स्वामीजी महाराज ने गोकर्ण और उनके भाई धुंधकारी का हृदयस्पर्शी प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कथा श्रवण मात्र से प्रेत योनि में भटक रही आत्मा को भी मुक्ति मिल जाती है, जैसे धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिल गई। स्वामी जी श्री राधा वंशीधर मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के द्वितीय दिवस प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने गोकर्ण और धुंधकारी प्रसंग की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि धुंधकारी ने सांसारिक भोग विलास और पापकर्मों में जीवन नष्ट कर दिया था। परिणामस्वरूप अकाल मृत्यु के बाद वह प्रेत योनि में भटकने लगा और असहनीय यातनाएं भोगने लगा। भाई की पीड़ा देखकर महात्मा गोकर्ण ने उसे मुक्ति दिलाने का निश्चय किया। उन्होंने सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया। कथा के दौरान वातावरण भक्ति और भावनाओं से सराबोर रहा। सातवें दिन जैसे ही कथा का विश्राम हुआ, ठीक उसी समय धुंधकारी का प्रेत रूप दिव्य प्रकाश में विलीन हो गया और उसे परमधाम की प्राप्ति हुई। स्वामी जी महाराज ने इस प्रसंग के माध्यम से श्रोताओं को संदेश दिया कि श्रीमद्भागवत कथा मोक्षदायी है। श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि आत्मा की मुक्ति का सेतु है स्वामी जी महाराज ने कथा में श्री राधा वंशीधर जी के प्राकट्य और उनकी महिमा का वर्णन किया। कथा के दौरान भजन, भगवन्नाम संकीर्तन और श्री राधा वंशीधर जी के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान किया।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development Department**
**Latehar Nagar Panchayat , Latehar**

e- Procurement Notice (Short Tender Notice)
NIT No. - UDD/LNP/19/2025-26
Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भाहरी परिवहन | | | | |
| 01 | 01/LNP/19 /2025-26 | वार्ड सं0 02 बानपुर में एन0एच0 39 से वेन्डिंग मार्केट के पास पुरानी पी0सी0सी0 पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2498400.00 | 50000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 02 | 02/LNP/19 /2025-26 | वार्ड सं0 02 बानपुर में पोचरा रोड से महेश सिंह के घर होते हुए अरविन्द यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ कार्य। | 1279500.00 | 25600.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 03 | 03/LNP/19 /2025-26 | वार्ड सं0 07 बहेराटॉड में शशी प्रसाद के घर से कृष्णा पासवान के घर के पास पुरानी पी0सी0सी0 पथ तक पी0सी0सी0 पथ कार्य। | 1672400.00 | 33500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 04 | 04/LNP/19 /2025-26 | वार्ड सं0 11 में मुकेश कुमार के घर से श्याम किशोर प्रसाद, पिन्टु राम के घर होते हुए अजय राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ कार्य। | 1892400.00 | 37900.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 05 | 05/LNP/19 /2025-26 | वार्ड सं0 13 पहाडपुरी में मिशन चर्च से सरकारी क्वाटर के पास पुरानी पी0सी0सी0 पथ तक पी0सी0सी0 पथ कार्य। | 2491700.00 | 49900.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 06 | 06/LNP/19 /2025-26 | वार्ड सं0 15 में सुषमा देवी के घर के पास पुरानी पी0सी0सी0 पथ से नन्देव राम, पंकज कुमार के घर होते हुए जगदेव सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ कार्य। | 2497900.00 | 50000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | | नागरीक सुविधा मद | | | | |
| 07 | 07/LNP/19 /2025-26 | वार्ड सं0 04 डुरूआ में टी0टी0 प्लांट के सामने ट्रासफर्मर के बगल में टैम्पू स्टैण्ड सह यात्री शेड का निर्माण कार्य। | 1394900.00 | 27900.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 08 | 08/LNP/19 /2025-26 | वार्ड सं0 07 बहेराटॉड में जितेन्द्र पासवान के घर से कलर्भट तक स्लैब सहीत आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1983400.00 | 39700.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 09 | 09/LNP/19 /2025-26 | वार्ड सं0 15 में मनोज यादव के घर से अशोक मेहता के घर होते हुए पम्पुकल रोड कलर्भट तक स्लैब सहीत आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1992700.00 | 39900.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 10 | Date of Publication of Tender on website | | 13.08.2025 at 11:00 AM | | | |
| 11 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 12 | Date start of submission of bids | | 14.08.2025 at 12:00 pm | | | |
| 13 | Last Date/Time of submission of bids | | 01.09.2025 upto 03:00 pm | | | |
| 14 | Technical & Financial Bid opening date (Online) | | 02.09.2025 at 5.00 PM | | | |
| 15 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 16 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 7903531002 | | | |
| 17 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 7903531002 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website
http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 359394 (Urban Development)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –04/2025-26

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमान विपत्र की बिक्री की तिथि : 25.08.2025 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 26.08.2025 (अपराहन 03.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 26.08.2025 (अपराहन 03.30 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : i. मुख्य अभियंता (या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची, इंजिनीयरिंग हास्टल, न0-02, धुर्वा, राँची।
ii. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग।
iii. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : क्रमांक 5 पर वर्णित स्थान।
7. नियम व शर्तें :–
i. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बताए निविदा को रद करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
ii. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड का निबंधन प्रमाण पत्र एवं GST से संबंधित प्रमाण पत्र की सुस्पष्ट प्रति संन्लग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जाएगा।
iii. निविदा प्राप्ति की तिथि को अपराहन 03.00 बजे तक पथ प्रमण्डल, चतरा कार्यालय परिसर के अन्दर संवेदको द्वारा समूह में अथवा गुट बनाकर वार्तालाप करने, शोरगुल करने या अनावश्यक समय व्यतीत कर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने पर इस निविदा को रद् किया जा सकता है।
iv. संवेदक पर प्रमण्डल/जिला अंतर्गत किसी भी योजना का कार्य लम्बित रहने पर उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
v. किसी भी संवेदक को एक वित्तिय वर्ष में एक ही कार्य को आवंटित किया जाएगा।
vi. परिमाण विपत्र क्रय हेतु निर्धारित शुल्क का सरकारी अधिकृत बैंक से EE RCD, Road Division, Paybal at Chatra का DD संलग्न करना अनिवार्य होगा।
vii. एक निबंधन पेपर से सवेदक द्वारा किसी भी तीन कार्य का परिमाण विपत्र क्रय किया जा सकता है।
viii. परिमाण विपत्र क्रय करने हेतु आवेदक/संवेदक को निवंधन प्रमाण पत्र के साथ स्वयं कार्यालय में प्रस्तुत होना होगा अन्यथा आपके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
ix. PWD Code संशोधन उपरांत 10% न्युनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है, फलस्वरूप इससे ज्यादा न्युन्तम दर अंकित करने वाले संवेदक को Bank Solvency Certificate (निविदित राशि का 25%) जमा करना होगा। जमा नहीं करने पर आपकी सहभागिता पर विचार नहीं किया जाएगा।
x. सभी निविदा प्रपत्रों पर दरें स्पष्ट रूप में शब्दों एवं अंको में अंकित होना चाहिए।
xi. परिमाण विपत्र क्रय हेतु संवेदक को Bank Solvency Certificate Current Year का संलग्न करना अनिवार्य होगा। (योजना की राशि का 25%)
उपर्युक्त सभी शर्तों को पुरा नहीं करने वाले निविदा दाता का निविदा मान्य नहीं होगा।
8. कार्य विवरणी :–

| क्र0. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य(रू0 में) | अग्रधन की राशि(रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | टण्डवा(उर्षु) मिशिंग लिंक पथ के विभिन्न पथांशों में विशेष मरम्मति कार्य। | 15.00 | 2500=00 | 30,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 2. | खदैया–गोपदा–डुमरी–केरेडारी पथ के 1st &2nd Km में साधारण मरम्मति कार्य। | 20.00 | 2500=00 | 40,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 3. | उँटा मोड़ तमासीन –कान्हाचट्टी से गुल्ली मोड़ पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 25.00 | 2500=00 | 50,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 4. | हंटरगंज–पांडेपुरा–प्रतापपुर पथ के 21वें कि0मी0 में स्थित पुल के पहुँच पथ में PCC कार्य। | 25.00 | 2500=00 | 50,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 5. | पुलिस लाइन–नावाडीह रोड के विभिन्न पुलिया का मरम्मति कार्य। | 15.00 | 2500=00 | 30,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 6. | जिहु–ईटखोरी पथ के 12वें किमी पर अवस्थित पुल पर RCC रेलिंग का निर्माण कार्य । | 10.00 | 1250=00 | 20,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 7. | चौपारण–चतरा पथ के 11वें एवं 14वें किमी पर R.C.C. नाली का निर्माण कार्य | 25.00 | 2500=00 | 50,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 8. | चौपारण–चतरा पथ के 14वें किमी पर R.C.C. नाली का निर्माण कार्य | 30.00 | 5000=00 | 60,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 9. | चौपारण–चतरा पथ के 16वें किमी पर RCC नाली का निर्माण कार्य | 20.00 | 2500=00 | 40,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 10. | सिमरिया टण्डवा पथ में अवस्थित विभिन्न पुलों का Expention Joint, Wearing Coat का मरम्मति एवं रंग रोगण कार्य। | 50.00 | 5,000=00 | 1,00,000=00 | 03 (तीन)मांह |
| 11. | सिमरिया निरीक्षण भवन का मरम्मति कार्य। | 15.00 | 2500=00 | 30,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 12. | पथ प्रमंडल चतरा के परिसर का सौंदर्यीकरण कार्य। | 10.00 | 1250=00 | 20,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 13. | पथ प्रमंडल चतरा अंतर्गत पथ अवर प्रमंडल ईटखोरी कार्यालय का नवीनीकरण कार्य। | 20.00 | 2500=00 | 40,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 14. | सिमरिया टण्डवा पथ के दाढी चौक बाजार में पथ के दोनो तरफ Paver Block कार्य। | 15.00 | 2500=00 | 30,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 15. | टण्डवा –बारियातु पथ में टण्डवा चौक के पास पथ के दोनो तरफ Paver Block कार्य। | 18.00 | 2500=00 | 36,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 16. | चौपारण–चतरा पथ के 10वें किमी पर पथ के दोनों ओर पेवर ब्लाक अधिष्ठापन कार्य। | 10.00 | 1250=00 | 20,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 17. | चौपारण–चतरा पथ के 15वें किमी पर पथ के दोनों ओर पेवर ब्लाक अधिष्ठापन कार्य। | 10.00 | 1250=00 | 20,000=00 | 02 (दो) मांह |
| 18. | पथ प्रमण्डल, चतरा अंतर्गत विभिन्न पथों में Road Safety मद अंतर्गत कार्य। | 50.00 | 5000=00 | 1,00,000=00 | 03 (तीन)मांह |

निविदा की शर्तें WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
**नोट :– परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ भी सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि का आंकलन मान्य होगा।**

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल,चतरा

PR 359388 Road(25-26).D

# न्यूज बॉक्स

## सीसीएल विजिलेंस टीम में मगध एरिया का निरीक्षण किया

**बालूमाथ।** मंगलवार को रांची से आई सीसीएल विजलेंस टीम ने मगध माइंस का निरीक्षण किया है। मगध परियोजना पदाधिकारी सदाला सतनारायण ने विजिलेंस टीम को माइंस के विभिन्न साइट का निरीक्षण कराया। इस निरीक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने टेक्नोलॉजीकल साइट और माइंस एरिया का इनवोरमेंट सामान्य पाया। मौके पर विजलेंस टीम के अलावा मगध सीसीएल कर्मी उपस्थित रहे।

## हेरहंज में निकाला गया हर घर तिरंगा यात्रा

**हेरहंज।** प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग पुलिस पिकेट में तिरंगा निकाला गया। कमान्डेंट 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, चतरा के निदेर्शानुसार एफ, समवाय सेरेनदाग के कार्यक्षेत्र के ग्राम- सेरेनदाग से ग्राम पोरसम तक हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत मोटरसाइकिल रैली और तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परिषद सदस्या चंचला देवी, ग्राम मुखिया फुलदेव सिंह,समाज सेवी शिवलाल यादव, ग्राम प्रधान विष्णु देव यादव, विजय यादव अन्य ग्रामीण तथा सशस्त्र सीमा बल समेत दर्जनों ग्रामीणों ने शामिल हुए।

## साथी योजना को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**कुंदा (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार साथी योजना के तहत जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कुंदा में मेन चौक समेत कई अन्य स्थानों पर ग्रामीणों को क्षेत्र में चल रहे कई कल्याणकारी योजना, वृद्धा पेंशन इकेवाईसी करने व स्वास्थ के बारे में जानकारी दी गई। वहीं अधिकार मित्र अजित कुमार ने कहां कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। वहीं इस दौरान क्षेत्र में 18 वर्ष से कम उम्र के अनाथ बच्चों को आधार कार्ड बनाने को लेकर जागरूक किया गया। इस मौके पर अधिकार मित्र अजित कुमार, मुन्ना दास, संजय चौधरी, किरण कुमारी, अमलेश कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## वैदिक यज्ञ व पौधरोपण कर दिया गया प्रकृति संरक्षण का संदेश

**टंडवा।** मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, नॉर्थ करणपुरा, टंडवा में वैदिक सप्ताह सह यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकृति संरक्षण हमारी धरती हमारी जिम्मेदारी के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर वैदिक हवन, गीत एवं लघु नाटक प्रस्तुत कर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य पुष्पा कुमार झा ने महर्षि दयानंद के जीवन आदर्शों को अपनाने और विश्व कल्याण में हमारी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एस शर्मा, असिस्टेंट कमांडेंट केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और उज्जवल रंजन, एसआई, सीआइएसएफ सहित अन्य गणमान्यों के स्वागत से किया गया। प्रधानाचार्य पुष्पा कुमार झा ने शॉल भेंट कर आत्मीयता प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं वृक्षारोपण कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक वीरेंद्र कुमार पांडेय, संगीत शिक्षक रजनीकांत, शिक्षिका अदिती सिंह, आचार्य अभय त्रिपाठी, कुंदन कुमार सिंह, सौरव तिवारी, संतोष कुमार मंडल सहित समस्त विद्यालय परिवार की सराहनीय भूमिका रही।

## भाजपा ने महापुरूषों की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी, लातेहार के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर एवं महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई की और प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया। मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत जोगनाटंड स्थित स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर साफ सफाई की गयी और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जिला के सभी मंडलों में घर-घर तिरंगा अभियान चला रही हैं। देश की स्वतंत्रता में आहुति देने वाले सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यर्पण व आसपास स्वच्छता अभियान चला रही हैं। स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव जिला महामंत्री अमलेश सिंह व बंसी यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य आनंद सिंह, उत्तम कुमार, नितेश यादव, राजबली राम, दीपक कुमार मोनू शौंडिक, पिंटू राम व गिरधारी राम सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके बाद शहर के स्वामी विवेकानंद पार्क में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई का माल्यापर्ण किया गया।

## कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत दुरुप पंचायत के ग्राम मौनाडीह में मंगलवार को कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लातेहार प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आदरणीय धीरज प्रसाद साहू और विधायक रामचन्द्र सिंह के निदेर्शानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महुआडांड़ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज ने की। इस दौरान पंचायत अध्यक्ष समेत पंचायत कमिटी का विस्तार किया गया और नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, अपने संबोधन में प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज ने कहा, जीपीसीसी का गठन जनता की सेवा का अवसर है। हम गरीब, किसान, मजदूर और नौजवान के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करेंगे और कांग्रेस का संदेश हर बूथ तक पहुंचाएंगे। वहीं मंडल अध्यक्ष नुरुल हसन अंसारी ने कहा कि नवगठित पंचायत कमिटियां कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत आधार देंगी और आने वाले समय में पंचायत से लेकर जिला तक कांग्रेस का झंडा ऊंचा लहराएगा। उन्होंने युवाओं से कांग्रेस से अधिक से अधिक जुड़ने की अपील की।

### सीआरपीएफ ने शहर में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, कमांडेंट ने कहा-

# तिरंगा हम हिन्दुस्तानियों की शान है

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सीआरपीएफ 11वीं बटालियन द्वारा कमांडेंट याद राम बुनकर के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व मंगलवार की सुबह लातेहार शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की शुरूआत किना किनामांड़ कैंप प्रांगण से की गई। जो मेन रोड और विभिन्न चौक चौराहों होते हुए थाना चौक तक गई। फिर पुनः मेन रोड होते हुए ब्लॉक स्थित कैंप कार्यालय पहुंचकर समाप्त हो गई। इस दौरान राष्ट्र भक्ति म्यूजिक और भारत माता की जय से पूरा शहर राष्ट्र भक्ति से सराबोर हो गया। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी पदाधिकारी और सीआरपीएफ जवान हाथों में तिरंगा लिए आगे बढ़ रहे थे। जो काफी आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर कमांडेंट याद राम बुनकर ने तिरंगा यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और शहरवासियों को तिरंगा यात्रा के माध्यम से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हम हिन्दुस्तानियों की शान है। उन्होंने हर घर तिरंगा फहराने का संदेश देते हुए लोगों से अपील किया है। उन्होंने यह भी कहा कि हमेशा तिरंगा फहराना चाहते है। तो उसके लिए समुचित रौशनी होनी चाहिए। इसका लोग जरूर ख्याल रखे। मौके पर बड़ी संख्या मे जवान शामिल थे।

## महुआडांड़ पुलिस ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया



**महुआडांड़(लातेहार)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र मे महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में एसएसबी एवं आरआरबी के संयुक्त टीम द्वारा मोटरसाइकल से घूमकर हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्र के हामी, अम्बवाटोली, दीपाटोली, गुडगुटोली, कुरो मोड़, जरहाटोली, राजडंडा, रामपुर एवं अन्य स्थानों में अभियान के दौरान आमजनों से अपील की गई कि हर घर तिरंगा लगाना है। बाइक चालकों को रॉड सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियम के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही नशा का सेवन से हो रहे क्षति एवं नशा मुक्ति को लेकर भी आम जनता खास कर युवाओं को जागरूक किया गया।

# गंभीर बुखार से बच्चे की मौत, कई मासूमों की समय पर जांच से बची जान

- कुंदा के लालिमाटी गांव में वायरल फीवर व पीलिया का प्रकोप, सड़क नहीं होने से एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत लालिमाटी गांव में गंभीर बुखार से बिनोद भारती के लगभग पांच वर्षीय पुत्र की मौत इलाज के दौरान हो गई। वहीं, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती के प्रयास से गांव के दर्जनों बच्चों की समय पर जांच कर उनकी जान बचाई गई।

डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि गांव में वायरल फीवर और पीलिया के कारण कई बच्चे अस्वस्थ हो गए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तुरंत इलाज शुरू कर दिया, जिससे कई मासूमों को बचाया जा सका। डॉ. कुमार ने गंभीर बुखार से पीड़ित एक बच्ची का उपचार कर उसे स्वस्थ किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है और जरूरत पड़ने पर तत्काल उपचार उपलब्ध करा रही है। बुखार के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने बताया कि गांव तक सड़क नहीं होने से एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम को बाइक से गांव पहुंचना पड़ा।

## सड़क दुर्घटना में घायल नर्सिंग छात्रा की इलाज के दौरान मौत

**चंदवा।** बीते 6 अगस्त को सड़क हादसे में घायल अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी की छात्रा अनिता कुमारी का इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह रिम्स में मौत हो गई। बताते चले कि हुटाप से अनिता कुमारी (देवी मंडप, चंदवा) नर्सिंग का क्लास करके टेंपो से अपने घर लौट रही थी। इसी क्रम में बोरसीदाग के समीप टेंपोअसंतुलित हुआ और वह सड़क पर गिर गई थी। जिससे उसके सिर पर गहरी चोट आई थी। मंगलवार को इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मौत हो गई। छात्रा के निधन के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मगलवार को उसका शव पोलपोल ले जाया गया, जहां उसका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## अफीम व अपराध नियंत्रण रहेगा प्राथमिकता : थाना प्रभारी

**चतरा।** लावालौंग के पूर्व थाना प्रभारी रूपेश कुमार राय को हटाए जाने के बाद प्रशांत मिश्रा ने 17वें थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने मंगलवार को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सबों से परिचय करते हुए क्षेत्र की वर्तमान स्थिति से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अफीम उन्मूलन के लिए प्राथमिक तौर पर सक्रियता के साथ कार्य किया जाएगा। साथ ही अन्य छोटे से बड़े अपराधों के नियंत्रण को लेकर हमें जो भी कदम उठाने की आवश्यकता होगी मैं कर्मठता के साथ उठाऊंगा। आगे उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि चौबीस घंटे लावालौंग थाना क्षेत्र की जनता की सेवा में पुलिस तत्पर है। बेहिचक जनता अपनी समस्याओं को मेरे समक्ष रख सकती है। मैं हर संभव उसका निदान करूंगा।

## लावालौंग से पांकी तक की सड़क को किया जाएगा दुरुस्त : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**चतरा।** विगत कुछ दिनों से मीडिया के माध्यम से लगातार लावालौंग से पांकी मुख्य सड़क को लेकर ग्रामीणों का आवाज उठाना रंग लाया है। उक्त विषय को लेकर लमटा मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अमित चौबे एवं समाजसेवी मंटू कुमार ने विधायक उज्ज्वल कुमार दास को दशकों से उभरे इस समस्या से रूबरू कराया। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक ने वन विभाग के डीएफओ से दूरभाष पर बात की। साथ ही कहा कि उक्त मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति को पुख्ता कराया जाय। विधायक ने बताया कि डीएफओ के द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है कि शीघ्र ही सड़क को दुरुस्त करके उसे आवागमन के लायक बनाया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि आगामी 18 तारीख को वन विभाग के वरीय पदाधिकारियों एवं आश्वासन समिति के साथ उक्त सड़क पर उपस्थित होकर क्षेत्र की जनता का दुख दर्द को दूर करने का हर संभव प्रयास करूंगा। जैसे ही वर्षा समाप्त होती है लावालौंग-पांकी सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण करने के लिए सांसद-विधायक को जो भी कदम उठाना पड़े वो उठाएंगे। हर हाल में एक वर्ष के भीतर लावालौंग से पांकी सड़क का निर्माण कार्य योजनाबद्ध तरीके से कराया जाएगा।

## मुखिया ने अंचलाधिकारी से की शिष्टाचार मुलाकात



**बालूमाथ।** पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा ने बालूमाथ में नव पदस्थापित अंचलाधिकारी को गुलदस्ता भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मुखिया ने बालूमाथ प्रॉपर पंचायत के जटिल समस्याएं से अवगत कराया। अंचलाधिकारी ने मामले को गंभीरता पूर्वक सुना एवं पहल करने का आश्वासन दिया।

## सड़क हादसे में दो लोग हुए घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा माल्हन मैक्लुस्कीगंज पथ पर कुसुम टोली के समीप मंगलवार की शाम एक अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क पर पैदल जा रही महिला सोनी देवी पति विफई उरांव को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महिला सोनी देवी व बाइक चला रहा युवक अमर लोहरा पिता लालचंद लोहरा (महुआमिलान) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बाइक सवार के साथ जा रहे हैं लोग एवं स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया। जहां डॉ. कंचन बाड़ा और उनकी टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनो को रिम्स रेफर कर दिया। दोनों के सिर में गंभीर चोट आई है। बताते चलें कि चंदवा थाना क्षेत्र में लगातार रफ़्तार का कहर देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दिनों मे हुई सड़क दुर्घटना मे 3 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

## आरा में दुर्गा पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत आरा ग्राम में मंगलवार को दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। जिसके सफल संचालन के लिए सर्व सम्मति से शंभू प्रसाद को अध्यक्ष, सचिव पद्म यादव, रवि प्रकाश कोषाध्यक्ष, वहीं उपाध्यक्ष महेंद्र साव, सहसचिव बृजमोहन प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष आदित्य कुमार, सहकोषाध्यक्ष प्रेम गंझू, संयोजक वीरमोहन साव, सहसंयोजक संजीत गंझू, प्रवक्ता जितेंद्र प्रसाद, कृष्णा साव, मीडिया पवन कुमार, मिथिलेश कुमार, उप मीडिया भोला कुमार, संरक्षक बसो साव, लखन साव, राजेंद्र साव, बलदेव साव, कामेश्वर यादव, खेदु साव, बबलू कुमार, गुलाब साव, कित्ता गंजू, मंगल गंजू, उमाशंकर शाह, रविंद्र लालू साव, खेमलाल गंझू, प्रेम साव, रविंद्र उरांव, विनोद गंझू, रामसेवक प्रसाद सहित कई कार्यकतार्ओं का चयनित किया गया।

## मनरेगा पार्क को लेकर बीडीओ ने लिया जायजा

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में मनरेगा के तहत लगभग 10 एकड़ में बागवानी लगाने एवं पार्क को लेकर विशेष बैठक मंगलवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव व संचालन बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता ने किया। साथ बैठक के उपरांत जगह चयन को लेकर बरियातू पंचायत के इचाक गांव में स्थल का जायजा लिया। इस दौरान रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी शामिल थे। वहीं बैठक में रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार, वर्मा प्रदीप कुमार, शालिनी भारती, पार्वती देवी, रमेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने पशुपालकों को चेताया, कहा- लावारिस मवेशी सड़क पर छोड़े तो होगी कानूनी कार्रवाई

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सभी पशुपालकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ने की प्रवृत्ति पर तुरंत रोक लगाएं। हाल के दिनों में लावारिस पशुओं के कारण कई सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें लोग घायल हुए हैं, मौतें भी हुई हैं और मवेशी भी घायल हुए हैं। थाना प्रभारी ने स्पष्ट और साफ सुथरा लहजे में चेतावनी देते हुए कहा है कि सड़क पर लावारिस हालत में देखे जाने पर मवेशियों को जब्त कर संबंधित पशुपालक पर जुमार्ना, हजार्ना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने अपील की है कि पशुपालक अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखें, ताकि मानव जीवन और मवेशियों दोनों की रक्षा हो सके। उन्होंने कहा यदि जानवर सड़कों पर लावारिस हालत में घूमता हुआ मिले तो उसकी जानकारी थाने को दें, सूचना सटीक होनी चाहिए। बताने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और संबंधित लापरवाह पशुपालक पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 03/2025–26)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–28-08.2025 को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–29-08-2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–29-08.2025 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :–(1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची।
(2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
(3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण** :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | छत्तरपुर–करमा–चेराई पथ का साधारण मरम्मति कार्य। (वर्ष 2025–26) | 49,99,169.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |

**नोटः–** (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**

**PR.NO.359395 Road(25-26):D**

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND**
**(DISTRICT NAZARAT SECTION)**

Memo No-441 Dated-12/08/2025

**CORRIGENDUM NOTICE**

In reference to Very Short Term RFP related to Digitization and Software Development of Panji 2 (Register 2) Records published vide Memo No.-429, Dated 06.08.2025, PR No.- 359105, the corrigendum notice is hereby released with modified Terms & Conditions as per following details:-

| S.No. | Clause | Contents | Changes |
|---|---|---|---|
| 1 | 3.Scope of Work D. Infrastructure and Deployement | D. Infrastructure and Deployment - Agency must bring and deploy: - High-speed scanners - Computer systems with secure storage - Printers, if needed for data printouts - Skilled manpower for scanning, uploading, and system deployment - Agency is also responsible for training designated government staff in usage of the portal. | D. Deployment - Agency must deploy: - - Skilled manpower for scanning, uploading, and system operation. - Agency is also responsible for training designated government staff in usage of the portal. |
| 2 | 9. Evaluation & Selection | The bidder got highest marks in Technical evaluation criteria as per Clause 98will be given a Technical score of 100 and the other bidders shall be given technical scores as per their evaluated technical score after normalization. | The bidder got highest marks in Technical evaluation criteria as per Clause 8 will be given a Technical score of 100 and the other bidders shall be given technical scores as per their evaluated technical score after normalization. |

Rest of the terms and conditions of RFP will remain same.

PR 359392 (District) 25-26 (D)

NDC, Chatra

### साप्ताहिक टेस्ट में फेल व अनुपस्थित छात्रों पर डीसी सख्त

# चतरा के 37 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को कारण पृच्छा, सुधार नहीं होने पर वेतन वृद्धि रुकेगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिले के 116 माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित साप्ताहिक रेल टेस्ट परीक्षा की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पाया गया कि 11 विद्यालयों में 75 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस पर उपायुक्त ने संबंधित प्रधानाध्यापकों को कड़ी फटकार लगाते हुए पठन-पाठन की गुणवत्ता में तत्काल सुधार लाने और कारण पृच्छा की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी दो साप्ताहिक टेस्ट परीक्षाओं में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी जाएगी।

समीक्षा में यह भी सामने आया कि 26 विद्यालयों में 70 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रहे। उपायुक्त ने इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से भी कारण पृच्छा करने और उपस्थिति बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपस्थिति में सुधार नहीं होने पर इन प्रधानाध्यापकों की भी वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी जाएगी। उपायुक्त कीर्तिश्री ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार समेत संबंधित अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना परिसर में मंगलवार को चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने की। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाह की सूचना तुरंत थाना को दें। ताकी समय रहते कार्रवाई की जा सकेगी। बैठक में प्रमुख रोहन साहु, आलोक रंजन, शालिम अख्तर, प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि एवं काफि संख्या में दोनो समुदाय के लोग शामिल थे।

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की लोहरदगा में हुई समीक्षा बैठक

# आरक्षण पात्रता, जन-धन क्षति व विकास योजनाओं पर दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में परिसदन, लोहरदगा में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण की पात्रता निर्धारण के लिए डोर-टू-डोर सर्वे रिपोर्ट, पिछड़े वर्गों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति, लंबित जाति, आवासीय एवं नन-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र, तथा जमीन मोटेशन मामलों की समीक्षा की गई। आयोग ने नन-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र नियमों के तहत समय पर निर्गत करने और अंचल स्तर पर ही मोटेशन मामलों को शीघ्र निपटाने का निर्देश दिया।
बैठक में हाथियों से हुई मृत्यु, मकान व फसल क्षति मामलों पर अंचल और वन विभाग की संयुक्त जांच कर अधिकतम मुआवजा देने, आग लगने व सर्पदंश से होने वाली क्षति पर त्वरित सहायता दिलाने और मुआवजा योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

कल्याण विभाग द्वारा पिछड़े वर्ग छात्रों के बीच छात्रवृत्ति व साइकिल वितरण, शिक्षा का अधिकार अधिनियम अनुपालन, आवासीय विद्यालयों के निरीक्षण, पशुपालन योजनाओं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गव्य विकास योजनाओं, मत्स्य उत्पादन समितियों के गठन, मछुआ आवास पूर्ण कराने, बिरसा हरित ग्राम योजना व बिरसा कूप संवर्द्धन योजना की समीक्षा हुई। बैठक में आयोग के सदस्य नंदकिशोर मेहता, नरेश वर्मा, लक्ष्मण यादव, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल

### आयोग की टीम ने नगर परिषद क्षेत्र में किया मतदाता सत्यापन

**लोहरदगा।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम ने लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र का दौरा किया। वार्ड-4, 10, 13, 16 और 17 में बूथवार मतदाताओं का सत्यापन किया गया। टीम ने मतदाताओं के एपिक नंबर को मतदाता सूची से मिलान किया, जो सही पाया गया। यह सत्यापन नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण की पात्रता निर्धारण हेतु संपन्न डोर-टू-डोर सर्वे की जांच के अंतर्गत किया गया।

**वार्डों का दौरा कर मतदाता सूची में एपिक नंबर का मिलान किया**

### लोहरदगा में जन्माष्टमी की धूम, राधा-कृष्ण के रंग में सजे बाजार



**लोहरदगा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर लोहरदगा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह चरम पर है। मंदिरों में रोशनी, फूल-मालाओं और झांकियों की सजावट तेज़ी से चल रही है, वहीं बाजारों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। बरवाटोली, अपर बाजार, महावीर चौक, मिशन चौक, राणा चौक, पावरगंज चौक और शास्त्री चौक की दुकानों पर पूजन सामग्री, माखन-मिश्री, झूले, पालने, बांसुरी, मोर पंख और सजावटी सामान की भरमार है। सजावट के लिए रंग-बिरंगी झालरें, एलईडी लाइटें, कृत्रिम फूल और आकर्षक झांकी बैकग्राउंड की खूब मांग है। भगवान श्रीकृष्ण के लिए सुनहरी नक्काशीदार झूले, पालने, रथ और सिंहासन से बाजार सजे हैं। बच्चों के लिए राधा-कृष्ण की रंग-बिरंगी पोशाकें, मुकुट, कान के कुंडल, हार और बांसुरी भी खूब बिक रही हैं। धार्मिक पुस्तकों, भागवत गीता और भजन संग्रह की बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई है। दुकानदारों के अनुसार, इस बार सजावट और वेशभूषा के नए डिजाइन आने से ग्राहकों की भीड़ पिछले वर्षों से ज्यादा है। जन्माष्टमी पर मंदिरों में विशेष झांकियां, भजन संध्या और मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं की तैयारियां जोरों पर हैं, जिससे पूरे शहर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना हुआ है।

### पोस्ट ऑफिस से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के मुख्य डाक कार्यालय से मंगलवार को "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के तहत भव्य जागरूकता तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह रैली अरेया ब्रांच के पोस्ट मास्टर राधेश्याम प्रजापति के नेतृत्व में बंदे मातरम् नारे के साथ यात्रा साइडिंग बस स्टैंड होते हुये बाबा मठ कोर्ट रोड पहुंची और पुनः तिरंगा यात्रा पोस्ट ऑफिस लौट कर्मचारी अपने अपने कार्यों में लग गए। वहीं पोस्टमास्टर रामशरण साहू ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा को लेकर पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय ध्वज सभी के लिए 25 रूपये में उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति उनके डाक कार्यालय से खरीद सकते है। मौके पर डाक सहायक चितरंजन महतो, अनूप टोप्पो, उत्तम तिग्गा, अनुज राम, नूतन राम, रिया गुप्ता, कौशलेंद्र कुमार, विपिन पाल, कौशल भारती, राजीव वर्मा, रचना कुमारी, बिहारी राम, संतोष सिंह, इकबाल अंसारी आदि मौजूद थे।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Planning Office, Latehar, 829206
Email: Website: www.latehar.nic.in

**Request for Proposal (RFP)**

District Planning Office, invites Request for Proposal (RFP) for the Rate for the agencies for setting up Groundnut Processing Unit in form of supply, install, onboarding and handholding for the Groundnut FPC of Mahuadanr block of Latehar district.

| SL no. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | District Planning Office, invites proposals for the Rate Contract from the agencies for setting up **Groundnut Processing Unit** in form of supply, install, onboarding and handholding of the operating body for the Groundnut FPC of Mahuadanr block of Latehar district. |
| 3 | Date of Publication of Bid | 12/08/2025 – 11AM |
| 4 | Tender fee | Rs. 5000.00 (Rupees five thousand only (Non-refundable) |
| 5 | Earnest Money Deposited (EMD) | Rs. 100000"One lakh" Onlinehttps://jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Rate valid for | One year |
| 8 | Last date and time of Submission of Bid | 26/08/2025 - 5 PM |
| 9 | Date and time of opening of Bid | 28/08/2025 – 11 AM |
| 10 | **For viewing, quoting the detailed NIC and Qualifying Requirement, bidders may also visit our website** | Online via https://latehar.nic.in/ https://jharkhandtenders.gov.in |
| 11 | Bid submission Place | Online - https://jharkhandtenders.gov.in |
| 12 | Bid Opening Place | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| 13 | Contact Number | Email Id: dpolatehar@gmail.com |
| 14 | **Method of Selection** | Cost-Based Selection (CBS) Method. Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |

**District Planning Officer, Latehar**
PR 359375 Planning and Development (25-26)_D


### कोलेबिरा मंडल भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में भाजपा मंडल द्वारा मंगलवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने किया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रण बहादुर सिंह चौक से होकर थाना चौक तक किया गया। इसके बाद बिरसा मुंडा कॉम्प्लेक्स में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से माल्यार्पण किया। तत्पश्चात रण बहादुर सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर यात्रा का समापन हुआ।यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता "भारत माता की जय", "वंदे मातरम" और "इंकलाब जिंदाबाद" के नारों के साथ तिरंगा लेकर चल रहे थे।

### कल्याण अस्पताल हेंसल बसारडीह में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन



**लोहरदगा।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्त पोषित कल्याण अस्पताल हेंसल बसारडीह लोहरदगा संचालित विकास भारती बिशनपुर में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम के द्वारा लोहरदगा रांची लातेहार आदि जिलों के तकरीबन 43 गांव के ग्रामीणों का चिकित्सा जांच किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में हड्डी जोड़ नस रोग विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ विजय प्रसाद एमडी फिजिशियन डॉक्टर शिव शंकर मुंडा जेनरल फिजिशियन डा0 बी मांझी,डॉ पी पी सिन्हा आंख रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजू कुमारी गुप्ता के द्वारा मरीजों का चिकित्सीय जांच एवं परामर्श दिया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में नस एवं हड्डी रोग के 56 आंख रोग के 35 दंत रोग के 08 सामान्य बीमारी के 78 बुखार के 30 कुल 189 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमें 17 मरीजों का एक्स-रे सिकल सेल एनीमिया टेस्ट 13 ,22 मरीज का 57 पैथोलॉजिकल टेस्ट किया गया। सभी मरीजों को निशुल्क औषधि वितरण भी किया गया। मेगा हेल्थ सिविल को संपन्न करने में प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, राजीव रंजन, मुकेश साहू, जमुना देवी, शिवम राय, अरुण राम, वरुण सिंह, अंशु कुमारी, सीमा कुमारी, सावित्री कुमारी, अनीता देवी, फारूक अंसारी, लक्ष्मी देवी, सुखमय कुंडू आदि का योगदान रहा।

### हर घर तिरंगा को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साहः सचिन कुमार

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा आज विभिन्न बूथ पर तिरंगा वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। जिसमें हर घर तिरंगा के अभियान को लेकर यह कार्यक्रम नगर के सभी जगह में तिरंगा वितरण किया जाएगा। सक्रिय सदस्य विजय खत्री ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जो प्रत्येक बुथो में तिरंगा वितरण किया जा रहा है वह बहुत सराहनीय कार्य है। मौके पर उपस्थित,विजय खत्री, सत्यम कुमार, चंदन गोप, गोविंद नायक, राखी कुमारी, कंचन देवी, पायल नायक, गीता देवी, उर्मिला देवी, संध्या देवी, कमला देवी, अनीता देवी, कविता देवी, मुकेश नायक, निकेश नायक, सुमित्रा देवी, चंदन नायक, सनी नायक, अमन नायक, सत्यजीत नायक, निखिल नायक, गंगा नायक, आकाश नायक, चाहत कुमार, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### बारिश में ढह गया गरीब का आशियाना, बाल-बाल बचे परिजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड मे पिछले दिनों हुई बारिश से एक गरीब का मकान ढह गया। जिससे उसका पूरा परिवार बेघर हो गया। इधर मकान गिरने से पूर्व परिवार के सदस्य घर से बाहर निकल गए वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मामला गडरपो पंचायत के धनामुंजी गांव की है। जहां चरवा उरांव पिता तेजूवा उरांव अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ मिट्टी के घर में था। उसने बताया कि पिछले दिनों हुई तेज बारिश से घर का दीवार गिरने लगा। हमलोगों किसी तरह घर से बाहर निकले। घर गिर जाने से हमलोगों के रहने का कोई ठिकाना नहीं रहा। इस संदर्भ में स्थानीय मुखिया सुमित उरांव ने कहा कि चरवा उरांव का ना ही अबुवा आवास और ना ही प्रधानमंत्री आवास की सूची में नाम है। जिसके कारण आवास आवंटन नहीं हो सका। नये सर्वे मे चरवा उरांव का नाम जोड़ कर अगले वित्त वर्ष आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। साथ ही आपदा प्रबंधन बिभाग से क्षतिग्रस्त घर का मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

### डेली मार्केट क्षेत्र में आज भी बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी

**सिमडेगा।** शहर का व्यस्ततम इलाका डेली मार्केट आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। डेली मार्केट के यूरिनल स्थान पर सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था आज तक नहीं हो पाई है। यही नहीं, पेयजल की समुचित सुविधाएं भी उपलब्ध न होने के कारण न केवल यहां के व्यापारियों को बल्कि खरीदारी के लिए आए ग्राहकों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि वे सुबह से लेकर देर शाम तक अपनी दुकान संभालते हैं, लेकिन शौच के लिए उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। यह न सिर्फ समय की बर्बादी है, बल्कि बरसात या गर्मी के दिनों में और भी मुश्किलें बढ़ा देता है।कई दुकानदार मजबूरी में इधर-उधर जाकर खुले में ही शौच करने को मजबूर होते हैं। डेली मार्केट में पेयजल की व्यवस्था भी बेहद कमजोर है। दुकानदारों एवं ग्राहकों को खरीद कर पानी पीना पड़ता है।


**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0- 10/2024-25 विक्रेता- श्यामलाल चौधरी पिता- स्व0 बालदेव चौधरी जाति- कुर्मी (पिछड़ी जाति) ग्राम- रंका कला पो0- रंका, थाना- रंका, जिला- गढ़वा तथा क्रेता- नंदन कुमार ठाकुर पिता- राम प्रसाद ठाकुर जाति- नाई (पिछड़ा वर्ग) ग्राम- कंचनपुर पो0- रंका, थाना- रंका, जिला- गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B)के अन्तर्गत मौजा- कंचनपुर पुराना खाता सं0- 10 नया खाता सं0- 57, पुराना प्लॉट सं0- 310 नया प्लॉट सं0- 627 रकबा- 0.15 ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका।

PR 359462 (Land Reforms) 25-26 (D)


### तिरंगा यात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा में भारत सरकार के सौजन्य से पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता के तहत हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज दूसरे चरण में देश प्रेम को समर्पित तिरंगा यात्रा एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया.सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रओं द्वारा हाथ मे राष्ट्रीय ध्वज लेकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया.सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा,मेराज अंसारी,डॉ.बैजयंती उरांव,उम्मे हबीबी,रंजू साहु सहित अन्य अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया.वही प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने कहा कि तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है.प्रत्येक नागरिक में देश प्रेम की भावना का संचार करना है.अपने देश के प्रति मान सम्मान व श्रद्धा ही ईश्वर आराधना का माध्यम है. अपने देश के प्रति प्रेम ही इंसान को उत्कृष्ठ बनाता है. उन्होंने पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र को अपने विद्यालय में राष्ट्र प्रेम का अलख जगाने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन के लिए धन्यवाद दिया. वही इस कार्यक्रम के अवसर पर जिला स्पोर्ट्स एसोसिएशन के कलाकारों द्वारा कई आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्य के साथ-साथ, मेराज अंसारी, डॉक्टर वैजयंती उरांव, चांदनी शहदेव, रंजू साहू, नरेश चंद्र महतो, शिव शंकर साहू,उम्मे हबीबी सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्रा उपस्थित थे.

### 'हर घर तिरंगा' यात्रा, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने दी महापुरुषों को श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। बीजेपी युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के नेतृत्व में यह यात्रा ललित नारायण स्टेडियम से शुरू होकर बरवाटोली चौक, ईस्ट गोला रोड, महावीर चौक, गुदरी बाजार, सोमवार बाजार, अमला टोली, पावर गंज होते हुए न्यू रोड तक निकाली गई। मार्ग में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया गया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।


**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0– 20/2024–25 विक्रेता– वेदन्ती देवी पति– सरयू राम जाति– कहार (पिछड़ी जाति) ग्राम– रंका कला पो0– रंका, थाना– रंका, जिला– गढ़वा तथा क्रेता– श्रीमति देवी पति– राजकुमार प्रसाद जाति– कहार (पिछड़ा वर्ग) ग्राम– रंका कला पो0– रंका, थाना– रंका, जिला– गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B)के अन्तर्गत मौजा– रंका कला खाता सं0– 354 प्लॉट सं0– 2257 रकबा– 0.03½ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका

PR 359460 Land Reforms (25-26)_D


### ब्लूमिंग बड्स में मनाया गया विश्व हाथी दिवस

# बच्चों ने पोस्टर, नाटक और नारों से दिया "हाथी बचाओ–प्रकृति बचाओ" का संदेश




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** रियाडा के पीछे स्थित लोपामुद्रा एजुकेशनल ट्रस्ट संचालित ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विश्व हाथी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापिका, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रकृति और वन्यजीवों की रक्षा का संकल्प लिया। शिक्षकों ने बच्चों को हाथियों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि हाथी भारतीय संस्कृति और परंपरा का हिस्सा होने के साथ जंगलों के संरक्षक और पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी हैं।
विद्यालय परिसर में बच्चों ने रंग-बिरंगे पोस्टर और पेंटिंग बनाकर हाथियों के संरक्षण का संदेश दिया। "हाथी बचाओ- प्रकृति बचाओ" थीम पर लघु नाटक भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें हाथियों पर बढ़ते खतरों, अवैध शिकार, हाथीदांत की तस्करी और उनके आवास विनाश के मुद्दों को दिखाया गया। बच्चों के जोशीले नारे और प्रस्तुतियां सभी को पसंद आईं।
मौके पर निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हाथी हमारे देश की शान हैं और उनके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है। प्रधानाध्यापिका ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने पर्यावरण और वन्यजीवों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। अंत में विद्यार्थियों ने "वन्यजीव संरक्षण हमारा कर्तव्य है" का संकल्प लिया और जीवनभर वन्यजीवों को नुकसान न पहुंचाने का वादा किया।

### 285 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण



**कैरो/लोहरदगा।** जिला कल्याण पदाधिकारी के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रखंड के बीआरसी भवन परिसर में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकीय कृत मध्य विद्यालय कैरो, मध्य विद्यालय चाल्हो, गुड़ी, नरौली, गजनी और नगजुआ के कक्षा आठवीं के कुल 285 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद सुखदेव भगत के प्रखंड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी और कैरो पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित कर की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष महताब आलम, मो. अख्तर, बीपीओ प्रकाश रंजन, प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष खाखा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करेगी और शिक्षा के प्रति उनकी निरंतरता को बढ़ावा देगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–15/2025–26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :– 22/08/2025 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– 23/08/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :– 23/08/2025 को 03:30 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरण:– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अनु0जा0बालक छात्रावास, भवनाथपुर, गढ़वा। | ₹ 49,90,000.00 | ₹ 1,00,000.00 | ₹ 5,000.00 | 3 माह |
| 2. | अनु0जा0 बालक छात्रावास, नगर उंटारी, गढ़वा। | ₹ 24,90,000.00 | ₹ 50,000.00 | ₹ 5,000.00 | 1 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट :– *Updated Character PAN, GST Return File Latest,* जिस संवेदक के नाम से पंजीकरण प्रमाण–पत्र है उसी नाम से बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 मान्य होगा। स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।
- सिर्फ स्थानिय (जिला–गढ़वा) संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 359457 Building(25-26)#D

## स्वतंत्रता दिवस पर पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को प्लस टू हाई स्कूल भरनो के खेल मैदान में सरना फुटबॉल क्लब भरनो के तत्वावधान में पांच दिवसीय कैश मनी प्राइज एवं जोड़ा खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, पूर्व मुखिया मुकेश उरांव, मुखिया प्रतिनिधि शिव कुमार केशरी, पंसस बिरसा उरांव, जहांगीर आलम, जेएसएलपीएस बीपीएम नीलकंठ कच्छप सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉल किक कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। पहला मुकाबला राइजिंग क्लब भरनो और बिरसा बचपन स्कूल तेतरटोली, बेड़ों के बीच खेला गया। रोमांचक खेल में निर्धारित समय तक कोई गोल न होने पर परिणाम पेनाल्टी शूटआउट से निकला, जिसमें बिरसा बचपन स्कूल तेतरटोली बेड़ों ने 2 गोल से जीत दर्ज की। सर्ना क्लब भरनो के अध्यक्ष मुकेश उरांव ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। फाइनल मुकाबला 16 अगस्त को होगा। विजेता टीम को 21 हजार रुपये नगद, एक खस्सी और शील्ड, उपविजेता को 10 हजार रुपये नगद, एक खस्सी और शील्ड, जबकि तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 5-5 हजार रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव ने कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं की खेल प्रतिभा निखरती है, जो सराहनीय प्रयास है। शिव कुमार केशरी और जहांगीर आलम ने युवाओं से मेहनत और लगन के बल पर खेल में अपना भविष्य संवारने का आह्वान किया। बीपीएम नीलकंठ कच्छप ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी और हार से निराश न होकर निरंतर प्रयास करने की बात कही।

इस मौके पर ग्राम प्रधान तेतरा पहान, वार्ड सदस्य शिवचरण बारला, सुरेश उरांव, पीके सिंह, गंदूर लोहरा, पिंटू बड़ाईक, संजय लोहरा, तेजुवा उरांव, कुर्बान कोटवार, राजू लोहरा, मनषा उरांव, झूलन बड़ाईक, जुडू उरांव सहित समिति के अन्य सदस्य और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित

# कई मामलों का मौके पर समाधान शेष पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी समस्याएं, आवश्यकताएं और व्यथा प्रशासन के समक्ष रखीं। जन शिकायत निवारण दिवस में राशन, आवास, स्वास्थ्य, नगर निकाय व्यवस्था, सड़क निर्माण, नशा मुक्ति, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न विषयों से जुड़े कई मामलों की सुनवाई हुई। इनमें से अनेक शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष पर संबंधित विभागों को त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

चांडाली के इंद्रटांड़ मोहल्ला के नागरिकों ने कच्ची सड़क और बिजली पोल की मांग रखी, जिस पर उप विकास आयुक्त ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। सिसई निवासी अभिषेक उरांव ने अपने भाई बंधन उरांव की गुमशुदगी का मामला उठाया, जिस पर पुलिस अधीक्षक और श्रम अधीक्षक को खोजबीन के निर्देश दिए गए। पालकोट की सीता मुनि देवी ने पति की मृत्यु के बाद बेटी की पढ़ाई में सहायता हेतु आवेदन दिया, जिस पर स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने का निर्देश हुआ। कुलाबीरा के राजपति साहू ने बारिश से मकान क्षति पर आवास योजना या आपदा राहत राशि की मांग की, जिस पर बीडीओ को त्वरित सहायता के आदेश दिए गए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका नियुक्ति, जमीन विवाद, आवास योजना, सामाजिक पेंशन, रोजगार सहायता, सड़क निर्माण और घरेलू विवाद निपटान जैसे विषयों पर भी कई आवेदन आए, जिन पर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी और मानवीय दृष्टिकोण से समाधान करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त के निर्देशानुसार हर मंगलवार और शुक्रवार को जिला एवं अनुमंडल स्तर पर जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित होता है। इसके अलावा प्रत्येक शनिवार को चयनित प्रखंडों में अंचल दिवस और प्रत्येक माह की 26 तारीख को थाना दिवस के माध्यम से भी जनता की समस्याओं का समाधान किया जाता है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए इन कार्यक्रमों में भाग लेकर स्थानीय स्तर पर निवारण का लाभ उठाएं।

## भरनो में किसानों ने यूरिया की किल्लत पर जताई चिंता, बीडीओ को सौंपा आवेदन



**भरनो (गुमला)।** झारखंड राज्य किसान महासभा के जिला सचिव शंकर उरांव के नेतृत्व में मंगलवार को प्रखंड के कई किसान प्रखंड कार्यालय पहुंचे और प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह से मुलाकात की। किसानों ने खेतों में यूरिया उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। किसानों ने बताया कि धान की रोपनी का काम पूरा हो चुका है और अब खेतों में यूरिया डालने का समय है, लेकिन प्रखंड के किसी भी दुकान में यूरिया उपलब्ध नहीं है। इस वजह से किसान गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि यूरिया की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर की जा रही है। इस मौके पर चंद्रदेव उरांव समेत दर्जनों किसान मौजूद थे।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
Email: Website: www.latehar.nic.in

**Request for Proposal (RFP)**

District Planning Office, invites proposals for the Rate Contract from the agencies for setting up Rice processing unit in form of supply, install, onboarding and handholding for the Jeera Phool rice FPC of Mahuadanr block of Latehar district.

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | District Planning Office, invites (RFP)Request for proposals for the Rate from the agencies for setting up Rice processing unit in form of supply, install, onboarding and handholding of the operating body for the **Jeera Phool** rice FPC of Mahuadanr block of Latehar district. |
| 3 | Date of Publication of Bid | 12/08/2025 |
| 4 | Tender fee | Rs. 5000.00 (Rupees two thousand only (Non-refundable) |
| 5 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | 100000"One lakh" |
| 7 | Rate valid for | **One year from the date of work order** |
| 8 | Last date and time of Submission of Bid | 26/08/2025 -5 PM |
| 9 | Technical Bid Opening | 28/08/2025 – 11 AM |
| 10 | Financial Bid Opening | 28/08/2025 – 3 PM |
| 11 | Bid submission Place | Online - https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 12 | Bid Opening Place | DPO Office, Latehar |
| 13 | Contact Number | Email Id: dpo.latehar@gmail.com |
| 14 | Method of Selection | Cost-Based Selection (CBS) Method. Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |

**District Planning Officer, Latehar**
PR 359373 (Planning and Development) 25-26 (D)


## पालकोट में तिरंगा यात्रा, वीर जवानों व शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**पालकोट (गुमला)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार, वीर जवानों और शहीदों की याद में मंगलवार को पालकोट मंडल के द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 बजे पम्पापुर कॉलेज मोड़ से हुआ और समापन कॉलेज मोड़ के पास किया गया। इस तिरंगा यात्रा में पालकोट मंडल के महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, सभी मोर्चों के अध्यक्ष, कार्यकर्ता, कार्यक्रम संयोजक, सह-संयोजक, मंडल समिति के सम्मानित सदस्य, पदाधिकारी, वरिष्ठ नागरिक और पूर्व जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश नारायण सिंह उर्फ गुड्डु सिंह ने किया। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति और एकता का संदेश देते हुए सभी प्रतिभागियों ने तिरंगा लहराकर वीर सपूतों को नमन किया।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक में झंडोत्तोलन की समय सारिणी तय




नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में झंडोत्तोलन की समय सारिणी तय की गई और अन्य कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। बैठक में नवनिर्मित स्टेडियम में एक व्यक्ति द्वारा उत्पन्न विवाद पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, जिसमें प्रशासनिक कार्रवाई के तहत विवाद का समाधान करने पर सहमति बनी। बैठक में प्रमुख पारसनाथ उरांव, पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष किशोर साहू, पंसस जहांगीर आलम, झामुमो नेता पंचू उरांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही, बीपीओ सूरज लकड़ा, सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा, एई मो. वसीम, देवकुमार गुप्ता, बीएचओ डॉ. मनोज कुमार झा, संगीता कुजूर, संध्या कुमारी, रविन्द्र कुमार, एएसआई रामजीत बैठा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने स्वतंत्रता दिवस को गरिमामय और उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

## नशे के जाल व चोरी की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाना है : महेंद्र करमाली

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** शहर में ब्राउन शुगर सहित नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन और चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से गुमला थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने थाना सभागार में सभी वार्ड प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में वार्ड सदस्यों ने खुलकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। वार्ड प्रतिनिधियों ने बताया कि शहर में गांजा, कोरेक्स, नशीली टैबलेट, ब्राउन शुगर और अन्य मादक पदार्थों की खुलेआम बिक्री हो रही है, जिसका शिकार खासकर छात्र और कम उम्र के बच्चे हो रहे हैं। उन्होंने इन गतिविधियों पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य नशे के जाल और चोरी की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाना है। इसके लिए पुलिस सादे वेश में शहर के संदिग्ध इलाकों में गश्ती करेगी।


**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0– 21/2024–25 विक्रेता– आशा कुँवर पति– स्व0 सेवक चौधरी जाति– कुर्मी (पिछड़ी जाति) ग्राम– दुबे मरहटिया, पो0– तिलदाग, थाना– गढ़वा, जिला– गढ़वा तथा क्रेता– शांति देवी पति– राम प्रसाद ठाकुर जाति– नाई (पिछड़ा वर्ग) ग्राम– कंचनपुर पो0– रंका, थाना– रंका, जिला– गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B)के अन्तर्गत मौजा– सिंगा कला उर्फ सरका, पुराना खाता सं0– 5 नया खाता सं0– 7, पुराना प्लॉट सं0– 260, 261 नया प्लॉट सं0– 504, 506 कुल रकबा– 0.15 ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका।

PR 359461 Land Reforms(25-26)D


### गुमला में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर विशेष बैठक

# भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और गरिमामय तरीके से मनाने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता शशींद्र बड़ाईक की अध्यक्षता में विशेष समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले स्तर पर होने वाले मुख्य समारोह की रूपरेखा, विभागीय जिम्मेदारियों का निर्धारण, तैयारियों की प्रगति और आपसी समन्वय के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अपर समाहर्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तैयारियों के हर पहलू को गंभीरता से लेते हुए तय समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरे करें, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण हो।

उन्होंने एल्बर्ट एक्का स्टेडियम परिसर की सफाई, घास कटाई, भवन मरम्मत, रंग-रोगन और सजावट सहित सभी तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और नगर परिषद एवं भवन प्रमंडल को तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने और समारोह के दिन वाहनों के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में सहायक निदेशक, सामान्य शाखा ललन कुमार रजक ने बताया कि 13 अगस्त को सुबह 9 बजे एल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रिहर्सल आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, नगर परिषद प्रतिनिधि, सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अपर समाहर्ता ने बैठक के अंत में स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभाग आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ तैयारियों को अंजाम दें, ताकि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन भव्य, सुरक्षित और यादगार बने।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सिसई में निकाला गया भव्य तिरंगा शोभा यात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा एवं भाजपा मंडल सिसई के द्वारा संयुक्त रूप से आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा का शुभारंभ कुदरा जीता पतरा सिसई से भारत माता की जय, वन्दे मातरम की जयघोष के साथ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव , भाजपा सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी यादव मंडल महामंत्री लाल राय भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष ओज जयसवाल शामिल हुए शोभायात्रा जीता पतरा से मेन रोड, प्रखण्ड मुख्यालय, बसिया रोड, थाना रोड होते हुए शहीद कैप्टन स्व लोहरा उरांव चौक तक गया। यात्रा के दौरान विद्या मंदिर के बच्चे भारत माता की जय, वन्दे मातरम, वीर शहीद जवान अमर रहे जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। वहीं पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा एवं सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने स्व लोहरा उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तदोपरांत शोभायात्रा वापस जीता पतरा पहुंचा जहां विद्यालय के बच्चों सहित सभी लोगों को जलपान कराया गया और जुलूस का समापन किया गया।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, चतरा**

**सूचना**

निदेशालय पत्रांक 1098, दिनांक–07.08.2025 के आलोक में दिनांक 18.08.2028 को समय सुबह 10:00 से संध्या 05:00 बजे तक चतरा कॉलेज चतरा में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है।

आठवी उत्तीर्ण से लेकर Graduate ,और तकनीकी योग्यताधारी– ITI, डिप्लोमा, B Tech एवं कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी अप्रेन्टिसशिप मेले में उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सकते है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने Aadhar Linked Mobile Number, Pan Card/ Aadhar/ Driving Licence ,एक पासपोर्ट साइज फोटो, Email id एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित शैक्षणिक पत्रो के साथ भाग ले सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी –सह– सहायक शिक्षुता सलाहकार चतरा।

PR.NO.359389 Labour Employment and Traning(25-26):D


# देवकी बाबा धाम में अनियमितता की खबर पर जिला परिषद का एक्शन, किचन शेड का पुनर्निर्माण शुरू

नवीन मेल संवाददाता




**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के प्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम मंदिर परिसर में जिला परिषद द्वारा बनाए जा रहे किचन शेड में अनियमितता की खबर सामने आने के बाद विभाग तुरंत हरकत में आ गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए, जिला परिषद के कनीय अभियंता पवन खलखो ने मौके पर पहुँचकर जांच की और खामियों को स्वीकार किया। दरअसल, सोमवार को मीडिया में यह खबर प्रकाशित हुई थी कि किचन शेड का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है, जिससे इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए थे। जांच के दौरान, अभियंता ने पाया कि शेड का छज्जा एक तरफ झुक गया था। उन्होंने तुरंत झुके हुए हिस्से को तुड़वाकर नए सिरे से पुनर्निर्माण करने के निर्देश दिए। कनीय अभियंता ने संवेदक को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही होने चाहिए।

अगर भविष्य में इस तरह की शिकायतें मिलती हैं, तो संबंधित संवेदक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला परिषद की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों में संतोष का माहौल है। लोगों ने विभाग के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 20/2025–26

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | नगर पंचायत, लातेहार। |
| 2. | विज्ञापनदाता का पदनाम | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | नगर पंचायत, कार्यालय लातेहार। |
| 4. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | 25.08.2025 कार्य दिवस में कार्यालय अवधि तक। |
| 5. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार। |
| 6. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं संमय | :– | 26.08.2025 को 2.00 बजे दिन तक। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 26.08.2025 को 3.30 बजे अपराह्न। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | :– | नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय कक्ष। |

कार्य का विवरण

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलीत राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्यादेश निर्गत की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं0 13 पहाडपुरी में सामुदायिक भवन का जीर्णोद्वार कार्य। | 48200.00 | 1000.00 | 1000.00 | 30 दिन |
| 2 | वार्ड सं0 02 बानपुर बाजारटॉड में बाजार समिति कार्यालय के बगल में निर्मित दुकान का नवीकरण कार्य। | 76650.00 | 1550.00 | 1000.00 | 30 दिन |

नोट :– कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है, या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in & www.lateharnagarpanchayat.org पर देखा या डाउन लोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार

PR 359397 Urban Development (25-26)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने समाज और देश के प्रति जागरूक रहे। उसे अपने समाज और देश की समस्याओं के बारे में सोचना चाहिए और उनका समाधान खोजने का प्रयास करना चाहिए।" **- हजारी प्रसाद द्विवेदी**

## संपादकीय

# पाक के साथ अमेरिका बेनकाब

व्यापार के लिए सब जायज नीति वाले ट्रंप के अमेरिका की वैश्विक स्थिति हास्यास्पद हो गई है।पाकिस्तानी आतंकी ढांचे को बेनकाब करने के अपने अभियान में भारत ने एक महत्वपूर्ण और दुर्लभ कूटनीतिक जीत हासिल की है। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय निगरानी से बचने के लिए बार-बार खुद को नया नाम दिया है। पहलगाम आतंकी हमले (जिसे पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तोइबा की एक छद्म शाखा, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने अंजाम दिया) ने दुनिया को झकझोर दिया है। नतीजतन अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र, दोनों ने टीआरएफ का नाम लेकर पाकिस्तान को शर्मिंदा किया, तथा इसे सीधे तौर पर इस्लामाबाद की जम्मू और कश्मीर में प्रॉक्सी के जरिए जेहाद छेड़ने की नीति से जोड़ा है। यह संयुक्त रुख न केवल भारत की खुफिया जानकारी की स्वीकृति है, बल्कि पाकिस्तान की दशकों पुरानी इस नीति पर सार्वजनिक अभियोग भी है, जिसमें वह अपनी संलिप्तता से इन्कार करते हुए नए नामों के तहत आतंकवादी समूहों को बढ़ावा देता है। नई दिल्ली के लिए यह एक दुर्लभ क्षण था, जब अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान के कपट के खिलाफ कदम उठाया। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कदम वाशिंगटन में भारत की गहन कूटनीतिक पहल के बाद उठाया गया। भारत ने तकनीकी प्रमाणों के साथ विस्तृत डोजियर प्रस्तुत किया है, जो टीआरएफ के डिजिटल पदचिह्नों, वित्तपोषण और नेतृत्व को पाकिस्तान के डीप स्टेट और लश्कर-ए-ताइबा से जोड़ते हैं। यह भारत की खुफिया जानकारी में बढ़ते वैश्विक विश्वास को दर्शाता है। भारत ने पश्चिमी सहयोगियों को दी गई जानकारी में पहलगाम आतंकी घटना को प्रमुखता से उठाया और इसे स्थानीय कानून-व्यवस्था का मुद्दा न मानकर, बल्कि जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने की आईएसआई की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा बताया। फिर भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रत्याशित यू-टर्न लेते हुए अपनी नवीनतम टिप्पणियों और नीतिगत संकेतों में पाकिस्तान को असाधारण प्राथमिकता दी है, जिससे अमेरिकी मंशा पर गंभीर संदेह पैदा हो गया है। दबाव बनाए रखने के बजाय, ट्रंप का झुकाव एक ऐसे मुल्क को पुरस्कृत करने का जोखिम उठाता है, जो आतंकवादियों की फैक्टरी के रूप में काम करता है। भारत के लिए स्थिति स्पष्ट है: वाशिंगटन द्वारा टीआरएफ की सार्वजनिक निंदा के बाद अब व्हाइट हाउस ने इस्लामाबाद को खुश करने की इच्छा दिखाई है, चाहे वह अल्पकालिक सामरिक लाभ पाने के लिए हो या अन्य भू-राजनीतिक सौदों की तलाश के लिए। यह दोहरा मापदंड न केवल अमेरिका के आतंकवाद-रोधी रुख की विश्वसनीयता को कमजोर करता है, बल्कि पाकिस्तान को अपने छद्म युद्ध को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित भी करता है। इससे पता चलता है कि वैश्विक कूटनीति के उच्च मंच पर रणनीतिक सुविधा अक्सर नैतिक स्पष्टता पर भारी पड़ती है। भारत को दृढ़ता और प्रमाण, दोनों के साथ इसका मुकाबला करने के लिए तैयार रहना चाहिए। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र की कार्रवाई से पाकिस्तान की कूटनीतिक चुनौती बढ़ गई है। हाल ही में एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर आने के बाद, इस्लामाबाद अब नए सिरे से निगरानी का जोखिम उठा रहा है। ये कदम वैश्विक निगरानी संस्थाओं को आतंकवाद के वित्तपोषण पर पाकिस्तान के रिकॉर्ड की फिर से जांच करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, लेकिन ट्रंप एक बार फिर पाकिस्तान के रक्षक साबित हो सकते हैं। पिछले दो वर्षों में, भारत ने चुपचाप और लगातार टीआरएफ और उसके सहयोगी संगठनों जैसे पीएएफएफ, यूएलएफजेके और गजनवी फोर्स के खिलाफ मामला बनाया है।

*भारत ने तकनीकी प्रमाणों के साथ विस्तृत डोजियर प्रस्तुत किया है, जो टीआरएफ के डिजिटल पदचिह्नों, वित्तपोषण और नेतृत्व को पाकिस्तान के डीप स्टेट और लश्कर-ए-ताइबा से जोड़ते हैं।*

# बाबाओं की फिसलती जुबान आए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास


एआई जेनरेटेड

आज की बात


**मनोज कुमार अग्रवाल**

देश की करोड़ों बेटियां चिकित्सा अभियांत्रिकी सैना पुलिस शिक्षा स्वास्थ्य न्याय स्वरोजगार क्षेत्रों में धरती से लेकर अंतरिक्ष तक देश के लिए अपनी सेवाएं दे रही है क्या एक दो फीसदी पथ से भटकी लडकियों की वायरल रील को देश की तमाम नारी जगत के चरित्र के आकलन का मापदंड माना जा सकता है? लेकिन स्वयंभू बाबा इन दिनों देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रावणी अपराध कर रहे हैं हाल ही में एक कथावाचक का युवतियों को लेकर बेहद आपत्ति जनक बयान वायरल हुआ। जिसमें यह कथावाचक अनिरुद्धाचार्य कहता है कि पच्चीस साल की लड़की कई जगह मुंह मार चुकी होती है। क्या किसी कानून या सरकार ने अब इन बहरुपिए कथा वाचको को देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगाने का अधिकार दे दिया है? कथा के नाम पर यह मात्र छठी कक्षा पढ़ा कथा वक्ता पिछले कुछ समय से जिस तरह की प्रश्नोत्तरी सोशल मीडिया पर वायरल कर प्रचार पा रहा है वह बेहद भौंडी और धर्म संस्कृति संस्कार सदाचरण से कोसो दूर है। अभी इस कथा वाचक का बयान समाज विशेषकर महिलाओं बच्चियों को मर्माहत कर रहा था कि इसी बीच पिछले कुछ समय में सोशल मीडिया पर छाकर अपनी पहचान बनाने वाले प्रेमानंद महाराज का बेहद आपत्तिजनक बयान वीडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में प्रेमानंद महाराज लड़के और लड़कियों के चरित्र पर टिप्पणी कर रहे हैं। महाराज ने एक वायरल वीडियो में कहा है कि, 'आज के समय में 100 में से मुस्किल से दो-चार लड़कियां ही पवित्र होती हैं, बाकी सभी ब्वॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड के चक्कर में लगी हुई हैं.' प्रेमानंद महाराज का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। महाराज ने आगे कहा था, 'अगर कोई युवक 4 लड़कियों से संबंध बनाता है, तो वह अपनी पत्नी से संतुष्ट नहीं रह पाएगा, क्योंकि उसे व्यभिचार की आदत लग चुकी होती है. इसी तरह, जो लड़की चार पुरुषों से संबंध बना चुकी है, उसके अंदर एक पति को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं रहती.' इसके अलावा उन्होंने कहा कि 100 में से मुश्किल से दो-चार कन्याएं ही ऐसी होती हैं, जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती हैं। समझ से परे की बात है कि इस तरह का बयान उन्होंने क्यों दिया? उनके पास इस देश की नारी शक्ति की पवित्रता मापने का कौन सा मापदंड है? समूचे देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रहे महाराज मात्र आठवीं तक की स्कूली शिक्षा पाए हैं सोशल मीडिया पर उनके एकांत वार्ता की हजारों रील प्रसारित है गुरू महिमा का बखान करने वाले एक बालक सक्षम की करुणा भरी आवाज़ में पार्श्व संगीत के साथ बजने वाले वायरल भजन ने बड़ी तादाद में लोगों को उनके प्रति आकर्षित किया है। कभी भक्तों की ओडी और महंगी गाड़ियों में कभी पैदल रात के दो तीन बजे अपने आवास से आश्रम की यात्रा के दौरान हजारों भक्तो के जमघट और जयकारे की रील खूब प्रचारित की जाती रही है। संघ प्रमुख मोहन भागवत क्रिकेट प्लेयर विराट अनुष्का या कुछ अन्य माननीय उन से भेंट करने आ चुके हैं यह उन्हें सर्वमान्य होने का अहसास कराता है लेकिन ख्याति को पचा पाना सब के वश की बात नहीं है उनके साथ भी यही हुआ है इसे मतिभ्रम की स्थिति ही कहा जाए कि इस सबके बावजूद उन्होंने भाषा और शालीनता की तमाम मर्यादाओं को तोड़कर जिस तरह की टिप्पणी देश की बेटियों की अस्मिता पर की है वह वास्तव में एक संत के मुख से शोभा नहीं देती है। न यह सच्चे संत की भाषा या विचार हो सकता है। दरअसल इन दिनों सोशल मीडिया पर सैकड़ों पथ से भटक गयी युवतियों की अवांछनीय हरकतों की रील तरह तरह से वायरल कर इस तरह का वातावरण तैयार किया जा रहा है जिसमें युवतियों लड़कियों को आचरण हीन और मर्यादाहीन जीवन में रत होने का प्रचार किया जा रहा है। लेकिन इस तरह के अमर्यादित वस्त्र और व्यवहार मात्र एक दो प्रतिशत लड़कियां या युवतियां करती है ये सोशल मीडिया पर वायरल रील समूचे समाज की बानगी नहीं है यदि कोई इन रील के आधार पर समाज के चरित्र का आकलन करता है तो वह निरा मूर्ख है। अल्पशिक्षित कथा वक्ता इसी तरह का काम कर रहे हैं। महाराज बयान कर रहे हैं कि सौ में से दो चार ही कन्याएं ही ऐसी होती है जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती है। यह बयान निसंदेह एक संत का नही हो सकता है। यदि उनके अपने बेटी होती तो भी वह ऐसा असभ्यता अशालीन और अतार्किक बयान शायद नहीं करते। इस तरह की बयानबाजी समाज में नर नारी के बीच आपसी विश्वास और संबंधों में दरार और संदेह उत्पन्न करेगी। खासकर ऐसे समय में जब भारतीय समाज नीले ड्राम वाली मुस्कान और हनीमून पर पति का कत्ल कराने वाली सोनम के दुराचरण से आहत हैं और युवाओं में विवाह के प्रति आकर्षण उतार पर है संदेह और अविश्वास को बढ़ाने वाले बयान देना समूचे समाज की मानसिकता में महिलाओं लड़कियों के प्रति संदेह और अविश्वास का बीजारोपण कर सकता है। हर शहर कस्बे में इन कथा वक्ता और महाराज के बयानों को लेकर महिलाओं खास कर लड़कियों में गहरी नाराजगी है लेकिन इन लोगों ने अपने बयान पर शर्मिंदगी जताने की इंसानियत भी नही दिखाई है। इनका ऐसा रवैया इनके दम्भ को दर्शाता है। आपकों बता दें कि भारत के पुरातन वेदों शास्त्रों में नर नारी को न सिर्फ समान सम्मान और आदर से प्रतिष्ठित किया गया है वैदिक ऋचाओं में विश्ववारा गोधा सरमा अपाला घोषा शची लोपामुद्रा भारतीय नारी ऋषियों का बेहद सम्मान पूर्ण स्थान रहा है इतना ही नहीं शास्त्रों में वर्णित सप्तऋषियों में भी एक अरूंधती महिला सप्तऋषि स्थान पर पदस्थ की गयीं जिस सनातन संस्कृति में नारी का इतना उच्च व गौरवशाली स्थान रहा है सीता सावित्री गार्गी के चरित्र अनुपम हैं देश की युवा पीढ़ी की बच्चियों को भारतीय नारियों के गौरवशाली अतीत को स्मरण कराने की जरूरत है न कि उन के चरित्र हनन करने की। इस तरह के अतिरंजित घृणा भरे बयान भारतीय युवा पीढ़ी की बच्चियों के हृदय में सुधार के स्थान पर कुंठा और अवसाद को जन्म देगा। जिन वेदों की ऋचाओं को स्वयं नारी ऋषियों ने गढ़ा कालांतर में मध्ययुगीन काल में महिलाओं को ही वेदों के पठन पाठन का अधिकारी नहीं होने का शिगूफा कुछ तत्कालीन धर्म के स्वयंभू ठेकेदारों ने छोड़ा आज भी इस तरह के कथा वक्ता और महाराज कालनेमियो की तरह नारी के प्रति बेहद घृणास्पद चरित्र हनन करने वाली बदजुबानी कर नारी सम्मान और अस्मिता पर लांछन लगा रहे हैं। रील के प्रचार प्रसार के बूते पर समाज में दबदबा बनाने वाले इन लोगों को जानना चाहिए ऋग्वेद में नारी के लिए लिखा है 'स्त्री हि ब्रह्मा वभुविथ' यानि नारी ब्रह्मज्ञान की अधिष्ठाता है वह स्वयं विदुषी होती है संतान को सुशिक्षित बनाती है। भारतीय नारी आज भी संसार में अपने उज्जवल चरित्र के लिए पहचान रखती है देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर एक महिला सुश्री द्रोपदी मुर्मू देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के राज्यपाल पद पर महिला सुश्री आनंदी बेन कुशलता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहीं हैं तो देश की बेटी विंग कमांडर सोफिया कुरैशी आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सीमा पर जबाव देती है तो सुप्रीम कोर्ट में महिला न्याय मूर्ति बी बी नागरत्ना देश की नारी जगत की गरिमा को अभिवृद्धि कर रहीं हैं। भारत सरकार का महत्वपूर्ण वित्त मंत्रालय भी एक महिला निर्मला सीतारमन बखूबी संभाल रही हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# किसी भी कीमत पर समझौता नहीं

व्यंग्य की बात


**राकेश दुबे**

सारे देश को धीरे-धीरे समझ आने लगा है कि भारतीय कृषि व डेरी क्षेत्र में अमेरिकी उत्पाद खपाने के लिए ही डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ आंतक फैला रहे हैं। यही वजह है कि पहले संयम दिखाने के बाद भारत ने निरंकुश ट्रंप सरकार को चेता दिया है कि भारतीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हितों की बलि नहीं दी जा सकती। हमारे लिये यह देश की एक बड़ी कृषि व डेरी उद्योग से जुड़ी आबादी के जीवन-यापन का भी प्रश्न है। अब पीएम मोदी ने ट्रंप द्वारा अतार्किक टैरिफ बढ़ाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने देश के किसानों को आश्वस्त किया है कि उनके हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। भारत में हरित क्रांति के सूत्रधार, प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के मौके पर उनका यह बयान और महत्वपूर्ण व प्रासंगिक हो जाता है। कृतज्ञ राष्ट्र स्वीकार करता है कि स्वामीनाथन के हरित क्रांति में योगदान से भारत खाद्यान्न की कमी से उबरकर आज खाद्यान्न अधिशेष वाला राष्ट बन गया है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि भारत वाशिंगटन के उन मंसूबों पर पानी फेरने के लिए खड़ा हो गया है, जिनके तहत अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों से कम टैरिफ के साथ भारत के बाजार को पाटना चाहता है। निस्संदेह, भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन प्रमुख क्षेत्रों कृषि, डेरी फार्मिंग और मत्स्य पालन से जुड़े करोड़ों लोगों की अजीविका की रक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता सराहनीय है। हालांकि, इस दृढ़ संकल्प की परीक्षा ट्रंप शासन द्वारा ली जाएगी। जो भारत द्वारा रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीदने के मुद्दे को लेकर लगातार दबाव बना रहा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय राजनीति में किसान उत्पादक व उपभोक्ता से इतर बड़ा राजनीतिक घटक भी है। ऐसे में जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी कृषक समुदाय को किसी भी कीमत पर नाराज नहीं करना चाहेंगे। इसमें दो राय नहीं कि विगत में भी किसान असंतोष को राजनीतिक हथियार बनाने में विपक्ष ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। खासकर केंद्र सरकार ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ वर्ष 2020-21 में दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले किसान आंदोलन से कड़वा सबक सीखा है। आज अमेरिकी दबाव का सामना करने के लिये विभिन्न हितधारकों को एकजुट होने की आवश्यकता है। बहरहाल, अमेरिका के खतरनाक मंसूबे अब उजागर होने लगे हैं। वह भारत के बाजार को अपने डेरी उत्पादों के लिए डंपिंग ग्राउंड बनाने पर आमादा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# परिवर्तन प्रगति की सांस है

आपकी बात


**बोधार्थी रौनक**

> **कबीर ने कहा-**
> *"काल करे सो आज कर, आज करे सो अब। पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब?"*

परिवर्तन उस सवेरे की पहली किरण की तरह है, जो चाहे बादलों में छिप जाए, पर हर दिन आती है। यह नदी के प्रवाह की तरह है-रुक जाए तो सड़ांध पैदा होती है, बहता रहे तो जीवन को सिंचता है। प्रकृति हमें हर पल यही सिखाती है कि "सदा एक समान रहना संभव नहीं।" ऋतुओं का चक्र हो या पेड़ पर पत्तों का झरना—सब हमें याद दिलाते हैं कि परिवर्तन ही स्थायी है। चार्ल्स डार्विन का प्राकृतिक चयन सिद्धांत (Origin of Species, 1859) स्पष्ट करता है कि "जो समय के अनुसार ढलता है, वही जीवित रहता है।" यानी, जीवन वही है जो बदलता है; ठहराव, मृत्यु का दूसरा नाम है। मुझे हमेशा लगता है, प्रकृति ने जीवो को पैर इसलिए दिए ताकि वह खड़ा न रहे- रेंगता रहे, चलता रहे, भागता रहे। पर हम हैं कि अक्सर वहीं खड़े रह जाते हैं। हम सोचते हैं कि ऊपर से कुछ मलहम लगाकर सब बदल जाएगा। लेकिन सच्चाई यह है कि पुदीना के पत्ते पर हल्दी का लेप देने से वो सोना नहीं बन जाता। असली बदलाव भीतर से आता है, ऊपर से चिपकाई गई परतों से नहीं। भारत की आध्यात्मिक चेतना भी इसी नियम पर टिकी है। गौतम बुद्ध ने कहा-"सभी संस्कार अनित्य हैं।" उन्होंने जीवन को "जागृति का सतत् प्रयास" माना। जब कपिलवस्तु के महल में वे सुरक्षित जीवन जी सकते थे, तब भी वे निकले-सत्य की खोज में। यह बताता है कि आत्म-जागरण तभी संभव है जब मनुष्य अपने भीतर परिवर्तन को जगह दे। बुद्ध का यह निर्णय वैसा ही था जैसे अभी कोई अमीरजादा अचानक अपनी एसी कार छोड़ कर पैदल निकल पड़े (यहाँ निर्धनता में रहते हुए धन त्याग की बात निरर्थक है, धन सम्पति रहते हुए उसका त्याग कर स्वयं की खोज में निकलना दुर्लभ देखा जाता है)महात्मा गांधी भी परिवर्तन की जीती-जागती मिसाल हैं। उनकी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' इसका प्रमाण है। उन्होंने लिखा-"मैंने जीवन को प्रयोगशाला बनाया और अपनी गलतियों को स्वीकार किया।"अर्थात् गांधी के लिए जीवन एक निरंतर संशोधन की प्रक्रिया था। दक्षिण अफ्रीका में अन्याय का अनुभव, भारत में किसानों की पीड़ा-इन सबने उनके विचार बदले और उन्होंने सत्याग्रह और अहिंसा को गढ़ा। सच कहूँ, अगर गांधी अपने विचार बदलने को तैयार न होते तो शायद वे भी 'एक और नेता' बन कर रह जाते, 'महात्मा' नहीं। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं जहाँ विचारधारा का बदलाव युगांतकारी साबित हुआ। अकबर शुरुआत में अन्य मुग़ल शासकों की तरह कठोर और कुछ हद तक असहिष्णु था। लेकिन धीरे-धीरे जब वह विद्वानों-अबुल फ़ज़ल, बीरबल, टोडरमल, फैज़ी, राजा मान सिंह जैसे नव रत्नों, जैन आचार्य हरिविजयसूरी, हरिदास, शेख मुबारक और अनेक संतों-साधुओं की संगति में आया, तो उसकी दृष्टि बदली। उसने "सुलह-ए-कुल" नीति अपनाई, जहाँ सब धर्मों को सम्मान मिला। उसकी राजपूत नीति ने भी इस परिवर्तन को और सशक्त किया-राजपूतों से मित्रता और विवाह संबंधों के माध्यम से उसने एक नई एकता की शुरुआत की। अगर अकबर यही सोचता रहता-"मैं निति क्यूँ बदलूं, खुद को क्यूँ बदलूं तो शायद उसका नाम भी बाबर एवं अन्य मुग़ल शासकों की तरह रह जाता। लेकिन अकबर ने विचार बदले, और इतिहास ने उसे "महान" लिख दिया। विचारों में बदलाव दरअसल वही है जो कुम्हार की मिट्टी को सुंदर घड़े में बदलता है। जितना थपथपाओ, उतना आकार बनता है। कबीर की वाणी चेतावनी है-बदलाव को टालने वाला, जीवन से कट जाता है। अगर समय पर अपने विचार, अपने व्यवहार और अपनी आदतें न बदलीं तो हम जड़ हो जाएंगे। आज भारत में एक समस्या यह भी है कि कुछ विचारधाराएँ अपने जमे हुए मत को ही "सत्य" मानकर दूसरों पर थोपने की कोशिश करती हैं। यह वैसा ही है जैसे कोई पुराना कुआँ हो-जिसका पानी अगर नहीं बदलेगा तो वह जहरीला हो जाएगा। कभी-कभी तो लगता है, हमारा समाज नए विचारों से उतना ही डरता है जितना एक बूढ़ा आदमी नए मोबाइल मॉडल से। गांधी ने लिखा था-"मेरे लिए सत्य स्थायी है, लेकिन सत्य तक पहुँचने के मार्ग बदलते रहेंगे।" यानी विचार को जीता-जागता बनाए रखने के लिए परिवर्तन आवश्यक है। परिवर्तन दो पहियों वाली गाड़ी की तरह है-एक पहिया परंपरा, दूसरा नवाचार। अगर एक भी पहिया रुक गया तो गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकती। और सच कहूँ, मुझे खुद को भी बदलना पड़ा है। एक गाँव का लड़का होने के नाते जो आसपास जो देखता हूँ, वो बहुत सीमित केवल कामचलाऊ। लेकिन जैसे-जैसे किताबें पढ़ीं, विद्वानों से मिला, सोचा, व्यक्तित्वों को पढ़ा-सुना-देखा-खुद में टटोला-तो समझ आया कि "पुराना पन्ना पलटने से ही नई कहानी लिखी जाती है।" **(यह आलेख स्वतंत्र दृष्टिकोण पर आधारित है-एक नौसिखिए की सोच, जो सुधार के लिए खुली है।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

गूंजेंगी किलकारियां यही सोचकर आप।
सन्नाटा बुनते रहे कानों में चुपचाप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# कुएं की आत्मा व सरकारी फाइल

अलग बात


**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

वह अपनी फटी धोती और टूटी चप्पल पहनकर जन सेवा केंद्र पहुँचा। वहाँ एक मोटा-सा बाबू, जिसका नाम 'श्रीमान आलस प्रसाद' था, अपनी कुर्सी पर ऐसे पसरा था जैसे कुर्सी पर नहीं, स्वर्ग के किसी बादल पर लेटा हो। उसकी तोंद इतनी विशाल थी कि मेज और कुर्सी के बीच से निकलना भी एक राष्ट्रीय समस्या प्रतीत होता था। घसीटाराम ने अपनी अर्जी पेश की। आलस प्रसाद ने बिना देखे ही, अपनी आँखें बंद रखते हुए कहा, "फॉर्म नंबर 42-बी भरिए और साथ में 17 दस्तावेज़ों की फोटोकॉपी लगाइए। और हाँ, एक 'सेवा शुल्क' भी लगेगा।" घसीटाराम ने माथा खुजाया, "सेवा शुल्क?" आलस प्रसाद ने आँखें मटकाते हुए कहा, "हाँ, वही जो सरकार की सेवा में लगता है। आजकल हवा भी मुफ्त नहीं मिलती, यह तो कागजी कार्यवाही है। फाइल को एक मेज से दूसरी मेज तक ले जाने के लिए भी तो ऊर्जा लगती है, और ऊर्जा के लिए 'ईंधन' चाहिए।" घसीटाराम ने जैसे-तैसे फॉर्म भरा, गाँव के मुखिया से लेकर पटवारी तक के दस्तखत करवाए। हर जगह 'चाय-पानी' के नाम पर उसकी जेब हल्की होती गई। उसकी कुएं में भले पानी न हो, लेकिन सरकारी दफ्तरों में 'पानी' की कमी नहीं थी, बस वह सही जगह बहना चाहिए। किसी ने कहा, "यह तो सरकारी गंगा है, इसमें डुबकी लगाने से पहले दक्षिणा देनी पड़ती है।" घसीटाराम ने सोचा, डुबकी तो लग गई, अब मुक्ति कब मिलेगी? दस्तावेज़ पूरे हुए तो उसे कृषि विभाग भेजा गया। वहाँ एक और बाबू, 'श्रीमान टालमटोल सिंह', अपनी मेज पर पैरों पर पैर रखे बैठा था। उसके सामने फाइलों का एक पहाड़ खड़ा था, जिस पर धूल की मोटी परत ऐसे जमी थी जैसे किसी प्राचीन सभ्यता के अवशेष हों। घसीटाराम ने अपनी फाइल उसके सामने रखी। टालमटोल सिंह ने फाइल को ऐसे देखा जैसे कोई एलियन वस्तु हो। "ओह! कुआँ? लेकिन यह तो भूजल विभाग का मामला है। हम सिर्फ खेती-बाड़ी देखते हैं। कुआँ तो पानी से संबंधित है न?" घसीटाराम ने समझाया, "सर, कुआँ खेती के लिए ही तो है।" टालमटोल सिंह ने नाक सिकोड़ी, "नियम नियम होता है। आप भूजल विभाग जाइए। हमारा काम तो बीज और खाद देखना है, पानी तो भगवान का काम है, या फिर भूजल विभाग का।" भूजल विभाग में 'श्रीमान ज्ञानचंद' मिले, जो अपनी मेज पर दुनिया भर की भूजल रिपोर्टें फैलाए बैठे थे। उन्होंने घसीटाराम की फाइल को गंभीरता से देखा। "हम्म... कुआँ सूखा है? यह गंभीर विषय है। क्या आपने भूजल स्तर का अध्ययन करवाया है? क्या आपके पास 'जल-स्तर-मापन-प्रमाण-पत्र' है?" घसीटाराम ने गिड़गिड़ाया, "सर, मैं तो बस कुआँ ठीक करवाना चाहता हूँ।" ज्ञानचंद ने चश्मा ठीक करते हुए कहा, "बिना वैज्ञानिक आधार के कोई काम नहीं होता। पहले प्रमाण-पत्र लाओ, फिर बात बनेगी। क्या पता आपकी कुएं में पानी इसलिए न हो क्योंकि उसके नीचे डायनासोर का कंकाल हो, या फिर कोई प्राचीन सभ्यता का खजाना?" जल-स्तर-मापन-प्रमाण-पत्र बनवाने में घसीटाराम के पसीने छूट गए। एक और बाबू, 'श्रीमान निरीक्षण कुमार', उसके गाँव कुएं का निरीक्षण करने आए। उन्होंने कुएं में झाँका, फिर आसमान में देखा, फिर घसीटाराम की हथेली पर देखा। "हम्म... कुआँ तो सूखा है। लेकिन इसमें पानी क्यों नहीं है? यह भी तो एक सवाल है।" घसीटाराम ने कहा, "सर, इसलिए तो सब्सिडी चाहिए।" निरीक्षण कुमार ने सिर हिलाया, "ठीक है, रिपोर्ट लगा देंगे। लेकिन रिपोर्ट लगाने का भी एक 'नियम' होता है।" और उन्होंने एक और 'चाय-पानी' की माँग रख दी, इस बार 'विशेष निरीक्षण शुल्क' के नाम पर। कई महीने बीत गए। घसीटाराम ने दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते अपनी चप्पलें घिस डालीं और अपनी आत्मा को भी घसीट लिया। एक दिन उसे पता चला कि उसकी फाइल 'अदृश्य' हो गई है। यानी, गायब हो गई है। किसी ने कहा, "फाइल को मोक्ष मिल गया होगा।" किसी ने कहा, "फाइल को स्वर्ग में सब्सिडी मिल गई होगी।" एक चपरासी ने फुसफुसाते हुए कहा, "साहब, आपकी फाइल तो 'फाइल-भक्षक' नामक राक्षस खा गया है, जो इस दफ्तर में घूमता रहता है।" घसीटाराम रात को अपनी सूखी कुएं के पास बैठा था। अचानक उसे कुएं के भीतर से एक धीमी, कराहती हुई आवाज़ सुनाई दी। "घसीटाराम... मैं तुम्हारी कुएं की आत्मा हूँ। मैं तुम्हारी फाइल में फँसी हुई हूँ। जब तक फाइल को मुक्ति नहीं मिलेगी, मुझे पानी नहीं मिलेगा।" घसीटाराम ने पूछा, "तो क्या करूँ?" कुएं की आत्मा ने कहा, "जाओ, उस दफ्तर में जहाँ फाइल खोई है, वहाँ एक 'विशेषज्ञ' बैठा है, जिसका नाम 'श्रीमान फाइल-मोक्ष-दाता' है। वह तुम्हारी फाइल को मोक्ष दिला सकता है, लेकिन उसके लिए उसे 'विशेष चढ़ावा' चाहिए।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## अलीगढ़ में जन्माष्टमी पर सांप्रदायिक एकता की मिसाल

# मुस्लिम कारीगर बना रहे लड्डू गोपाल की मूर्तियां

एजेंसी। अलीगढ़

श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नजदीक है। यह पर्व मूर्तिकारों के लिए काफी खास होता है, जो महीनों से इसका इंतजार करते हैं। उत्तर प्रदेश का अलीगढ़ जिला इस उत्सव में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश कर रहा है, जहां मुस्लिम भाई-बहन जन्माष्टमी के लिए श्री कृष्ण की मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। अलीगढ़ मूर्ति कारोबार के लिए भी अपनी पहचान बना रहा है। शहर के मूर्तिकार महीनों से श्री कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी में जुटे हैं। खास बात यह है कि इस हिंदू पर्व में मुस्लिम कारीगर भी उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्तियां बनाने में मुस्लिम कारीगरों का योगदान कारोबार को बढ़ावा दे रहा है।

मूर्ति कारोबारी कपिल गुप्ता ने आईएएनएस को बताया, "श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है, और इस दौरान लड्डू गोपाल की मूर्तियों की मांग सबसे ज्यादा होती है। उनका परिवार सौ साल से अधिक समय से इस कारोबार में है, और अब न केवल भारत बल्कि विदेशों से भी ऑर्डर आ रहे हैं।उन्होंने कहा, "यह एक हस्तशिल्प है, जिसमें कुशल हाथों की जरूरत होती है। इस काम में हिंदू, मुस्लिम और सिख कारीगर एक साथ मिलकर मूर्तियां तैयार करते हैं। खासकर मुस्लिम कारीगरों का योगदान इस पर्व को और भी खास बनाता है। मूर्तियों को बनाना, सजाना और बेचना, यह सभी समुदायों के सहयोग से संभव हो पाता है, जो अलीगढ़ की सांस्कृतिक एकता को दर्शाता है। अकील ने बताया कि उन्हें इस काम में गर्व महसूस होता, क्योंकि इससे उनका परिवार चलता है और उनके बच्चे भी यही काम सीख रहे हैं। जन्माष्टमी के इस पर्व में मूर्तियां बनाकर वे न केवल अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी बनाए रखते हैं।




### मुस्लिम कारीगरों की रोज़ी-रोटी का साधन बना काम



मूर्तियां तैयार करने वाले कारीगर अकील खान ने बताया कि वे 25 साल से इस काम में हैं और पीतल की मूर्तियों पर वेल्डिंग का काम करते हैं। उन्होंने कहा, "जन्माष्टमी के लिए लड्डू गोपाल की मूर्तियां बनाना उन्हें बहुत अच्छा लगता है। कई मुस्लिम भाई इस कारोबार में लगे हैं, और यह उनकी रोजी-रोटी का साधन है। हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग, बिना किसी भेदभाव के एक साथ मिलकर काम करते हैं।"

# संसद : बिहार एसआईआर को लेकर चर्चा की मांग पर अड़ा विपक्ष

## सदन की कार्यवाही स्थगित



एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों में मंगलवार को जमकर नारेबाजी हुई। दरअसल दोनों सदनों यानी राज्यसभा व लोकसभा में विपक्ष के सांसद बिहार में चुनाव आयोग द्वारा करवाए जा रहे गहन मतदाता सूची रिव्यू (एसआईआर) को लेकर चर्चा की मांग कर रहे थे। विपक्षी सांसदों ने अपनी इस मांग को लेकर दोनों सदनों में नारेबाजी की, जिसके बाद राज्यसभा व लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद विपक्ष द्वारा चर्चा की मांग उठाई गई। दरअसल सदन को जानकारी देते हुए उपसभापति हरिवंश नारायण ने बताया कि उन्हें 12 अगस्त को चर्चा के लिए 21 नोटिस प्राप्त हुए हैं।

विपक्षी सांसदों द्वारा ये नोटिस नियम 267 के अंतर्गत दिए गए थे। नियम 267 के अंतर्गत सदन की पहले से तय अन्य सभी चर्चा व कार्यवाही को स्थगित कर दिया जाता और नियम 267 के अंतर्गत दिए गए नोटिस पर चर्चा कराई जाती है। इस चर्चा के अंत में मतविभाजन भी होता है। उप सभापति ने राज्यसभा को जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें चार अलग-अलग विषयों पर चर्चा के कुल 21 नोटिस प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही, उपसभापति ने कहा कि अधिकांश विपक्षी सांसदों द्वारा दिए गए नोटिसों में नोटिस देने संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं किया गया है। उपसभापति ने कहा कि सांसदों ने कई ऐसे विषयों पर भी चर्चा के लिए नोटिस दिया है जिनकी सुनवाई अदालत में चल रही है। उपसभापति ने कहा कि अदालत में लंबित मामलों पर सदन में चर्चा नहीं कराई जाती है। नियमों का हवाला देते हुए, उपसभापति ने सभी नोटिसों को अमान्य घोषित कर दिया। इसके बाद राज्यसभा में विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा व नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी सांसदों ने सदन में चर्चा कराए जाने की मांग करते हुए नारेबाजी की। उपसभापति ने सभी सांसदों से सदन की कार्यवाही चलाने के लिए अनुरोध किया, लेकिन विपक्षी सांसदों का विरोध जारी रहा। सदन में लगातार नारेबाजी और हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं लोकसभा में तो सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही सदन में हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के सांसद चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। थोड़ी ही देर में विपक्षी सांसद अपनी सीटों से उठकर आगे आ गए। सदन में प्रश्नकाल चल रहा था। हंगामे बढ़ता देख लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों से अपनी सीट पर जाकर बैठने का आग्रह किया। विपक्षी सांसद लगातार नारेबाजी करते रहे तो सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। गौरतलब है कि संसद में सोमवार को भी जबरदस्त हंगामा हुआ था। इस हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा और लोकसभा, की कार्यवाही बाधित हुई थी। दोनों ही सदनों में विपक्ष ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। विपक्ष के कई सांसदों का कहना है कि वे बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन रिव्यू समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा चाहते हैं। विपक्ष ने राज्यसभा में अन्य सभी संसदीय कार्यों को रोककर सबसे पहले इन मुद्दों पर चर्चा कराने का नोटिस दिया था।

- **राज्यसभा में विपक्ष ने दिए 21 नोटिस :** उपसभापति हरिवंश नारायण ने बताया कि उन्हें 12 अगस्त को चर्चा के लिए नियम 267 के तहत 21 नोटिस मिले हैं।
- **उपसभापति हरिवंश नारायण ने कहा :** जिन मामलों की सुनवाई अदालत में हो रही है, उसकी चर्चा सदन में नहीं हो सकती

### संसद के बाहर विपक्ष का प्रदर्शन चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप




**नई दिल्ली।** चुनावों में कथित धांधली, वोट चोरी और एसआईआर प्रक्रिया पर राजनीतिक हंगामा बरकरार है। इसी क्रम में मंगलवार को विपक्ष के सदस्यों ने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे समेत 'इंडिया' ब्लॉक के लगभग सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। विपक्ष '124 साल की मिंता देवी' की टी-शर्ट पहनकर आया, जिनका कथित तौर पर फर्स्ट वोटर में नाम दर्ज है। विपक्ष का आरोप है कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं, जनता के अधिकार छीन रहे हैं। एसआईआर पर कांग्रेस सांसद कार्ति पी. चिदंबरम ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, "यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। अगर चुनाव आयोग की पूरी बुनियाद ही संदेह के घेरे में है, तो चुनाव नतीजे भी संदिग्ध हैं और लोकतंत्र कमजोर होता है। इस मुद्दे को लगातार उठाया जाना चाहिए क्योंकि यह हमारी चुनावी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाता है।"

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि 300 सांसद सड़क पर आए। सभी सांसद शांतिपूर्वक चुनाव आयोग के पास जा रहे थे, लेकिन उन्हें जाने नहीं दिया गया। विपक्ष के सांसदों को हिरासत में ले लिया गया और इधर, सरकार ने संसद में बिल पास कराया। यह एक तरीके की तानाशाही है। उन्होंने आगे कहा, "मतदाता सूची को लेकर शिकायतों पर चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए था। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भी मतदाता सूची के जरिए सबूत दिए थे। ऐसे में आयोग को स्वस्थ मतदान के लिए ब्योरा लेना चाहिए था।"कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने कहा, "विपक्ष सरकार को जगाने की हर संभव कोशिश कर रहा है, लेकिन सरकार ने अपना मन बना लिया है, वह कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है और सदन को चलने नहीं देना चाहती है।" कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा का विभाग बन चुका है। फर्जी वोटर बनाना यह भाजपा का रेगुलर काम है। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में यह एकतरफा था कि भाजपा की सरकार नहीं बनेगी, लेकिन नतीजे बिल्कुल उलट आए। मिंता देवी जैसे मतदाताओं से स्पष्ट है कि ये भाजपा और चुनाव आयोग का पूरा प्लान है। कांग्रेस पार्टी इसको लेकर पूरे देश में आईना दिखाएगी।इसी तरह, समाजवादी पार्टी के सांसद आदित्य यादव ने कहा कि पिछले 10 दिनों से संसद में हमारी एक ही मांग रही है कि एसआईआर पर चर्चा हो।

## राहुल गांधी ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर फिर बोला हमला

# 'पिक्चर अभी बाकी है'

एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित 'वोट चोरी' को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'एक व्यक्ति, एक वोट' संविधान का आधार है और चुनाव आयोग की ड्यूटी है कि वे 'एक व्यक्ति, एक वोट' को लागू करें, मगर उन्होंने ऐसा नहीं किया। राहुल गांधी ने बिहार की 124 साल की मिंता देवी का जिक्र करते हुए बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण (एसआईआर) की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे अनगिनत मामले सामने आए हैं। अभी पिक्चर बाकी है।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद भवन के बाहर मीडिया से बात करते हुए एसआईआर के मुद्दे पर कहा, "केवल एक सीट नहीं है, बहुत सारी सीटें हैं। यह राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है और व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। चुनाव आयोग जानता है और हम भी जानते हैं। पहले हमारे पास सबूत नहीं थे, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। 'एक मतदाता एक मत' संविधान का आधार है और चुनाव आयोग की ड्यूटी है कि वे 'एक व्यक्ति एक मत' को लागू करें, मगर उन्होंने ऐसा नहीं किया। हम (विपक्ष) केवल संविधान की रक्षा कर रहे हैं और करते रहेंगे, रुकेंगे नहीं।" चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के दौरान बिहार में महिला मिंता देवी की उम्र 124 साल बताए जाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "ऐसे बहुत अनगिनत मामले सामने आए हैं। अभी पिक्चर बाकी है।"वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हम वोट चोरी का विरोध कर रहे हैं। राहुल गांधी ने बताया है कि वोटर लिस्ट में सारे फर्जी नाम और पते हैं। बता दें कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडी ब्लॉक के संसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित 'वोट चोरी' को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

## तेजस्वी का एसआईआर पर फिर हमला

### वोटर लिस्ट से नाम हटाना भाजपा की साजिश



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एसआईआर प्रक्रिया पर फिर सवाल उठाए हैं। मतदाता सूची से हटाए गए नामों को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि यह पूरी तरह से भाजपा की साजिश है, वे चुनाव आयोग को आगे करके काम करवा रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, "यह बिहार का दुर्भाग्य है, कई मतदाताओं के नाम लगातार हटाए जा रहे हैं। कई लोगों के पास दस्तावेज नहीं हैं और कई ऐसे व्यक्ति हैं, जो बिहार से बाहर रहते हैं, लेकिन बिहार में वोट देते हैं।" उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि राजद एसआईआर का विरोध नहीं कर रही है, बल्कि चुनाव आयोग की प्रक्रिया का विरोध कर रही है। लोगों के नाम कट गए, लेकिन कोई बताने वाला नहीं है कि नाम काटा तो क्यों काटा?तेजस्वी यादव ने कहा, "बिहार को विशेष पैकेज और विशेष राज्य का दर्जा चाहिए था, ताकि बिहार तरक्की कर सके। लेकिन एसआईआर लागू हो रहा है। एसआईआर का कोई विरोध नहीं कर रहा है, बल्कि इसकी प्रक्रिया का विरोध है।" उन्होंने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का उदाहरण देते हुए तेजस्वी बोले, "डिप्टी सीएम ने खुद पूरा मामला (दोहरी वोटर आईडी) चुनाव आयोग पर डाल दिया है।

### संवैधानिक संस्था की छवि धूमिल और कमजोर करना चाहते हैं राहुल गांधी : जगदंबिका पाल



**नई दिल्ली।** एसआईआर मुद्दे पर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में सोमवार को 'इंडिया' ब्लॉक के नेताओं ने पैदल मार्च निकालने की कोशिश की। हालांकि, संसद भवन से निर्वाचन आयोग के कार्यालय तक निकाले जा रहे इस पैदल मार्च को पुलिस ने बीच में ही रोक लिया और नेताओं को हिरासत में ले लिया। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने मंगलवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन पर जानबूझकर आयोग की छवि को धूमिल और कमजोर करने का आरोप लगाया। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने एसआईआर को लेकर विपक्ष के प्रदर्शन पर कहा, "विपक्ष ने चुनाव आयोग पर जो आरोप लगाए हैं, उसको लेकर उनके पास कुछ कहने को नहीं है। चुनाव आयोग उन्हें बुला रहा था। आयोग उनके 30 सांसदों को आमंत्रित करके बैठक करने के लिए तैयार था। लेकिन, उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं था। विपक्ष हो या राहुल गांधी हो, वे झूठ बोलते हैं और भाग जाते हैं। उन्होंने कहा, "चुनाव आयोग उनसे सबूत मांग रही है, लेकिन वे सबूत देने के बजाय सड़क पर बैठ रहे हैं। अगर आप चुनाव आयोग से जवाब चाहते हैं तो आप सड़क पर क्यों बैठ रहे हैं? इससे साफ है कि आप अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ना चाहते हैं। अगर हिमाचल और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, तो यह इसी चुनाव आयोग के कराए चुनाव के कारण है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव खुद सांसद हैं, तो यह इसी चुनाव आयोग के कारण है।

### बीजापुर में नक्सलियों से भीषण मुठभेड़, दो जांबाज जवान घायल

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों के साथ जारी मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक बयान के अनुसार, डीआरजी की एक टीम ने 11 अगस्त को गंगलूर इलाके में नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया था। मंगलवार सुबह माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद कई घंटों तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है जिसमें जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान घायल हुए हैं उन्होंने बताया कि गंगालूर क्षेत्र में डीआरजी के दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए सोमवार को रवाना किया गया था और दल के मंगलवार को क्षेत्र में पहुंचने के बाद से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर लगातार मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवानों को मामूली चोटें आई है। उन्होंने बताया कि दोनों घायल जवानों की हालत सामान्य है तथा वे खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अभियान में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना है।

## ट्रंप-राहुल पर चंद्रबाबू नायडू का करारा जवाब

### मृत नहीं, सबसे तेज़ है भारत की इकोनॉमी

एजेंसी। आंध्र प्रदेश



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की डेड इकोनॉमी वाली टिप्पणी को खारिज कर दिया और भारतीय अर्थव्यवस्था में अपने विश्वास को दोहराते हुए ज़ोर दिया कि भारत वर्तमान में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसका मुकाबला नहीं कर सकता। विजयवाड़ा में सोमवार को 'हर घर तिरंगा रैली' अभियान को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी (भारत की) अर्थव्यवस्था मृत है। नहीं, यह दुनिया में तेज़ी से आगे बढ़ने वाली एकमात्र अर्थव्यवस्था है। कोई भी इसका मुकाबला नहीं कर सकता।

चंद्रबाबू नायडू ने आगे कहा कि हालाँकि शुरुआत में भारत को एक 'गरीब देश' माना जाता था जो किसी भी चीज़ में असमर्थ था, आज यह 'सबसे शक्तिशाली राष्ट्र' के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की तीव्र आर्थिक उन्नति की सराहना की और कहा कि "देश दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, तथा अनुमान है कि 2028 तक यह तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भारतीयों को नौकरी देने से इनकार कर रहे हैं।

### सीबीआई ने कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने त्रिपुरा चिटफंड केस में बड़ी कार्रवाई की है। गैर-जमानती वारंट जारी होने के बावजूद अदालत में पेश न होने पर चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने सोमवार को यह कार्रवाई की थी, जिसके संबंध में मंगलवार को आधिकारिक तौर पर जानकारी साझा की गई है। सीबीआई की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कई लोगों से धोखाधड़ी की शिकायतों के बाद 14 मार्च 2023 को जांच एजेंसी ने चिटफंड कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कंपनी के खिलाफ लगातार कार्रवाई हुई। इसी क्रम में उन्हें त्रिपुरा चिटफंड मामले में कंपनी के डायरेक्टर पार्थ को वांछित घोषित किया गया था।

### लोकसभा ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पैनल की रिपोर्ट की समय सीमा बढ़ाई

एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा ने मंगलवार को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक' पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट की समय सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस विस्तार से समिति 2025 के शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकेगी। यह प्रस्ताव एक राष्ट्र, एक चुनाव समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने पेश किया। उन्होंने सदन से आग्रह किया कि संयुक्त संसदीय समिति को संविधान (एक सौ उनतीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधियाँ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने और प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए। यह विधेयक पहली बार दिसंबर 2024 में लोकसभा में पेश किया गया था और बाद में विस्तृत जाँच के लिए दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया था। प्रस्ताव में कहा गया था: "यह सदन संविधान (एक सौ उनतीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधियाँ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाकर शीतकालीन सत्र, 2025 के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक करे। इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जाँच के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म — पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'महाप्रसाद' की पवित्रता से समझौता नहीं

# सरकार ने किया ऑनलाइन बिक्री का प्रस्ताव खारिज

- **श्रद्धालुओं से अपील की गई कि वे महाप्रसाद पाने के लिए स्वयं पुरी मंदिर आएं**

एजेंसी। नई दिल्ली

राज्य सरकार ने सोमवार को कहा कि पुरी जगन्नाथ मंदिर के महाप्रसाद की ऑनलाइन बिक्री शुरू करने या उसका समर्थन करने की उसकी कोई योजना नहीं है और न ही वह डिजिटल फूड प्लेटफ़ॉर्म की ऐसी किसी पहल का समर्थन करती है। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा, "महाप्रसाद का गहरा धार्मिक महत्व है और इसे सर्वोच्च सम्मान के साथ रखा जाना चाहिए। यह पारंपरिक रूप से केवल मंदिर परिसर में ही बेचा जाता है, और अगर इसे ऑनलाइन बेचा गया तो इसकी पवित्रता से समझौता हो सकता है।" उनका यह बयान एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म द्वारा महाप्रसाद बेचने के प्रयास के बाद सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाओं के जवाब में आया है।

**सरकार ऐसी किसी भी पहल का समर्थन या प्रचार नहीं करती :** उन्होंने कहा, ''हमें डर है कि अगर 'महाप्रसाद' को इस तरीके से श्रद्धालुओं तक पहुंचाया गया तो इसकी शुद्धता कायम रह पाएगी या नहीं।'' हरिचंदन ने कहा कि सरकार ऐसी किसी भी पहल का समर्थन या प्रचार नहीं करती है। उन्होंने कहा, ''न तो हमारे पास ऐसा कोई प्रस्ताव है और न ही हम किसी को 'महाप्रसाद' को ऑनलाइन बेचने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।''

कानून मंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे 'महाप्रसाद' ग्रहण करने के लिए पुरी जगन्नाथ मंदिर आएं। उन्होंने कहा कि 'महाप्रसाद' के लिए संशोधित दर जल्द लागू की जाएगी। मंत्री का यह बयान मीडिया की उन खबरों के बाद आया है जिनमें भगवान जगन्नाथ के 'महाप्रसाद' की बिना अनुमति ऑनलाइन बिक्री का आरोप लगाया गया है।

### 'महाप्रसाद' की ऑनलाइन बिक्री के प्रस्ताव को नामंजूर किया



ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि राज्य सरकार ने पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'महाप्रसाद' की ऑनलाइन बिक्री के कुछ संगठनों के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है। हरिचंदन ने यहां सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि कुछ संगठनों ने हाल में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) से पुरी मंदिर के 'महाप्रसाद' और 'सूखा प्रसाद' को ऑनलाइन मंचों के माध्यम से श्रद्धालुओं तक पहुंचाने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, "दुनियाभर के श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध कराना एक अच्छा विचार था।

## जेलीफिश की वजह से फ्रांस में बंद हुआ परमाणु संयंत्र


**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** फ्रांस का 'ग्रेवलाइन्स परमाणु ऊर्जा संयंत्र' जेलीफिश एक विशाल झुंड के कारण अपने आप बंद हो गया। ऊर्जा संयंत्र संचालित करने वाली ईडीएफ समूह ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।



ईडीएफ ने बताया कि समुद्री जीवों के झुंड ने संयंत्र के कूलिंग सिस्टम के फिल्टरों को जाम कर दिया। जेलीफिश की विशाल संख्या के कारण संयंत्र की चार बिजली इकाइयां अपने आप बंद हो गईं। इस घटना के कारण पूरा संयंत्र बंद हो गया। रखरखाव की वजह से दो अन्य इकाइयां पहले से ही बंद थीं। उर्जा समूह ने बताया, "रविवार देर रात हुई इस घटना का संयंत्र, कर्मियों और पर्यावरण की सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जिलेटिन जैसे जीव संयंत्र के गैर-परमाणु हिस्से तक ही पहुंच पाए। संस्था ने कहा, "संयंत्र की टीमें सक्रिय हो गई हैं और उत्पादन इकाइयों को सुरक्षित रूप से फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## चेक रिपब्लिक में हेपेटाइटिस-ए ने बढ़ाई चिंता, बढ़ रहे मरीज

**प्राग (आईएएनएस)।** पिछले 15 साल में चेक रिपब्लिक में हेपेटाइटिस-ए के मामलों में बढ़ोतरी तेजी से हुई है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ (एसजेडयू) के अनुसार इसी साल जनवरी से जुलाई



के बीच 1,053 मामले दर्ज किए गए, जबकि पिछले साल इसी अवधि में केवल 168 मामले रिपोर्ट किए गए थे। 2024 में कुल 636 मामले सामने आए थे। इस साल सबसे ज्यादा मामले प्राग में देखे गए। यहां हेपेटाइटिस-ए से पीड़ित मरीजों की संख्या 370 दर्ज की गई। यूरोपियन सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेंशन एंड कंट्रोल (ईसीडीसी) ने मध्य यूरोप में संक्रमण के तेजी से बढ़ने को लेकर चेतावनी दी है। साथ ही बताया कि स्लोवाकिया, ऑस्ट्रिया और हंगरी में भी इसी तरह के हालात देखे जा रहे हैं। यूरोपियन सेंटर फॉर डिजिज प्रिवेंशन एंड कंट्रोल (ईसीडीसी) की रिपोर्ट पर एसजेडयू की डायरेक्टर बारबोरा माकोवा ने जून में कहा था कि बेशक चेक गणराज्य में स्थिति गंभीर नहीं है, लेकिन इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।

## अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी को आतंकी संगठन घोषित किया

**वॉशिंगटन डीसी ।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया गया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि बीएलए पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और एग्जीक्यूटिव ऑर्डर 13224 के तहत की गई है। अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है।

## पाकिस्तान ने भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस सप्लाई रोकी...

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है।



इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूजपेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय डिप्लोमैट्स को इसी तरह परेशान किया था।

### 'हर पाकिस्तानी तैयार...'

# बिलावल भुट्टो ने सिंधु जल संधि पर भारत को युद्ध की धमकी दी

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर द्वारा भारत को दी गई नई परमाणु धमकी के एक दिन बाद, पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ज़रदारी ने सोमवार को भारत के खिलाफ युद्ध की एक और धमकी दी है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने सोमवार को भारत के खिलाफ एक और धमकी दी है और चेतावनी दी है कि अगर नई दिल्ली सिंधु जल संधि में बदलाव जारी रखता है तो भारत युद्ध की धमकी दे सकता है। सिंध सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा सोमवार को आयोजित एक समारोह में बोलते हुए, भुट्टो ने दावा किया कि भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया है और इस मुद्दे पर भारत पर "बर्बरता" का आरोप लगाया। उन्होंने समर्थकों से कहा कि "हर पाकिस्तानी युद्ध लड़ने के लिए तैयार है" और दावा किया कि पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं ने भारत को "ऐतिहासिक जवाब" दिया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बिलावल के हवाले से कहा, "अगर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंधु पर हमले की घोषणा करते हैं, तो वह हमारे इतिहास, हमारी संस्कृति और हमारी सभ्यता पर हमला करते हैं।" 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, के बाद भारत ने 1960 के समझौते को निलंबित कर दिया था। दिलचस्प बात यह है कि बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तानी सेना प्रमुख द्वारा भारत को चेतावनी जारी करने के ठीक एक दिन बाद आई है। उन्होंने कथित तौर पर धमकी दी थी कि अगर पाकिस्तान "डूब गया, तो वह अपने साथ आधी दुनिया को भी ले जाएगा"। यह टिप्पणी कथित तौर पर फ्लोरिडा के टैम्पा में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान की गई थी। बिलावल ने मोदी पर सिंधु नदी पर प्रस्तावित जल परियोजना को एक चेतावनी के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया कि पाकिस्तान की जल आपूर्ति बाधित हो सकती है।




**अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुद्दा उठाना**

- बिलावल ने विदेश में "भारत की आक्रामक जल नीति" को उजागर किया।
- आरोप कि यह मई की सैन्य झड़प में भारत को मिले झटके का बदला है।

***बिलावल का दावा:* मोदी ने प्रस्तावित जल परियोजना को पाकिस्तान की जल आपूर्ति बाधित करने की चेतावनी के रूप में इस्तेमाल किया।**

## मुनीर ने रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी को उड़ाने की धमकी देकर मनोवैज्ञानिक युद्ध तेज कर दिया है





अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के टाम्पा शहर में एक निजी डिनर के दौरान पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने भारत के आर्थिक ढांचे को भविष्य के किसी भी संघर्ष में निशाना बनाने की खुली धमकी दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने विशेष रूप से गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के रिफाइनरी परिसर का उल्लेख किया जो विश्व का सबसे बड़ा सिंगल-साइट रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स है। हम आपको बता दें कि यह पहली बार है जब पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भारत की प्रमुख आर्थिक संपत्ति का नाम लेकर उसे संभावित सैन्य लक्ष्य बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुनीर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट का उल्लेख किया जिसमें कुरआन की एक आयत के साथ रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी की तस्वीर लगाई गई थी। उन्होंने दावा किया कि हालिया तनाव के दौरान इस पोस्ट को उन्होंने स्वयं अधिकृत किया था ताकि भारत को यह संकेत दिया जा सके कि "अगली बार क्या किया जाएगा।" मुनीर ने अपने भाषण में सिंधु जल संधि के संदर्भ में कहा कि अगर यह संधि निलंबित रहती है, तो पाकिस्तान भारतीय बांधों पर मिसाइल हमले करेगा। उनके शब्दों में "हम इंतज़ार करेंगे कि भारत बांध बनाए और फिर 10 मिसाइल से उसे खत्म कर देंगे।

हम आपको बता दें कि यह भाषण पाकिस्तान के मानद वाणिज्य दूत द्वारा आयोजित ब्लैक-टाई डिनर में दिया गया, जिसमें लगभग 120 प्रवासी पाकिस्तानी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के दौरान मोबाइल और डिजिटल उपकरणों पर प्रतिबंध था और कोई आधिकारिक बयान भी जारी नहीं किया गया। इसके बावजूद कई प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को सारा विवरण बताया। हम आपको बता दें कि मुनीर की फ्लोरिडा यात्रा मुख्यतः अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के विदाई समारोह में भाग लेने के लिए थी।

## बांग्लादेश आईसीटी ने शेख हसीना के समर्थन वाली याचिका खारिज की

**ढाका (आईएएनएस)**



बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील जेड.आई. खान पन्ना को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति देने संबंधी याचिका खारिज कर दी। यह मामला पिछले साल जुलाई में हुए प्रदर्शनों से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों से संबंधित है। विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला न्यायिक प्रक्रिया के साथ अन्याय है और इससे हसीना के बचाव के अधिकार का हनन हुआ है। वकील नजनीन नाहर ने पन्ना की ओर से यह आवेदन दायर किया था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गवाही के चरण में याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधिकरण ने कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। आईसीटी ने टिप्पणी की, "ट्रेन पहले ही स्टेशन से निकल चुकी है, स्टेशन मास्टर को सूचना देकर अब उसमें सवार होना संभव नहीं है। केस के इस चरण में नया वकील नियुक्त करने का कोई अवसर नहीं है। न्यायाधिकरण ने बताया कि राज्य की ओर से पहले ही सुप्रीम कोर्ट के वकील अमीर हुसैन को हसीना की पैरवी के लिए नियुक्त किया गया है।

## कपड़ा उद्योग से जुड़े कर्मी सड़क पर उतरे वेतन भुगतान को लेकर हाईवे किया जाम

**ढाका (आईएएनएस)**



बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में मंगलवार सुबह सैकड़ों रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) कर्मियों ने फैक्ट्रियों के दोबारा खोलने और बकाया वेतन के तत्काल भुगतान की मांग को लेकर ढाका–मेमेंसिंह हाईवे जाम कर दिया। रोवा फैशन्स लिमिटेड के करीब 200 कर्मचारी बसन थाने के अंतर्गत भोबरा बाईपास फ्लाईओवर के पास इकट्ठा हुए और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया, जिससे हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया और भारी जाम लग गया। गाजीपुर औद्योगिक पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वाहिदुज्जमान राजू ने जाम की पुष्टि करते हुए कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, इस विरोध के कारण ढाका के चौधुरीबाड़ी इलाके में कई अन्य फैक्ट्रियों को भी बंद करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने जुलाई महीने का बकाया वेतन चुकाने और फैक्ट्री के स्थानांतरण के फैसले का विरोध करने की मांग रखी। फैक्ट्री मालिक इनायत करीम ने श्रम कानून की धारा 13(1) का हवाला देते हुए अशांति और वित्तीय संकट के कारण इकाई बंद करने का नोटिस जारी किया।

## अत्यधिक गर्मी से ट्रॉपिकल क्षेत्रों में पाए जाने वाले पक्षियों की संख्या में भारी गिरावट: स्टडी



**सिडनी (आईएएनएस)**

जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली अत्यधिक गर्मी की वजह से 1950 से अब तक गर्म क्षेत्रों में रहने वाले पक्षियों की आबादी में 25 से 38 तक गिरावट आई है। ऑस्ट्रेलियाई और यूरोपीय वैज्ञानिकों के एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। यह शोध 'नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन' पत्रिका में प्रकाशित हुआ है और इसे यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड की वेबसाइट पर मंगलवार को साझा किया गया। शोधकर्ताओं ने 1950 से 2020 तक 3,000 से अधिक पक्षी आबादियों का विश्लेषण किया, जिसमें 90,000 वैज्ञानिक अवलोकन शामिल थे। उन्होंने मौसम के आंकड़ों का उपयोग कर जलवायु के प्रभाव को मानवीय गतिविधियों, जैसे जंगल कटाई से अलग पैमाने पर देखा। अध्ययन से पता चला कि औसत तापमान और बारिश में बदलाव का कुछ असर तो है, लेकिन ट्रॉपिकल क्षेत्रों में पक्षियों के लिए सबसे बड़ा खतरा अत्यधिक गर्मी है। नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन में प्रकाशित एक शोध ने अन्य वैज्ञानिकों के निष्कर्षों की पुष्टि की है।

## पाक सेना प्रमुख की धमकी को अमेरिका के समक्ष मजबूती से उठाए केंद्र सरकार : ओवैसी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एआईएमआईएम चीफ और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को



पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की भारत के खिलाफ धमकियों की निंदा की। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मुद्दे को अमेरिका के समक्ष उठाने की मांग की। असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पाकिस्तानी सेना प्रमुख की धमकियों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, "पाकिस्तानी सेना प्रमुख की भारत के खिलाफ धमकियां और भाषा निंदनीय हैं। उन्होंने अमेरिकी धरती से ऐसा किया, जिससे यह और भी बदतर हो जाता है।


## पाकिस्तान में अफगान प्रवासियों ने पुलिस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

**काबुल (आईएएनएस)**

अफगान प्रवासियों ने पाकिस्तान में स्थानीय पुलिस पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस वैध या लंबित आव्रजन दस्तावेज होने के बावजूद उन्हें गलत तरीके से गिरफ्तार कर रही है और रिहाई के लिए रिश्वत की मांग कर रही है। इस्लामाबाद और रावलपिंडी में रह रहे अफगान नागरिकों ने आरोप लगाया कि हाल के हफ्तों में पुलिस ने अफगानों की गिरफ्तारी तेज कर दी है। कुछ मामलों में हिरासत में लिए गए लोगों को बड़ी रकम देने के बाद ही छोड़ा गया। गवाहों के मुताबिक, साधारण कपड़ों में पुलिसकर्मी पासपोर्ट और वीजा दिखाने को कहते हैं और दस्तावेज न होने पर वर्दीधारी पुलिसकर्मी वाहन में आकर उन्हें गिरफ्तार कर लेते हैं। सोमवार को रावलपिंडी में गिरफ्तार तीन अफगानों ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्हें करीब छह घंटे हिरासत में रखा गया।

## पुतिन-ट्रंप की मुलाकात के बाद रूस को संबंध बेहतर होने का है पूरा भरोसा

**मॉस्को (आईएएनएस)**




मॉस्को को उम्मीद है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच आगामी बैठक द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने में मदद कर सकती है, स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव के हवाले से इसकी जानकारी दी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने रूसी दैनिक इजवेस्तिया के हवाले से बताया कि रयाबकोव ने कहा कि अलास्का शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच सीधी यात्री उड़ानों की बहाली सहित विशिष्ट मुद्दों के समाधान को आगे बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। रयाबकोव ने कहा, "हमें उम्मीद है कि आगामी उच्च-स्तरीय बैठक द्विपक्षीय संबंधों के सामान्यीकरण को गति प्रदान करेगी, जिससे हम हवाई संपर्क बहाल करने जैसे मुद्दों पर आगे बढ़ सकेंगे। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी आगामी बैठक एक "अनुभव-आधारित बैठक" होगी।




कहानी फिल्म जगत की

## दर्शकों की पहली पसंद बने अहान पांडे और अनीत पड्डा

**जीता आईएमडीबी का ग्लोबल ब्रेकआउट स्टार अवॉर्ड**

अहान पांडे ने मोहित सूरी की फ़िल्म "सैय्यारा" से अनीत पड्डा के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। इस फ़िल्म ने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई और दोनों रातोंरात स्टार बन गए। अब, अहान और अनीत ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है, उन्होंने आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर अवॉर्ड्स जीते हैं। अहान पांडे और अनीत पड्डा को आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की रैंकिंग में उनके असाधारण प्रदर्शन के आधार पर यह सम्मान मिला है, जो प्लेटफ़ॉर्म के वैश्विक उपयोगकर्ता आधार से जुड़ाव को मापता है। यह सम्मान उन कलाकारों को उजागर करता है जो दर्शकों के बीच अपनी गहरी छाप छोड़ते हैं और भविष्य में उनके करियर की संभावनाओं का संकेत देते हैं। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में पांडे ने संगीतकार कृष कपूर की भूमिका निभाई है, जबकि पड्डा ने एक उभरती पत्रकार वाणी बत्रा का किरदार निभाया है।



दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का लगा तांता

# लोगों ने कहा- धन्य है नेमरा की भूमि जहां 'गुरुजी' जैसी विभूति का जन्म हुआ

● 'गुरुजी' ने झारखंड वासियों के अस्मिता की रक्षा की लड़ाई लड़ी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। स्मृति शेष-राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 'श्राद्ध कर्म' के आठवें दिन भी सुबह से ही रामगढ़, नेमरा स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक आवास में 'गुरुजी' को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। हजारों की संख्या में नेमरा पहुंचे आम और खास सभी वर्ग के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे लोगों ने 'गुरुजी' को याद करते हुए कहा कि धन्य है नेमरा की भूमि जहां "गुरुजी" जैसे विभूति का जन्म हुआ। लोगों ने कहा कि नेमरा में 'गुरुजी' को श्रद्धांजलि देने जनसैलाब उमड़ पड़ा है यह अपने प्रिय नेता के प्रति लोगों का प्यार और स्नेह है। अपने जननेता को खोने का गम लोगों के चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा है।

लोगों ने कहा कि स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंडी चेतना के प्रहरी रहे। उन्होंने जल, जंगल, जमीन ही नहीं बल्कि संपूर्ण झारखंड वासियों के अस्मिता की रक्षा की लड़ाई लड़ी। 'गुरुजी' ने आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित समुदायों को उनके हक-अधिकार के लिए जागरूक किया। 'गुरुजी' ने अपना पूरा जीवन जनहित के कार्यों के लिए समर्पित किया। 'गुरुजी' का परलोक गमन अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती है। अलग झारखंड राज्य के निर्माता को शत-शत नमन!

श्रद्धांजलि देने वालों में मंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य गणमान्य एवं राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे हजारों की संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।



## प्रशासनिक सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की, सीएम व कल्पना सोरेन से मुलाकात की



रांची/रामगढ़। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिवंगत शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, गुरुजी हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं साहस दें। संघ के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम, महासचिव राहुल कुमार, केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शब्बीर अहमद, दिलीप तिर्की, श्याम नारायण राम, मोइनुद्दीन खान, मुस्तकीम अंसारी, प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य शामिल थे।

## लोकगायक आशुतोष ने शिबू सोरेन की याद में गया गीत, सीएम को पोस्टर भेंट किया



रांची। लोकगायक आशुतोष द्विवेदी ने शिबू सोरेन की याद में नव निर्मित गीत " वीर शिबू सोरेन जी का झारखंड दीवाना है"को यूट्यूब पर लॉन्च कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नेमरा जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पोस्टर भेंट किया। गीत का नाम - वीर शिबू सोरेन जी का झारखंड दीवाना है। इस गीत के प्रोड्यूसर राजीव सिंह,उप निर्माता डॉ अनिल कुमार, म्यूजिक हर्ष उपाध्याय है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अवधेश ठाकुर, सतीश मिश्रा , अतिंद्र नाथ वैध समेत कई लोग उपस्थित थे। ये गीत लोगों को काफ़ी पसंद आ रहा है। आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि शिबू सोरेन झारखंड के पुरोधा थे, एसे सच्चे पुरुष को मैने गीत गाकर उन्हें अपनी ओर से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। ऐसे महापुरुष को लोग सदियों सदियों तक याद रखेंगे। यह जानकारी अमन ने दी।

## न्यूज बॉक्स

### दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली में शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ




रांची। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मंगलवार को नई दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस बाइक रैली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने देशभक्ति की अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा, तिरंगा झंडा और राष्ट्र के सम्मान में निकाली गई इस रैली में शामिल होकर गौरवान्वित हूं। यह तिरंगा हमारी एकता, आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, किरण रिजूजू, जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, जीतन प्रसाद, टोकन साहू सहित कई केंद्रीय मंत्री, सांसद एवं हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

### एक महीने में स्वीकृत हुए 2 लाख से अधिक पीएम आवास : संजय सेठ



रांची। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विगत 15 जुलाई को नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की थी। तब उन्हें झारखंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की स्थिति से अवगत कराया था। इस मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने शिवराज सिंह से झारखंड के 2,22,069 प्रतीक्षारत लाभार्थियों के लिए आवास स्वीकृत करने का आग्रह किया था। इस आग्रह के आलोक में झारखंड के 2 लाख से अधिक प्रतीक्षारत लाभार्थियों के लिए आवास की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर उनका आभार जताया। केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा, प्रधानमंत्री का संकल्प है हर कच्चे मकान को छत मिले। इसी संकल्प के साथ शिवराज सिंह चौहान आगे बढ़ रहे हैं। मुझे खुशी है कि झारखंड की जनता की हर जरूरत और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है।

## कांग्रेस की राजनीति चित भी मेरी पट भी मेरी, खेल भी मेरा : प्रतुल

नवीन मेल संवाददाता



रांची। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के चुनाव आयोग और एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक नाटक है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को चुनाव आयोग और मतदाता सूची पर भरोसा नहीं है, तो पहले अपनी ही कुर्सियां छोड़ने की हिम्मत दिखाए। सिर्फ दिल्ली की सड़कों पर मार्च करने से ईमानदारी साबित नहीं होती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का रवैया बिल्कुल वैसा है जैसे चित भी मेरी, पट भी मेरी और खेल भी मेरा। जनता इस दोहरे और ढोंगी चरित्र को समझ चुकी है और आने वाले चुनावों में इसका हिसाब चुकता करेगी। प्रतुल ने आंकड़े गिनाते हुए कहा कि देश में कांग्रेस के पास 3 मुख्यमंत्री, 99 लोकसभा सांसद, 31 राज्यसभा सांसद और 714 विधायक हैं। झारखंड में कांग्रेस के 12 विधायक और 4 मंत्री सत्ता का मजा ले रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर चुनाव आयोग पक्षपाती है, तो इन्हीं चुनावों से जीते आपके मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक भी अवैध हैं। फिर इस्तीफा क्यों नहीं देते? पहले इस्तीफा दीजिए, फिर सड़कों पर आंदोलन कीजिए। सत्ता की मलाई भी खाना और सड़कों पर ड्रामा भी करना, यह जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस की दोहरी राजनीति सामने आ गई, जब कर्नाटक में कांग्रेस के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने अपनी पार्टी पर सार्वजनिक रूप से यह सवाल उठाया कि जब वोटर लिस्ट में गड़बड़ी (मतदाता सूची में अनियमितताएं) हो रही थीं, तो कांग्रेस उस समय चुप क्यों रही। कांग्रेस ने जवाब देने की जगह अपने मंत्री से इस्तीफा ही ले लिया। यही है कांग्रेस के यहां प्रश्न पूछने का नतीजा।

## चंद लोगों के सहारे चल रही देश की शासन व्यवस्था : केशव महतो कमलेश

नवीन मेल संवाददाता



रांची। लोकतंत्र के पहरेदार लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। भारत के लोकतंत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग के गठजोड़ ने पूरे विश्व समुदाय के समक्ष शर्मसार किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भारत का लोकतंत्र हमारे संविधान की नींव पर टिका है, इसी संविधान में एक व्यक्ति एक वोट का अधिकार दिया गया है। संविधान निर्माताओं ने परिकल्पना की थी कि भारत के नेतृत्वकर्ता को चुनने में सबको समान अधिकार है। इस अधिकार की चोरी भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर कर रही है। लोकतंत्र में वोट का अधिकार जनता को सबसे ज्यादा ताकत देता है,यह ताकत जनता से छीनी जा रही है,वोट चोरी से भाजपा देश मे सत्ता हासिल कर रही है। मोदी ने देश को अराजक की स्थिति में खड़ा कर दिया है संस्थाएं मनमानी पर उतर रही हैं विपक्ष द्वारा सवाल उठाने पर नेताओं को हिरासत में लिया जा रहा है,नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं को जनता पर भरोसा नहीं था इसलिए चुनाव आयोग के साथ भाजपा ने गठबंधन किया जिसने वोट चोरी कर भाजपा को केंद्र और विभिन्न राज्यों में सत्ता प्राप्ति में सहयोग किया। राहुल गांधी ने सबूत के साथ वोट चोरी का खुलासा किया लेकिन चुनाव आयोग शपथ पत्र मांग रहा है लोकतंत्र का इससे बड़ा मजाक नहीं हो सकता। भारत के चुनावी प्रक्रिया की पूरे विश्व में मिसाल दी जाती थी परंतु आज हमारी चुनावी प्रक्रिया को विश्व जगत शक निगाह से देख रहा है नरेंद्र मोदी की सत्तालोलुपता ने देश की शाख को दाँव पर लगा दिया है। चुनाव आयोग अगर निष्पक्ष है तो इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट जारी करें,मतदान का सीसीटीवी फुटेज जारी करे ताकी जनता का भरोसा चुनाव पर कायम रह सके।

उन्होंने कहा कि साफ सुथरी वोटर लिस्ट स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की नींव है,यह जनता का हक है लेकिन इस हक पर डाका डाला जा रहा है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था चोरी में अग्रिम भूमिका निभा रही है, इस वोट चोरी के खिलाफ जनता को खड़ा होना होगा,भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष करना होगा।वोट चोरी के खिलाफ राहुल गांधी ने जो युद्ध छेड़ा है उसे निर्णायक मोड़ पर पहुंचाना है। देश में निष्पक्ष चुनाव पूरी तरह संदेह के घेरे में आ गया है,भाजपा के शासनकाल में संवैधानिक संस्थाएं कैद कर ली गई है,चंद लोगों के सहारे देश की शासन व्यवस्था तानाशाही कानून से चल रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयारी जोरों पर

रांची। झालसा के निर्देश पर वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को होना सुनिश्चित हुआ है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए समझौता पूर्व बैठक 14 जुलाई से शुरू हो चुका है, जो 12 सितंबर तक चलेगा। इसी के मद्देनजर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा भी तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी न्यायालयों से वादकारियों को नोटिस भेजने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 ने सभी न्यायिक अधिकारियों से वार्तालाप कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहां कि अपने न्यायालय के माध्यम से पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित कर नोटिस का अधिक से अधिक तामिला कराएं, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।






दिवंगत शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्धकर्म के आठवें दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों संग दिशोम गुरु की आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप 'श्राद्ध कर्म' का विधान पूरा किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड का ऋण–जमा अनुपात 51.32% पर..**

निदेशक सह एसएलबीसी झारखंड के अध्यक्ष पी. आर. राजगोपाल, वित्त विभाग के विशेष सचिव संदीप सिंह, जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनन्या मित्तल, भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार पाठक, एसएलबीसी झारखंड के महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड, उप महाप्रबंधक सी. एच. गोपाला कृष्णा एवं संतोष कुमार सिन्हा सहित सभी 24 जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक मौजूद रहे।

**केंद्रीय रेल मंत्री से मिले पलामू सांसद...**

जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी। सांसद ने बताया कि रेल मंत्री ने दोनों रेल परियोजनाओं को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निर्माण कार्य प्रारंभ करने का भरोसा दिया। इन दोनों परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण होने से जनता की वर्षों पुरानी मांग पुरी होगी एवं आवागमन सुगम होगा।

**लापुंग थाना प्रभारी व बेड़ो थाना पर हमला...**

कोयनारा में थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के ऊपर जानलेवा हमला करने के आरोप में पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जिन लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनमें 42 वर्षीय प्राथमिकी अभियुक्त बोने उरांव (पिता जेडो उरांव), 23 वर्षीय सुमेश भगत उर्फ सोमेश उरांव (पिता बुधराम भगत), 55 वर्षीय चामा उर्फ चामू उरांव (पिता स्वर्गीय लालका उरांव), 27 वर्षीय श्रवण उरांव (पिता दशा उरांव) एवं अप्राथमिकी अभियुक्त 19 वर्षीय तुषार उरांव (पिता बोने उरांव) सभी ग्राम कोयनारा थाना लापुंग शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि बेड़ो और लापुंग थाना क्षेत्र में अलग-अलग हुई घटना में पुलिस को लंबे समय से दर्ज प्राथमिकी के आलोक में अभियुक्तों की तलाश थी। पुलिस पदाधिकारियों के अनुसार पुनई उरांव सहित दर्जनों अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। छापेमारी अभियान में सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय, बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, लापुंग थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव, इटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार, सब इंस्पेक्टर राजेंद्र महतो, नंदु पैरा सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

**भारत रिसर्च के क्षेत्र में कर रहा...**

उन्होंने सबसे पहले कहा था कि पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है। वाकई में, उन्होंने शून्य से शुरू किया और इतिहास बना दिया। उन्होंने भारत की आधुनिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए लद्दाख में 4,500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित विश्व की सबसे ऊंची खगोलीय वेधशालाओं में से एक का जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज हम लद्दाख में दुनिया की सबसे ऊंची खगोलीय वेधशालाओं में से एक की मेजबानी कर रहे हैं। समुद्र तल से 4,500 मीटर की ऊंचाई पर यह तारों के इतना करीब है कि मानो उनसे हाथ मिला सके। पुणे में हमारा जायंट मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप दुनिया के सबसे संवेदनशील टेलीस्कोपों में से एक है। यह पल्सर, क्वासर और आकाशगंगाओं के रहस्यों को समझने में हमारी मदद कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत गर्व के साथ स्क्वायर किलोमीटर ऐरे और एलआईजीओ-भारत जैसी वैश्विक मेगा-विज्ञान परियोजनाओं में योगदान दे रहा है। दो साल पहले, हमारे चंद्रयान-3 ने इतिहास रचा। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरने वाले पहले देश बने। हमने आदित्य-एल1 सौर वेधशाला के साथ सूर्य पर भी नजरें गड़ाई हैं, जो सौर ज्वालाओं, तूफानों और सूर्य के मिजाज पर नजर रखता है। पिछले महीने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपना ऐतिहासिक मिशन पूरा किया। यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण था और आप सभी जैसे युवा खोजकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। पीएम मोदी कहा, भारत वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने और युवा दिमागों को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अटल टिंकरिंग लैब्स में 1 करोड़ से अधिक छात्र प्रयोगों के माध्यम से एसटीईएम अवधारणाओं को समझ रहे हैं, जिससे सीखने और इनोवेशन की संस्कृति बन रही है। ज्ञान को सुलभ बनाने के लिए हमने 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' योजना शुरू की है, जो लाखों छात्रों और शोधकर्ताओं को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं तक मुफ्त पहुंच प्रदान करती है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि भारत एसटीईएम क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी में अग्रणी है।


**भारतीय वायु सेना Indian Air Force**

**एक वायुसैनिक के रूप में भारतीय वायुसेना में शामिल हों**

**भारतीय वायु सेना भारतीय/गोरखा (नेपाल का एक विषय) पुरुष उम्मीदवारों को आमंत्रित करती है। भारतीय वायु सेना में शामिल होने के लिए 27 अगस्त 2025 से 4 सितंबर 2025 तक भर्ती रैली में उपस्थित हों ग्रुप 'Y' (गैर-तकनीकी) चिकित्सा सहायक ट्रेड में एयरमैन के लिए 01/2026 को 4 बजे प्रवेश हेतु एयरमैन चयन केंद्र, पल्टा गेट के पास, वायु सेना स्टेशन बैरकपुर, पोस्टबंगाल एनामेल 24 परगना (उत्तर), पश्चिम बंगाल - 743122**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | स्थल/ स्थान | **4 वायुसैनिक चयन केंद्र, पल्टा गेट के पास, वायु सेना स्टेशन बैरकपुर, पोस्ट-बंगाल एनामेल 24 परगना (उत्तर), पश्चिम बंगाल-743122** |
| 2. | वैवाहिक स्थिति और जन्म तिथि ब्लॉक | **2.1.** चिकित्सा सहायक (10+2 उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए)। उम्मीदवार अविवाहित होना चाहिए और उसका जन्म 01 जनवरी 2005 और 01 जनवरी 2009 के बीच हुआ हो (दोनों तिथियां सम्मिलित)।<br>**2.2.** चिकित्सा सहायक (फार्मेसी में डिप्लोमा/बी.एससी. वाले उम्मीदवारों के लिए)। अविवाहित उम्मीदवार का जन्म 1 जनवरी 2002 से 1 जनवरी 2007 के बीच होना चाहिए (दोनों तिथियां शामिल)। विवाहित उम्मीदवार का जन्म 1 जनवरी 2002 और 1 जनवरी 2005 के बीच होना चाहिए (दोनों तिथियां शामिल)। |
| 3. | शैक्षणिक योग्यता | **3.1.** अभ्यर्थी को 10+2/इंटरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी में न्यूनतम 50% अंकों के साथ कुल मिलाकर और अंग्रेजी में 50% अंकों के साथ।<br>**या**<br>केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से गैर-व्यावसायिक विषयों जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी के साथ दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिए, कुल मिलाकर न्यूनतम 50% अंकों और अंग्रेजी में 50% अंकों के साथ।<br>**3.2.** अभ्यर्थी को इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी में न्यूनतम 50% अंकों के साथ और अंग्रेजी में 50% अंकों के साथ। इसके अतिरिक्त, फार्मेसी में डिप्लोमा/बी.एससी. न्यूनतम 50% अंकों के साथ कुल मिलाकर और नामांकन के समय राज्य फार्मेसी परिषद या भारत की फार्मेसी परिषद (पीसीआई) से वैध पंजीकरण अनिवार्य होगा।<br>**नोट-1.** केवल केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों (10+2 या समकक्ष के लिए) को ही अनुमति दी जाएगी।<br>**नोट-2.** 10+2/ इंटरमीडिएट/ समकक्ष/ डिप्लोमा/ फार्मेसी में बी.एससी. की अंकतालिका में दशमलव से पहले लिखे गए अंकों का सटीक कुल प्रतिशत या संबंधित शिक्षा बोर्ड के नियमों के अनुसार गणना की गई अंकों पर ही विचार किया जाएगा (उदाहरण के लिए 49.99% को 49% माना जाना चाहिए और इसे 50% तक पूर्णांकित नहीं किया जाना चाहिए)। |
| 4. | समूह और व्यापार | केवल मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए ग्रुप 'Y' (गैर-तकनीकी) में एयरमैन। |
| 5. | रैली का समय और तिथि | रैली स्थल पर रिपोर्टिंग समयः 27 अगस्त 2025, 30 अगस्त 2025 और 2 सितंबर 2025 को सुबह 6 बजे (नीचे पैरा 6 में दिए गए विवरण के अनुसार) और रिपोर्ट करने का अंतिम समय 10:00 बजे। |
| 6. | कवर किए गए राज्य / जिले | 27 से 28 अगस्त 2025 (केवल 10+2 पास उम्मीदवारों के लिए)। ओडिशा, झारखंड और सिक्किम राज्यों के सभी जिले। 30 से 31 अगस्त 2025 (केवल 10+2 पास उम्मीदवारों के लिए)। असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल राज्यों के सभी जिले। 02 से 03 सितंबर 2025 (केवल फार्मेसी में डिप्लोमा/बी.एससी. पास उम्मीदवारों के लिए)। असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड और सिक्किम राज्यों के सभी जिले। |

विस्तृत विज्ञापन के लिए वेब पोर्टल पर लॉग ऑन करें **www.airmenselection.cdac.in**

विस्तृत जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**सीबीसी- 10803/11/0014/2526**

# एशिया कप 2025 में भारतीय टीम को खलेगी इन तीन दिग्गजों की कमी




● टी20 फॉर्मेट में खेले गए एशिया कप में रोहित तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज हैं

विराट कोहली टी20 फॉर्मेट में हुए एशिया कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं

● टी20 फॉर्मेट में एशिया कप में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भुवी के नाम है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। इस बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में होने वाला है। बीसीसीआई इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा 19 या 20 अगस्त को कर सकती है। इस बार एशिया कप में भारतीय टीम तीन दिग्गज खिलाड़ियों कमी महसूस करेगी, जो इस फॉर्मेट में सर्वाधिक सफल रहे हैं। एशिया कप 2025 में भारतीय टीम पूर्व कप्तान विराट कोहली की कमी निश्चित रूप से महसूस करेगी। विराट कोहली टी20 फॉर्मेट में हुए एशिया कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। विराट ने 2016 से 2022 के बीच 10 मैचों की 9 पारियों में 1 शतक और 3 अर्धशतक लगाते हुए 429 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 122 है। कोहली टी20 से संन्यास ले चुके हैं, ऐसे में भारतीय टीम उनकी कमी इस बार महसूस करेगी।

भारतीय टीम एशिया कप में रोहित शर्मा की कमी भी महसूस करेगी। टी20 फॉर्मेट में खेले गए एशिया कप में रोहित तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज हैं। रोहित ने 2016 से 2022 के बीच 9 मैचों की 9 पारियों में 271 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 83 है। रोहित शर्मा ने भी टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। इसलिए वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

भारतीय टीम जिस तीसरे खिलाड़ी की कमी महसूस करेगी वह भुवनेश्वर कुमार। टी20 फॉर्मेट में एशिया कप में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भुवी के नाम है। 2016 से 2022 के बीच 6 मैचों में उन्होंने 13 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट से संन्यास नहीं लिया है। लेकिन, नवंबर 2022 से वह टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। जसप्रीत बुमराह, सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी में भुवनेश्वर की टीम में एशिया कप के लिए वापसी मुश्किल है।

### क्या एशिया कप के लिए मिलेगा **कुलदीप यादव** को मौका?

**नई दिल्ली।** एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। इस बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा 19 या 20 अगस्त को हो सकती है। कुलदीप यादव को मौका मिलेगा या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। इंग्लैंड में हाल ही में संपन्न पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में कुलदीप यादव को टीम में जगह दी गई थी, लेकिन उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला। ऐसे में सवाल है कि क्या एशिया कप 2025 में कुलदीप यादव को मौका मिलेगा या नहीं। दरअसल, वनडे और टी20 फॉर्मेट में पिछले दो-तीन सालों में हुए हर बड़े इवेंट का हिस्सा कुलदीप यादव रहे हैं। उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। कुलदीप एशिया कप 2023, वनडे विश्व कप 2023, टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्हें भरपूर मौके मिले और उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा। लेकिन, इंग्लैंड दौरे पर उन्हें मौका न मिलने के अलावा वरुण चक्रवर्ती के उभार ने भी कुलदीप के लिए मुश्किल पैदा की है। चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण ने भारत की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी। इसी वजह से वरुण की दावेदारी भी मजबूत है। कुलदीप यादव बाएं हाथ के कलाई स्पिनर हैं। मौजूदा समय में वह विश्व के श्रेष्ठ स्पिनर्स में से एक हैं। बेशक उन्हें टेस्ट फॉर्मेट में अबतक उतने मौके नहीं मिले हैं, लेकिन वनडे और टी20 में उन्हें मौके मिले हैं और उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। उन्हें युजवेंद्र चहल पर तरजीह देते हुए टीम में बरकरार रखा गया है। यूएई की पिच स्पिन गेंदबाजों को सपोर्ट करती है। ऐसे में संभव है कि वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव दोनों को ही टीम में जगह मिल जाए। हालांकि, टीम की घोषणा होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि कुलदीप को मौका मिलेगा या नहीं।

## वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए भारत 'ए' के खिलाफ खेल रही ताहलिया मैक्ग्राथ



*ऑस्ट्रेलिया 1 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में होने वाले मैच से अपने विश्व कप अभियान का आगाज करेगी। अब तक महिला वनडे विश्व कप के 12 एडिशन खेले गए हैं। ऑस्ट्रेलिया सात बार चैंपियन रहते हुए सर्वाधिक सफल टीम है। इंग्लैंड चार बार खिताब जीत दूसरे नंबर पर रही है। न्यूजीलैंड ने एक बार (2000) में खिताब जीता था।*

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महिला वनडे विश्व कप 2025 का आयोजन भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होना है। विश्व कप 30 सितंबर से शुरू हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज खिलाड़ी ताहलिया मैक्ग्रा ने विश्व कप की तैयारी के लिए भारत ए के खिलाफ होने वाले मैचों को अहम बताया है। ताहलिया मैक्ग्राथ ने क्रिकेट डॉट कॉम एयू से बातचीत में कहा कि भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए के मैच वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए बेहद अहम है।

उन्होंने कहा, "पिछले कई वर्षों में मिला यह मेरा सबसे लंबा ब्रेक है। थोड़ी आराम के बाद मैं ऊर्जावान महसूस कर रही हूं। ब्रिस्बेन में लड़कियों के साथ कैंप में समय बिताना और ऑस्ट्रेलिया ए के साथ प्री-सीजन की समाप्ति एक विश्व कप के लिहाज से मेरी नजर में अच्छी तैयारी है।"

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की अधिकांश खिलाड़ी इस समय इंग्लैंड में खेली जा रही 'द हंड्रेड' में हिस्सा ले रही हैं, लेकिन ताहलिया मैक्ग्राथ सहित पांच ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का हिस्सा हैं। ऑस्ट्रेलिया ए टीम को 13 से 17 अगस्त तक भारत ए के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। ताहलिया मैक्ग्राथ के अलावा ऑस्ट्रेलिया ए टीम में एलिसा हीली, ऑलराउंडर टेस फ्लिंटॉफ, और तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन और किम गार्थ को भी शामिल किया गया है।

ताहलिया मैक्ग्राथ एक ऑलराउंडर हैं। अब तक 46 वनडे मैचों की 34 पारियों में 5 अर्धशतक लगाते हुए वह 29.65 की औसत से 771 रन बना चुकी हैं। वहीं 25 विकेट भी उनके नाम हैं।

## स्टेफी ग्राफ : फैंस में ऐसी दीवानगी किसी और महिला टेनिस खिलाड़ी के लिए नहीं दिखी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेनिस दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय और रोमांचक खेलों में से एक है। इस खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता दिलाने में जिन खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही है, उनमें एक बड़ा नाम स्टेफी ग्राफ का है। चार साल की उम्र में टेनिस शुरू करने वाली ग्राफ ने सिर्फ 13 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में कदम रख दिया था। 17 साल लंबे अपने करियर के दौरान वह दुनिया की सर्वाधिक प्रभावशाली खिलाड़ियों में रहीं और टेनिस के प्रशंसकों के दिलों में अपने जोरदार खेल की बदौलत अमिट छाप छोड़ी। 14 जून 1969 को जर्मनी के मैनहेम में जन्मीं स्टेफी ग्राफ का करियर 1982 से लेकर 1999 तक था। 1982 से 1990 तक वह वेस्ट जर्मनी और 1990 से 1999 तक जर्मनी की तरफ से खेलीं। 17 साल के करियर में 377 सप्ताह तक लगातार वह दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रहीं। आठ बार उन्होंने कैलेंडर ईयर की समाप्ति नंबर वन रैंक के साथ की। ग्राफ दुनिया की एकमात्र टेनिस खिलाड़ी हैं जिन्होंने सभी चार मेजर ग्रैंड स्लैम कम से कम चार बार जीते हैं।

## अभी तय करना होगा लंबा रास्ता : क्लाइव लॉयड

**एजेंसी। नई दिल्ली**




वेस्टइंडीज क्रिकेट इस समय बाकी देशों के मुकाबले बराबरी के स्तर पर नहीं है। इसी कारण क्रिकेट वेस्टइंडीज ने आपात बैठक बुलाई। इसमें ब्रायन लारा, क्लाइव लॉयड, विव रिचर्ड्स, डेसमंड हेन्स, शिवनारायण चंद्रपॉल और मौजूदा कोच डैरेन सैमी जैसे दिग्गज शामिल हुए। बैठक में टीम को फिर से मजबूत बनाने के लिए शुरुआती रोडमैप तय किया गया, लेकिन सबने माना कि यह लंबी प्रक्रिया होगी और तुरंत नतीजे नहीं आएंगे। क्लाइव लॉयड के अनुसार, एक बड़ा कदम यह होगा कि आईसीसी से खास आर्थिक मदद मांगी जाए, ताकि वेस्ट इंडीज़ की क्रिकेट विरासत को बचाया जा सके। बैठक में कई सुझाव रखे गए।

## पीएसजी से जुड़ने वाले यूक्रेन के पहले खिलाड़ी बने इलिया जबार्नी

**एजेंसी। पेरिस**




फ्रांस के मशहूर फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन ने यूक्रेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इलिया जबार्नी के साथ करार किया है। 22 साल के जबार्नी पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से जुड़ने वाले पहले यूक्रेनी खिलाड़ी बन गए हैं। जबार्नी 63 मिलियन यूरो फीस पर पीएसजी से जुड़े हैं। वह छह नंबर की जर्सी पहनेंगे। क्लब से जुड़ने के बाद इलिया जबार्नी ने कहा, "मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्लब, पेरिस सेंट-जर्मेन के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं। मैं मैदान पर अपना सब कुछ देने के लिए यहां हूं और अपने पदार्पण और प्रशंसकों से मिलने के लिए उत्सुक हूं।" जबार्नी ने डायनेमो कीव अकादमी में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सेरही बेझेनार और आर्टेम याश्किन से ट्रेनिंग ली है।उन्होंने 2020 में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की और जल्द ही चैंपियंस लीग का अनुभव हासिल कर लिया, जहां उन्होंने जुवेंटस और बार्सिलोना जैसी टीमों के खिलाफ खेला। जबार्नी ने डायनेमो की सुपर कप जैसे इवेंट की जीत में अहम भूमिका निभाई। जनवरी 2023 में जबार्नी एएफसी बॉर्नमाउथ के साथ प्रीमियर लीग में शामिल हो गए।

## सिनसिनाटी ओपन : आर्यना संबालेका ने जीता महिला सिंगल्स खिताब


**एजेंसी। नई दिल्ली**



दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने 3 घंटे 9 मिनट तक चले सिनसिनाटी ओपन के संघर्षपूर्ण फाइनल में ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु को हराकर खिताब जीता। राडुकानु एक बार फिर से सबालेंका के खिलाफ लगातार हार के सिलसिले को तोड़ने में नाकामयाब रहीं। पहले सेट में राडुकानु ने शानदार खेल दिखाया और पहले नौ अंक जीतकर जोरदार शुरुआत की। लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता गया, उनकी पकड़ कमजोर होती गयी। उनकी सर्विस कमजोर पड़ने लगी। वहीं, सबालेंका ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की और टाई-ब्रेक में पहला सेट 7-6 (3) से जीता। दूसरे सेट में एम्मा राडुकानु ने जोरदार वापसी की। उन्होंने सबालेंका को छकाते हुए सेट 4-6 से अपने नाम किया।. तीसरा सेट बेहद अहम और निर्णायक था। दोनों की तरफ से उनका सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिला। राडुकानु ने ताकतवर फोरहैंड और बैकहैंड का इस्तेमाल किया और सबालेंका के आक्रमण को रोकने में भी सफलता पाई। वहीं नंबर वन खिलाड़ी सबालेंका ने भी अपनी क्लास से राडुकानु पर अपनी पकड़ बनाए रखी और सेट टाई ब्रेकर में 7-6 (5) से जीतकर खिताब अपने नाम किया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 368.49 अंक या 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,235.59 और निफ्टी 97.65 अंक या 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,487.40 पर था। गिरावट का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 467.05 अंक या 0.84 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 55,043.70 पर था। इसके साथ फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं, एफएमसीजी, रियल्टी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स भी हरे निशान में बंद हुए। इसके अलावा मिडकैप और स्मॉलकैप में मिलाजुला रुझान देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 154.15 अंक या 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 56,324.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 6.40 अंक की मामूली तेजी के साथ 17,498.10 पर था। सेंसेक्स पैक में मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाइटन, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एचयूएल, एचडीएफसी बैंक, इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स थे।

## भारतीय रेलवे 6,115 रेलवे स्टेशनों पर दे रहा मुफ्त वाई-फाई सेवा : अश्विनी वैष्णव

● **इन नेटवर्क का उपयोग यात्री डेटा कनेक्टिविटी के लिए भी कर रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर अनुभव मिल रहा है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय रेलवे देश भर के 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधाएं प्रदान कर रहा है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को संसद को दी गई। रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहरी-ग्रामीण डिजिटल अंतर को समाप्त करना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया, "भारतीय रेलवे के लगभग सभी रेलवे स्टेशनों पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा 4जी/5जी कवरेज प्रदान किया जा रहा है। इन नेटवर्क का उपयोग यात्री डेटा कनेक्टिविटी के लिए भी कर रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर अनुभव मिल रहा है। इसके अलावा, रेलवे द्वारा 6,115 स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवाएं भी प्रदान की गई हैं।"

इन स्टेशनों पर यात्री मुफ्त वाई-फाई के माध्यम से एचडी वीडियो देख सकते हैं, मनोरंजन सामग्री डाउनलोड कर सकते हैं और ऑफिस वर्क कर सकते हैं। वाई-फाई सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को अपने स्मार्टफोन पर वाई-फाई मोड चालू करना होगा और 'रेलवायर' वाई-फाई से कनेक्ट करना होगा। उन्हें एसएमएस ओटीपी के लिए अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा और इसके बाद यात्री की डिवाइस में वाई-फाई कनेक्टिविटी आ जाएगी। रेलवे की ओर से वाई-फाई की सुविधा नई दिल्ली, मुंबई सेंट्रल, चेन्नई सेंट्रल, पुणे, कोलकाता, अहमदाबाद, हैदराबाद जैसे सभी प्रमुख स्टेशनों के साथ कई टियर 2 और टियर 3 शहर में मौजूद स्टेशनों पर भी दी जा रही है। इसमें सूरत, वडोदरा, राजकोट, मेरठ, भोपाल आदि जैसे टियर 2 शहरों के साथ-साथ रोहतक और कटक जैसे टियर 3 शहर भी शामिल हैं। भारतीय रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई रेल मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम रेलटेल द्वारा अपने 'रेलवायर' ब्रांड के माध्यम से प्रदान किया जाता है।

## भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा में सरकार अभी भी शामिल : जितिन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद में मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार, सरकार अभी भी वाशिंगटन के साथ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर चर्चा में शामिल है, जिसका उद्देश्य टैरिफ स्थिरता और दीर्घकालिक व्यापार पूर्वानुमान के माध्यम से व्यापार और निवेश का विस्तार करना है। भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 7 अगस्त से 25 प्रतिशत की दर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है। अनुमान है कि अमेरिका को भारत के कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत इस रेसिप्रोकल टैरिफ के अधीन है। इसके अलावा, वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 27 अगस्त, 2025 से भारत से निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की एडिशनल शुल्क दर लागू की गई है। उन्होंने आगे कहा, "अभी तक अमेरिका को भारतीय निर्यात पर फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया है।" राज्य मंत्री के अनुसार, उत्पाद विभेदीकरण, मांग, गुणवत्ता और कॉन्ट्रैक्चुअल अरेंजमेंट जैसे विभिन्न कारकों का संयोजन, कपड़ा क्षेत्र सहित भारत के निर्यात पर रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव को निर्धारित करेगा। राज्य मंत्री ने जोर देकर कहा, "सरकार अमेरिका द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव के आकलन पर प्रतिक्रिया लेने के लिए निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है।

## भारत में थोक महंगाई दर जुलाई में दो वर्ष के निचले स्तर पर पहुंचने का अनुमान : यूनियन बैंक

● **जुलाई में थोक महंगाई दर कम होकर सालाना आधार पर -0.45 प्रतिशत हो सकती है**

● **भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी अगस्त मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बनाए रखा था**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत में थोक महंगाई दर जुलाई में घटकर दो वर्ष के निचले स्तर पर पहुंच सकती है। इसकी वजह खाद्य और ईंधन की कीमतों में गिरावट आना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि जुलाई में थोक महंगाई दर कम होकर सालाना आधार पर -0.45 प्रतिशत हो सकती है। जून में यह -0.13 प्रतिशत थी। अगर जुलाई में थोक महंगाई का प्रिंट इस स्तर पर आता है, जो यह अगस्त 2023 के बाद सबसे निचला स्तर होगा।

रिपोर्ट में कहा गया, "जुलाई 2025 में थोक महंगाई दर -0.45 प्रतिशत के साथ दो साल के निचले स्तर पर रहने का अनुमान है।" रिपोर्ट में बताया गया कि थोक महंगाई दर, खुदरा महंगाई के ट्रेंड को भी दिखाती है, क्योंकि समीक्षा अवधि के दौरान खाद्य उत्पादों की कीमतों में सालाना आधार पर गिरावट दर्ज की गई। मुख्य थोक महंगाई दर, जिसमें खाद्य वस्तुओं और ईंधन को शामिल नहीं किया जाता है, जुलाई में 1.50 प्रतिशत रह सकती है, जो कि जून के 1.06 प्रतिशत से ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई में खाद्य महंगाई दर कम होकर -1.72 प्रतिशत रह सकती है, जो कि जून में -0.26 प्रतिशत थी। जुलाई में ईंधन में महंगाई -4.90 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो कि जून में -4.23 प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि वैश्विक बाजार में महंगाई का जोखिम बना हुआ है, लेकिन आने वाले महीनों में थोक महंगाई के रुझान को निर्धारित करने में घरेलू परिस्थितियां महत्वपूर्ण होंगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी अगस्त मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बनाए रखा था।

इसके साथ खुदरा महंगाई के अनुमान को घटा दिया था।

केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 26 के लिए अपने महंगाई के अनुमान को घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया, जबकि जून में खुदरा महंगाई दर 2.1 प्रतिशत रही थी।